| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 39.8 | 32.6 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 29.7 |
| डालटनगंज | 42.8 | 29.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, गुरुवार 20 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 72

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





* *

▪ वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान का किया उल्लंघन, वन विभाग को प्लान ही जमा नहीं किया ▪ धूल-कण, नाइट्रिक ऑक्साइड और सोडियम डायऑक्साइड से प्रदूषित हो रहा इलाका

# नरसिंह इस्पात सबसे ज्यादा प्रदूषित इंडस्ट्री, एलिफैंट कॉरिडोर पर भी कब्जा

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार एक तरफ इको सिस्टम बहाल करने में लगी है, वहीं दूसरी ओर राज्य में स्थापित उद्योग सिस्टम के नियमों का उल्लंघन करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नरसिंह इस्पात को सबसे अधिक प्रदूषित बताया है या यों कहें, सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलानेवाला उद्योग घोषित किया है. सरायकेला-खरसावां जिला के चौका में सबसे प्रदूषित उद्योग में शामिल नरसिंह इस्पात ने वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान के नियमों का उल्लंघन किया है. इस कंपनी ने अबतक वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान वन विभाग को नहीं सौंपा है. नियम यह है कि पर्यावरण स्वीकृति के साथ ही वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान सौंपा जाना अनिवार्य है.

**नरसिंह इस्पात का एलिफैंट कॉरिडोर पर कब्जा :** नरसिंह इस्पात ने एलिफैंट कॉरिडोर पर भी कब्जा जमा रखा है. एलिफैंट कॉरिडोर के लिए जीआइएस मैपिंग भी की गई है. इसके तहत राज्य के अंदर पूर्वी सिंहभूम, प सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका में कॉरिडोर विकसित करना है. वहीं अंतरराज्यीय कॉरिडोर ओडिशा-चाईबासा, ओडिशा- सारंडा, पूर्णिया-दलमा और सरायकेला-बंगाल में बनाया जाना है. लेकिन सरायकेला में कॉरिडोर पर नरसिंह इस्पात का कब्जा है.

### नरसिंह इस्पात पर कार्रवाई की तैयारी में बोर्ड

झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सरायकेला-खरसावां जिला के चौका में संचालित नरसिंह इस्पात को सबसे ज्यादा प्रदूषित कंपनी बताते हुए कहा कि इससे पूरे इलाके मेंतेजी से प्रदूषण फैल रहा है. कंपनी द्वारा प्रदूषण फैलाने के बावजूद कन्सेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) दिया गया है. अब बोर्ड ने नरसिंह इस्पात कंपनी पर सख्त कार्रवाई की तैयारी की है.



➲ पूर्णिया-दलमा, सरायकेला- बंगाल में विकसित होनेवाले इंटर स्टेट कॉरिडोर पर कब्जा

➲ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नरसिंह इस्पात को सबसे प्रदूषित इंडस्ट्री घोषित किया है

### कंपनी के आस-पास का इलाका प्रदूषण की चपेट में

नरसिंह इस्पात कंपनी के संचालन में चार मेगावाट बिजली की खपत होती है. कंपनी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन का पालन भी नहीं हो रहा है. गाइडलाइन के अनुसार, राख का डिस्पोजल सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया था. बोर्ड ने कहा था कि डिस्पोजल ऐश में होना चाहिए. इसका भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है. नरसिंह इस्पात से धूल-कण, नाइट्रिक ऑक्साइड और सोडियम डायऑक्साइड का मानक से अधिक फैलाव हो रहा है. कंपनी सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रही है.

### सरायकेला-खरसावां सहित चार जिलों की स्थिति गंभीर

प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, नरसिंह इस्पात की वजह से सरायकेला-खरसांवा की स्थिति काफी गंभीर है. इसका मुख्य कारण कंपनी से निकल रहे अवयवों को बताया है. यहा प्रदूषण का इंडेक्स 70 डेसीबल पार कर चुका है.

### ऐसे बढ़ रहा है प्रदूषण

- **कार्बन डायऑक्साइड :** 40 से 50 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक 80माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)
- **सल्फर डायऑक्साइड :** 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 80माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)
- **कार्बन मोनोऑक्साइड :** 1000 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 2000माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)
- **पार्टिकुलेट मैटर (धूलकण सहित अन्य धातु) :** 80-110 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने की बजट पूर्व चर्चा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 सरकार के पहले आम बजट की तैयारी को लेकर बुधवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की. बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कॉर्पोरेट मामलों के विभागों के सचिवों के साथ-साथ भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार मौजूद थे.

### बारामूला में मुठभेड़ दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू कश्मीर।** बारामूला में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने रविवार रात जिले के वाटरगाम इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था.

### धान का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5.35 प्रतिशत बढ़ा कर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया. एमएसपी वृद्धि की घोषणा करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 14 खरीफ (ग्रीष्मकालीन) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों को मंजूरी दी है.

चंपाई कैबिनेट की बैठक में कुल 33 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# झारखंड में जातिगत जनगणना



## कैबिनेट के फैसले

विशेष संवाददाता। रांची

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना होगी. झारखंड में इंडिया गठबंधन की अगुवाई वाले चंपाई सोरेन सरकार ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी है. यह जिम्मा कार्मिक, प्रशासनिक विभाग को दिया गया है. पहले यह तय नहीं हो पा रहा था कि जातिगत जनगणना कौन विभाग कराएगा? मगर सरकार ने इसकी जिम्मेवारी तय कर दी है. अब जातिगत गणना का रास्ता साफ हो गया है.

इससे जुड़े प्रस्ताव को बुधवार को चंपाई सोरेन सरकार ने मंजूरी प्रदान की. इसके अतिरिक्त चंपाई सोरेन सरकार ने झारखंड के विधायकों, विधानसभा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सचेतक और नेता विरोधी दल के वेतन एवं भत्ता में एक से डेढ़ लाख तक की वृद्धि किया है. इसी तरह मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्यमंत्री के वेतन व अन्य मदों में वृद्धि की गयी है. इससे जुड़े प्रस्ताव पर भी बुधवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी गयी है. कैबिनेट की बैठक में कुल 33 प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है.

## मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक, विस अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का वेतन बढ़ा

### मुख्यमंत्री और मंत्रियों का वेतन व अन्य भत्ता

| मद | वर्तमान राशि | प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|
| वेतन ( मुख्यमंत्री) | 80,000 रुपये प्रतिमाह | 1,00,000 रुपये प्रतिमाह |
| वेतन (मंत्री) | 65,000 रुपये प्रतिमाह | 85,000 रुपये प्रतिमाह |
| प्रभारी भत्ता (राज्य के अंदर) | 2,000 रुपये | 3,000 रुपये |
| प्रभारी भत्ता (राज्य के बाहर) | 2,500 रुपये | 4,000 रुपये |
| क्षेत्रीय भत्ता | 80,000 रुपये प्रतिमाह | 95,000 रुपये प्रतिमाह |
| सत्कार भत्ता ( मुख्यमंत्री) | 60,000 रुपये प्रतिमाह | 70,000 रुपये प्रतिमाह |
| सत्कार भत्ता ( मंत्री) | 45,000 रुपये प्रतिमाह | 55,000 रुपये प्रतिमाह |
| आवास लोन (4% वार्षिक ब्याज) | 40,00,000 रुपये | 60,00,000 रुपये |

### विधायकों का वेतन एवं भत्ता का लाभ इस तरह मिलेगा

| मद | वर्तमान राशि | प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|
| वेतन | 40,000 रुपये प्रतिमाह | 60,000 रुपये प्रतिमाह |
| क्षेत्रीय भत्ता | 65,000 रुपये प्रतिमाह | 80,000 रुपये प्रतिमाह |
| सत्कार भत्ता | 30,000 रुपये प्रतिमाह | 40,000 रुपये प्रतिमाह |
| दैनिक भत्ता (राज्य के अंदर) | 2,000 रुपये | 3,000 रुपये |
| दैनिक भत्ता (राज्य के बाहर) | 2,500 रुपये | 4,000 रुपये |
| निजी सहायक | 35,000 रुपये प्रतिमाह | 50,000 रुपये प्रतिमाह |
| अनुसेवक | 25,000 रुपये प्रतिमाह | 30,000 रुपये प्रतिमाह |
| कंप्यूटर, लैपटॉप व प्रिंटर | 70,000 रुपये | एक लाख रुपये |
| सवारी भत्ता | 3,000 रुपये प्रतिमाह | 5,000 रुपये प्रतिमाह |
| समाचार पत्र-पत्रिका | 2,000 रुपये प्रतिमाह | 3,000 रुपये प्रतिमाह |
| होम लोन (4% वार्षिक ब्याज) | 40,00,000 रुपये | 60,00,000 रुपये |
| पेंशन | 40,000 रुपये प्रतिमाह | 50,000 रुपये प्रतिमाह |
| पेंशन में वार्षिक वृद्धि | 4,000 रुपये प्रतिमाह | 5,000 रुपये प्रतिमाह |
| निजी परिसहाय - पूर्व विधायक को एक निजी परिसहाय के लिए 15,000 रुपये प्रतिमाह | | |

### सचेतक का वेतन व अन्य भत्ता

- **वेतन-** मुख्य सचेतक को 75,000 रुपये प्रतिमाह, उप सचेतक को 70,000 रुपये प्रतिमाह और सचेतक को 60,000 रुपये प्रतिमाह मिलेगा.
- **सत्कार भत्ता 55,000 रुपये, क्षेत्रीय भत्ता 65,000 रुपये, प्रभारी भत्ता 3,000 रुपये राज्य के अंदर और 4,000 रुपये राज्य के बाहर मिलेगा.**
- कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 रुपये तक और होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपये तक चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर मिलेगी.

### नेता विरोधी दल का वेतन व भत्ता

- **वेतन-** 85,000 रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता- 95,000 रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता- 55,000 रुपये प्रतिमाह
- होम लोन 60 लाख रुपये तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3,000 रुपये और राज्य के बाहर 4,000 रुपये प्रतिदिन मिलेगा.

### विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वेतन और भत्ता

- **वेतन-** अध्यक्ष को 98,000 रुपये प्रतिमाह, उपाध्यक्ष को 75,000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन- 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 60 लाख रुपये तक मिलेगा.
- **प्रभारी भत्ता-** 3,000 रुपये राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4,000 रुपये प्रतिदिन मिलेगा.
- **क्षेत्रीय भत्ता-** 80,000 रुपये और सत्कार भत्ता अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को क्रमशः 70,000 रुपये और 55,000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा.

### झारखंड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी का होगा गठन

राज्य की चंपाई सोरेन सरकार ने झारखंड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी के गठन की मंजूरी प्रदान कर दी है. इसक गठन कल्याण विभाग के तहत होगा. जबकि क्षेत्रीय भाषा एवं साहित्य अकादमी का गठन कला-संस्कृति विभाग द्वारा किया जाएगा. इससे जुड़े प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान गयी.

नालंदा विवि के नए परिसर का उद्घाटन

# आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं



नालंदा विवि के नए परिसर का उद्घाटन करते पीएम मोदी व मौजूद अन्य.

एजेंसी। राजगीर

केंद्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है. हमारा मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने. उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजगीर में कही. वे यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करने आए थे. उन्होंने छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया.

प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन करने के बाद नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि नालंदा उस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं. कहा- नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था. अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है. कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र वी आर्लेकर सहित कई गणमान्य थे.

### बोले पीएम

- **आधुनिक व अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही सरकार**
- नालंदा विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना से हो रही भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत

### पीएम बताएं- बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य से संबंधित कुछ विषयों को लेकर उन पर निशान साधा. पार्टी नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री से सवाल किया कि प्रधानमंत्री के वादे के अनुरूप बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया? 2014 में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे, तब उन्होंने कई बार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था. 10 साल तक केंद्र में शासन करने के बाद भी सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने में क्यों नाकाम रही?


**मौसम** अगले तीन से चार दिनों में झारखंड समेत अन्य कई राज्यों में पहुंचेगा मॉनसून

# देश भर में जून महीने में औसत से 20% कम बारिश

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत में एक जून से मॉनसून अवधि की शुरुआत के बाद से 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में मॉनसून आने की स्थिति बन रही हैं.

**19 मई को निकोबार द्वीप समूह पहुंचा था मॉनसून :** मौसम विभाग के अनुसार, भारत में एक से 18 जून के बीच 64.5 मिमी बारिश हुई, जो लंबी अवधि के 80.6 मिमी के औसत से 20 प्रतिशत कम है. एक जून से अब तक




उत्तर-पश्चिम भारत में 10.2 मिमी बारिश (सामान्य से 70 प्रतिशत कम), मध्य भारत में 50.5 मिमी (सामान्य से 31 प्रतिशत कम), दक्षिण प्रायद्वीप में 106.6 मिमी (सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक) तथा पूर्व एवं उत्तर-पूर्व भारत में 146.7 मिमी (सामान्य से 15 प्रतिशत कम) बारिश हुई. दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई को निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में पहुंच गया था. इसके बाद 26 मई को चक्रवात रेमल के साथ ही मॉनसून दक्षिण के अधिकांश हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के मध्य के कुछ हिस्सों तक पहुंचा था.

**25 मौसम उप प्रभागों में औसत से काफी कम बारिश :** आईएमडी ने बताया कि देश के 11 मौसम उप प्रभागों में एक से 18 जून के बीच सामान्य से लेकर बहुत अधिक बारिश हुई है, जबकि 25 उप प्रभागों में बहुत कम बारिश हुई. केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सभी हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के अधिकतर क्षेत्रों, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा के कुछ भागों, पश्चिम बंगाल, सिक्किम व सभी पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश हिस्सों में 12 जून तक मॉनसून दस्तक दे चुका था. यहां के बाद मॉनसून आगे नहीं बढ़ा.

केंद्र की एनडीए सरकार को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का दावा

# थोड़ी सी भी गड़बड़ी से गिर सकती है सरकार

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्तारूढ़ एनडीए की संख्या बहुत नाजुक स्थिति में हैं और छोटी सी गड़बड़ी से सरकार गिर सकती है. उन्होंने यह भी दावा किया कि एनडीए के कुछ साझेदार हमारे संपर्क में हैं, लेकिन उन्होंने कोई नाम नहीं बताया. हालांकि, यह जरूर कहा कि मोदी खेमे के भीतर बड़ा असंतुलन है. लोकसभा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि भारतीय राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है.

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि मोदी के विचार और छवि नष्ट हो गई है. उन्होंने तर्क दिया कि मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी एनडीए सरकार संघर्ष करेगी. क्योंकि 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी के लिए जो काम आया, वह काम नहीं कर रहा है.



अपने 54वें जन्मदिन पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को केक खिलाते राहुल गांधी.

नतीजों के बारे में राहुल गांधी ने कहा कि यह विचार है कि आप नफरत फैला सकते हैं, आप गुस्सा फैला सकते हैं और आप लाभ उठा सकते हैं. लेकिन नता ने इस चुनाव में इसे खारिज कर दिया है. जिस पार्टी ने पिछले 10 साल अयोध्या के बारे में बात करते हुए बिताए, उसका अयोध्या में सफाया हो गया है. वास्तव में भाजपा की मूल संरचना धार्मिक नफरत पैदा करने का विचार है, जो कि ढह गया है.

### राजधानी रांची स्थित कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, काटा केक, कार्यकर्ताओं के बीच बांटी गईं मिठाइयां, नेताओं ने कहा-

# राहुल गांधी को बताया देश का मजबूत भविष्य, युवाओं के लिए रोल मॉडल बनकर उभरे

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

कांग्रेस भवन में बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया. इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की. साथ ही उन्हें देश का मजबूत भविष्य बताया. कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल और पथ प्रदर्शक हैं. राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं. भारत की समस्याओं को समझने के लिए भारत की यात्रा की तब जाकर जनता के मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए सर्वकालिक खाकर तैयार किया. राहुल गांधी ने देश की जिन बुनियादी समस्याओं के लिए संघर्ष किया उसे जनता को समझाने में सफल रहे.

उन्होंने ना सिर्फ दलित, आदिवासी, किसान, महिला, छात्र, युवा सामान्य वर्ग के लिए आवाज उठायी बल्कि युवा उद्यमी और स्वरोजगार करने वालों की भूमिका देश के सर्वांगीण विकास में कैसे हो सकता है यह भी जनता के सामने रखा. वक्ताओं ने कहा कि देश के बुनियादी ढांचा को बचाए रखना और सामाजिक समरसता को बचाए रखने के लिए राहुल गांधी जैसै सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है.



कांग्रेस भवन में केक काटते प्रवक्ता राकेश सिन्हा, जगदीश साहू व अन्य.

## सीएम चंपाई ने राहुल गांधी को जन्मदिन की दी बधाई, कल्पना ने लिखा खास मैसेज

**विशेष संवाददाता। रांची**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 54वें जन्मदिन पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने राहुल गांधी को बधाई दी. चंपाई ने एक्स पर लिखा कि युवा भारत की सशक्त आवाज, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.

### कल्पना सोरेन ने हेमंत के एक्स हैंडल से राहुल गांधी को दी शुभकामनाएं



कल्पना सोरेन ने अपने पति और पूर्व सीएम हेमंल सोरेन के एक्स हैंडल पर लिखा कि साल के इस खास दिन पर मैं राहुल गांधी जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं. एक प्रगतिशील नेतृत्वकर्ता के रूप में, वे हमेशा एकता, सहिष्णुता और विविधता में एकजुटता को बढ़ावा देने की राह पर चले हैं. उनकी सेवा भावना और जनता के प्रति समर्पण सराहनीय है. मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे देश और समाज की प्रगति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान सदैव देते रहेंगे. एक बार पुन जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी की तारीफों के पुल बांधे



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अक्ष्यक्ष राजेश ठाकुर ने लिखा कि देश के युवाओं, शोषितों, पीड़ितों, गरीबों, किसानों की बुलंद आवाज़, कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक न्याय व सद्भावना की यात्रा के अथक पथिक, सत्यमेव जयते के सिद्धांत को लेकर हर अन्याय के विरुद्ध लड़ने वाले, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले युवा दिलों की धड़कन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं.

## ब्रीफ खबरें

### नीट परीक्षा प्रकरण पर कांग्रेस का प्रदर्शन 21 को


**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि नीट-2024 परीक्षा में हुई अनियमितताएं गंभीर चिंता का विषय है. 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है. इस पर प्रधानमंत्री की चुप्पी और भी घातक साबित हो रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि परीक्षा में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार तथा एनडीए सरकार की निष्क्रियता एवं चुप्पी के खिलाफ 21 जून को सुबह 10 बजे से शहीद चौक से राजभवन तक राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन गया है. कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पेपर लीक पर सख्त कानून बनाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने का वादा किया था.

### एक से बदल जाएगा कोर्ट में कामकाज का समय

**रांची।** एक जुलाई से राज्यभर के जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जाएगा. फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही है. लेकिन यह व्यवस्था एक जुलाई से बदल जाएगी. रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी, लेकिन अब झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है. डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के 4:30 बजे तक निर्धारित किया गया है. करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चल रही है.

### बत्रा की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि दो साल बढ़ी

**रांची।** झारखंड कैडर के वर्ष 1997 बैच के आईपीएस



अधिकारी आशीष बत्रा की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि दो साल और बढ़ गयी है. बत्रा सितंबर 2019 में पांच साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये थे. उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि सितंबर 2024 में समाप्त हो रही थी. इससे पहले आईपीएस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया गया. आशीष बत्रा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आईजी के पद पर कार्यरत हैं.

### नशे पर नियंत्रण से ही बनेगा बेहतर समाज और बेहतर राज्य : चंपाई सोरेन

# राज्य को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी. सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के क्रम में यह संकल्प दोहराया. इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली.

**झारखंड राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है. इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी. लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है. मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार -प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे.



### बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है. शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा. जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा. हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे. अगर अगर हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है.

### नशे से समाज में फैल रही कई विकृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है. इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है. परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती है. आपसी संबंधों में दरार आने लगता है. समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है. सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है. शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है. यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है. ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा.

**खास बातें**

- सभी की भागीदारी से ही नशे पर होगा नियंत्रण
- नशा को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में रोका जाए

### जागरूकता रथ किए गए रवाना

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए है. विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ निकाले जा रहे हैं. ये सभी जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे. . इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जीगा सुसारण होरो, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

# जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 22 से

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून होगी. यह परीक्षा 342 पदों के लिए ली जा रही है. आयोग के बेवसाइट पर अभ्यर्थी एडमिड कार्ड डाउलोड कर सकते हैं. जिन अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड अब तक डाउनलोड नहीं हुआ है, वैसे अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. ये नंबर 8956622450, 9431301636, 9431301419 है. जिन पर छात्र संपर्क कर सकते हैं. एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होने पर अभ्यर्थी 21 जून तक आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि व पंजीयन संख्या के साथ आवेदन देकर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं.

**दो पालियों में होगी परीक्षा :** जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून से 24 जून तक होगी. बताते चलें कि 11वीं, 12वीं तथा 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा एक साथ ली जा रही है परीक्षा दो पालियों में होगी. आयोग ने लगभग सात हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची जिला में 15 परीक्षा केंद्र बनाये हैं. परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने एडमिट कार्ड जारी कर दिया है. 22 जून को प्रथम पाली में प्रथम पत्र व द्वितीय पाली में द्वितीय पत्र. 23 जून को प्रथम पाली में तृतीय पत्र व द्वितीय पाली में चतुर्थ पत्र. 24 जून को प्रथम पाली में पांचवें पत्र और द्वितीय पाली में छठे पत्र की परीक्षा लेगी. प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी.

**खास बातें**


- 342 पदों के लिए ली जा रही है सिविल सेवा की परीक्षा
- जेपीएससी ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

### नेता प्रतिपक्ष कल करेंगे गोपीनाथपुर का दौरा

- विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, नारायण दास, रणधीर सिंह भी होंगे साथ

**रांची।** 17 जून के पाकुड़ के गोपीनाथपुर गांव में बकरीद के अवसर पर प्रतिबंधित मांस काटे जाने को मामले में दो समुदायों के बीच तीखी झड़प हुई थी. इस मसले के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, नारायण दास, रणधीर सिंह 20 जून को गोपीनाथपुर गांव का दौरा करने का निर्णय लिया है. बताते चलें कि पश्चिम बंगाल के गांव से सैकड़ों की संख्या में असामाजिक तत्वों ने गोपीनाथपुर गांव पर हमला कर पत्थरबाजी और बमबाजी सहित आगजनी की घटना को अंजाम दिया था. गोपीनाथपुर झारखंड व प. बंगाल की सीमा पर है.

# सीएम चंपाई सोरेन से मिले मेजर जेनरल परमवीर सिंह



सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात के दौरान मेजर जनरल परमवीर सिंह.

**संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार प्रोजेक्ट भवन में मेजर जेनरल परमवीर सिंह डागर ( जीओसी, 23 इन्फेंट्री डिवीज़न, दीपाटोली) ने शिष्टाचार मुलाकात की. जेनरल डागर विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजे जा चुके हैं. इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज शर्मा मौजूद थे.

# आवास बोर्ड की बैठक में 34 एजेंडों पर चर्चा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में आवास बोर्ड 73वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को हुई. इसमें कुल 34 एजेंडों पर चर्चा हुई. हरमू, अरगोड़ा व बरियातू में बोर्ड द्वारा निर्मित दुकानों व सामुदायिक भवन का ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन पर मंथन किया गया. झारखंड आवास बोर्ड के विभिन्न प्रमंडल अंतर्गत शेष बचे आवंटित व नव निर्मित आवास इकाई मकान व फ्लैटों और नव विकसित किये गए भूखंडों का ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन पर चर्चा की गयी.

**प्रीमियम की नवीकरण राशि के भुगतान की स्वीकृति पर चर्चा :** राज्य सरकार के कर्मियों को देय महंगाई भत्ता की दर 4% की दर से अभिवृद्धि की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई. साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम जमशेदपुर के सहयोग से बोर्ड के कर्मियों के लिए लागू सामूहिक उपादान योजना के तहत पॉलिसी का वार्षिक प्रीमियम नवीकरण की राशि के भुगतान की स्वीकृति पर चर्चा की गई. हरमू और अरगोड़ा में निर्मित कई जी प्लस टू आवासीय कॉम्प्लेक्स के ऊपर अतिरिक्त दो तल का निर्माण कार्य करने पर भी मंथन किया गया. बैठक में आवास बोर्ड के सचिव विनय मनीष लकड़ा, आवास बोर्ड के मनोनीत सदस्य पवन महतो,गुलाम अहमद, नितिन अग्रवाल, अभिलाष साहू उपस्थित थे.



बैठक में विचार-विमर्श करते आवास बोर्ड के पदाधिकारी.

**खास बातें**

- झारखंड राज्य आवास बोर्ड की बैठक में कई फैसले
- हरमू, अरगोड़ा व बरियातू में ई नीलामी से होगा आवंटन

### कोर्ट की खबर : पूर्व सीएम के सहयोगी आर्किटेक्ट के मामले में जवाब देने के लिए ईडी ने मांगा समय

# विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर 8 जुलाई को सुनवाई

### लैंड स्कैम केस

**संवाददाता। रांची**

लैंड स्कैम केस के आरोपी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर अब आठ जुलाई को सुनवाई होगी. बुधवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है. विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. दरअसल ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं. पीएमएलए कोर्ट द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद अब आर्किटेक्ट विनोद सिंह और राजकुमार पाहन ऊपर गिरफ़्तारी की तलवार लटकने लगी है. क्योंकि अदालत ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह और राजकुमार पाहन के विरुद्ध समन जारी कर दिया है. बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड स्कैम से जुड़े मामले में सात घंटे से ज्यादा देर तक हुई पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था.

### साहिबगंज में गंगा फेरी के टेंडर पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी के लिए निकाले गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल साहिबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि साहेबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रही है.

### विक्षिप्त से रेप के आरोपी को मिली 10 साल सश्रम कारावास की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने सानिप लकड़ा को विक्षिप्त पीड़िता से रेप के जुर्म में दोषी करार दिया. साथ ही 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार जुर्माना लगाया गया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषी को अतिरिक्त 10 महीने की सश्रम करावास होगी. अभियुक्त जब भी पीड़िता (सूचक की बेटी) को अकेला पाता था, उसके साथ जबरदस्ती यौन संबंध बनाता था. पीड़िता मानसिक रूप से विक्षिप्त थी, जिसका लाभ उठाकर अभियुक्त ने जबरन उसके साथ यौन संबंध स्थापित किया था, जिससे वह गर्भवती हो गई. जब इसकी जानकारी मिली. सूचक और परिवार के अन्य सदस्यों लगी, तब पीड़िता ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया.

### गुड न्यूज | नगर विकास और आवास विभाग की पहल

# पीजीएमएस से शिकायतों का झटपट समाधान

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य के सभी नगर निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) में नगर विकास व आवास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) संचालित है. लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली का संचालन नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कॉल सेंटर के माध्यम से किया जा रहा है. यह जन कल्याणकारी योजना राज्य के 49 नगर निकायों के साथ ही राज्य के क्षेत्रीय विकास प्राधिकारों में भी संचालित है.

नगर निकाय क्षेत्र में रहनेवाले लोग सड़क, नाली निर्माण, साफ-सफाई, जलापूर्ति, फॉगिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, फुटपाथ विक्रेताओं से संबंधित योजना, होल्डिंग, अवैध निर्माण व नक्शा, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, स्ट्रीट लाईट लगाने एवं उसकी मरम्मत से संबंधित समस्या एवं सुझाव दर्ज करा सकते हैं.

विदित हो कि नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पब्लिक ग्रिवान्स मैनेजमेंट सिस्टम) दिसंबर 2016 से संचालित है. योजना प्रारंभ होने से लेकर अब तक पीजीएमएस पोर्टल के माध्यम से कुल 83,169 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 82,050 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है. लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) की सफलता की दर 98 प्रतिशत है.




- टॉल फ्री नंबर- 1800-120-2929, व्हाट्सअप/एसएमएस - 7633928444 के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं शिकायत
- वेबसाइट- pgms. dmajharkhand .in, ईमेल- info<bha> @ </bha> dmajharkhand.in से भी शिकायतें दर्ज होती हैं
- झारखंड सरकार की इस व्यवस्था से आम लोगों को मिल रहा लाभ
- लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) की सफलता दर 98 प्रतिशत

# कायनाइट खदान की माइनिंग प्लान के लिए प्रीबिड कांफ्रेंस कल

- झारखंड में लगभग छह मिलियन टन कायनाइट उपलब्ध है

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में जल्द ही कायनाइट खदान से खनन का काम शुरू किया जाएगा. इसके लिए जेएसएमडीसी ने माइनिंग प्लान के लिए एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है. इसके लिए 21 जून को प्रीबिड कांफ्रेंस होगी. इच्छुक एजेंसी दो जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं. जेएसएमडीसी के अनुसार बहरागोडा (पूर्वी सिंहभूम) के ज्योति पहाड़ी में स्थित कायनाइट खदान के लिए यह माइनिंग प्लान तैयार किया जाएगा.

**सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और रांची में है कायनाइट की खदान :** झारखंड में सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में कायनाइट की खदान है. प्रदेश में कुल छह मिलियन टन कायनाइट उपलब्ध है. कायनाइट का उपयोग आग रोधी उत्पादों को बनाने के साथ फर्नीचर और ईंटों के निर्माण में भी होता है. साथ ही रेलमार्ग और ऑटोमोटिव उद्योगों के लिए भी किया जाता है.



**खास बातें**

- खदान के लिए माइनिंग प्लान तैयार किया जाएगा
- प्लान तैयार करने के लिए एजेंसी की तलाश शुरू की

क्लासिफाइड










# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 20 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 72 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## राजधानी में झमाझम बारिश बदला मौसम का मिजाज
## गर्मी से मिली राहत

**विशेष संवाददाता/ रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड में बुधवार शाम झमाझम बारिश हुई. मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली. मौसम विभाग के अनुसार, 20 जून को संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है. विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले दो-तीन दिनों में संथाल के रास्ते मानसून झारखंड में दाखिल हो सकता है.

**25 जून तक राज्य भर में बारिश के आसार :** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार झारखंड में मानसून के प्रवेश के संकेत मिलने लगे हैं. कई हिस्सों में काले बादल छा गये हैं और प्री मानसून बारिश भी शुरू हो गयी है. इस वजह से राज्य के आधे से अधिक जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है. राजधानी में बुधवार को दो मिमी तक बारिश हुई. मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि 25 जून तक राज्य के करीब-करीब सभी जिलों में बारिश होगी.

### मौसम बदलने से राहत, पावर कट ने बढ़ाई समस्या

मौसम का मिजाज बदलने और 40-50 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने से शहर की बिजली गुल हो गई. बुधवार शाम तेज आंधी के कारण चुटिया स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर समीप 33 केवी लाइन में पेड़ गिर गया. इससे चुटिया आसपास के दर्जनों मोहल्लों में देर शाम तक करीब पांच घंटे बिजली गुल रही. शाम करीब चार बजे से रात 8.30 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही. रात होने के कारण मरम्मत कार्य में बिजली कर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी. बिजली नहीं रहने से चुटिया, अयोध्यापुरी, शिवपुरी, लाल सिरम टोली, चुटिया थाना पास, स्वर्णरेखा नगर, बेलबगान, कृष्णापुरी, कतारीबगान सहित आसपास के कई मोहल्ले पूरी तरह प्रभावित रहे.

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षा मंत्रालय ने रद्द की यूजीसी-नेट परीक्षा

**रांची/नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया. मामले की गहन जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है. अधिकारियों ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है, इसलिए इसे रद्द करने का मंत्रालय ने फैसला लिया है. परंपरा से हटकर, नेट एक ही दिन 18 जून को पेन और पेपर मोड में आयोजित की गई थी, जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था. अब यह परीक्षा पुनः नये सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए नयी तिथि की घोषणा की जाएगी.

### डीएसपी रैंक के चार पदाधिकारियों का तबादला

**रांची।** सरकार ने चार डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है. इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा बुधवार की रात जारी कर दी गई है. समीर कुमार सवैया को डीएसपी लोहरदगा, अनिमेष कुमार गुप्ता को डीएसपी मुख्यालय बोकारो, मुजीबुर रहमान को डीएसपी स्पेशल ब्रांच, रांची और बेनेडिक्ट मरांडी को डीएसपी, आईआरबी 9, गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है. वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है और उनका पदस्थापन कहीं नहीं हुआ है, उन्हें झारखंड पुलिस मुख्यालय में योगदान देना है.

### जेएसएससी से हाईकोर्ट ने मांगी मेरिट लिस्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने जेएसएससी को राज्य स्तर पर तैयार की गयी मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. इस मामले में अगली सुनवाई एक अगस्त को होगी. बुधवार की सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से कहा गया कि राज्य स्तर पर तैयार मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है. अगर कोर्ट इसका अवलोकन करना चाहता है, तो आयोग की ओर से सीलबंद लिफाफे में मेरिट लिस्ट कोर्ट को दी जा सकती है. लेकिन अदालत ने आयोग के आग्रह को अस्वीकार कर दिया.

# हाईकोर्ट ने पूछा- बड़ा तालाब व अन्य जलस्रोत कैसे रहेंगे स्वच्छ

- बड़ा तालाब की साफ सफाई में अब हुए खर्च का ब्योरा निगम ने हाईकोर्ट में पेश किया
- आज भी जारी रहेगी सुनवाई, पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के आयुक्त को उपस्थित होने का निर्देश




**संवाददाता। रांची**

रांची के जलस्रोतों के संरक्षण और तीन डैम की साफ-सफाई व अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई. मंगलवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को बड़ा तालाब की साफ सफाई में अब हुए खर्च का ब्योरा कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था. इसके आलोक में अदालत में निगम ने रिपोर्ट पेश की, जिसपर कोर्ट ने पूछा कि लंबे समय के लिए बड़ा तालाब और अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की क्या योजना है. वहीं अदालत ने गुरुवार को होने वाली सुनवाई में पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के आयुक्त को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. इस संबंध में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है. सिविल सोसाइटी की ओर से हाईकोर्ट की अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने पक्ष रखा.

**लांग टर्म के लिए क्या है प्लान ?**

## 40 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च फिर भी गंदा है बड़ा तालाब


जितना ज्यादा खर्च, उतना ही गंदा होता गया बड़ा तालाब

14 जून 2024 को दैनिक शुभम संदेश में प्रकाशित खबर.

**आकर्ष अनिकेत। रांची**

शहर के ऐतिहासिक बड़ा तालाब को साफ और सुंदर बनाने के लिए 40 करोड़ से ज्यादा खर्च किये जा चुके हैं, लेकिन न तो तालाब साफ हुआ और न सुंदर ही बन सका. तालाब में गंदा पानी प्रवेश कर रहा है. दुर्गंध से आसपास के लोगों को सांस लेने में आफत हो रही है. राहगीर परेशान हैं, सो अलग. बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण पर पर्यटन विभाग और नगर निगम ने 40 करोड़ से ज्यादा खर्च कर दिए, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ. तालाब को सुंदर और साफ बनाने के लिए जितना ज्यादा खर्च हुआ, उतना ही गंदा होता गया. काई-गाद, गंदा पानी, कचरे के कारण तालाब से उठती सड़ांध की बू से आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है.

**8.20 करोड़ की लागत से बना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी फेल :** तालाब को साफ रखने के लिए 8.20 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया गया है. लेकिन प्लांट सुचारू रूप से काम भी नहीं कर रहा है. प्लांट के एक हिस्से में नाले के गंदे पानी से प्लास्टिक सहित अन्य कचरों को छांट कर काला पानी ऐसे ही तालाब में छोड़ दिया जा रहा है. नतीजतन, नाले का गंदा पानी अभी भी तालाब में जा रहा है, जिसकी वजह से पानी बदबूदार हो गया है. बड़ा तालाब के एक हिस्से में पानी के उपर हरे काई की मोटी परत जमा है, तो दूसरे हिस्से से गंदा पानी तालाब में बह रहा है. दुर्गंध ऐसी कि लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है. उधर से गजुरिए, तो कै होना तय. वर्तमान स्थिति ऐसी है कि तालाब में गंदगी के चलते आस-पास के इलाके में दुर्गंध फैल रही है.

**एंफीबियस एक्सकेवेटर मशीन से हुई सफाई, पर काम न आई :** कुछ महीने पहले ही तालाब की सफाई की गयी थी. सफाई के लिए निगम ने 3.15 करोड़ की लागत वाले एंफीबियस एक्सकेवेटर मशीन का इस्तेमाल किया था. छह महीने तक तालाब की सफाई की गयी थी. इस दौरान दौरान तालाब से 8000 टन सिल्ट निकाला गया था. लेकिन उसे तालाब के किनारे ही छोड़ दिया गया. फिर सारा कचरा तालाब में ही चला गया. तालाब के बड़े हिस्से में हरी काई की मोटी परत जमा है, जिसकी वजह से सड़ांध की बू से लोग परेशान हो रहे हैं.

### 15 करोड़ की लागत से हुआ था तालाब का सौंदर्यीकरण

वर्ष 2016 में तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे. इसके तहत बड़ा तालाब को पर्यटन स्थल बनाना था. इस दौरान तालाब में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगायी गयी थी. साथ ही पार्क का भी निर्माण किया गया था. हालांकि करोड़ों रुपये फूंकने के बाद भी तालाब की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. सौंदर्यीकरण के नाम पर जितना पैसा खर्च हुआ, उतना ही तालाब गंदा होता गया और पानी सड़ता गया.

## 99 करोड़ खर्च कर हरमू नदी को कूड़े-कचरे का नाला बना दिया

**कौशल आनंद । रांची**

जलाशयों और जल स्रोतों को बचाने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद वर्ष 2015 में हरमू नदी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और नगर विकास मंत्री सीपी सिंह ने किया था. हरमू नदीं को संवराने के लिए नगर विकास विभाग के अफसरों ने पहले 85 करोड़ का बजट तैयार किया, जिसे बाद में बढ़ा कर 99 करोड़ कर दिया गया. लेकिन 99 करोड़ खर्च कर नदी को नाला में तब्दील कर दिया. नाले का पानी काला हो गया है और उसमें कूड़े कचरे का अंबार भरा है. नदी देखने से ही नाला की तरह नजर आता है.

**हरमू नदी के सौंदर्यीकरण के बड़े-बड़े दावे :** हरमू नदी की लंबाई लगभग 16.5 किलोमीटर है., जिसमें शहरी क्षेत्र में 10.5 किमी लंबी है नदी. दावा किया गया कि नदी के दोनों तरफ गैबियन वाल बनाया गया. नदी क्षेत्र की चौड़ाई 90 से 100 फुट है. इसमें सीवरेज, स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज भी बनाया गया. नदी के उपर पांच एलिवेटेड पाथ वे बना है. इससे होकर दोनों तरफ के लोग नदी पार कर सकते हैं. नदी के दोनों किनारे 21 किमी स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज बनाया गया है . दावा किया गया कि बारिश का पानी ड्रेनेज से होते हुए नदी में जाएगा. नदी के दोनों किनारे 15 किमी पाथ वे बना कर पेवर ब्लॉक लगाया गया है . इससे मॉर्निंग वॉकर को सुविधा होगी. लेकिन जितने काम कराए गए, सभी कबाड़ हो गए.

**बहाव क्षेत्र सूखा, कुछ स्थानों पर जमा है गंदा पानी :** नदी का 10 फुट चौड़ा बहाव क्षेत्र अधिकतर स्थानों पर सूख चुका है. कुछ स्थानों पर गंदा पानी जमा है. नदी किनारे के अधिकतर घरों के सेप्टिक टैंक का पाइप भी नदी में जोड़ दिया गया है. इस वजह से अब नदी तो नाले में पूरी तरह से तब्दील हो गयी है. शहर में नदी की शुरूआत करम चौक से हुई है, लेकिन यहां मिट्टी डाल कर नदी को बांध दिया गया.

**नदी में खुलेआम 80 नालियों का गंदा पानी गिर रहा है :** विद्यानगर, कडरू, रिसालदार नगर, कुसई बिजली ऑफिस के पीछे नदी के बहाव क्षेत्र में लगाए गए गेबियन जगह-जगह उखड़ गए हैं. नदी में खुलेआम करीब 80 नालियों का गंदा पानी गिर रहा है. मात्र छह बड़े नाले का गंदा पानी सीवर लाइन से एसटीपी में जा रहा है.


हरमू नदी नाला

99 करोड़ का कचरा


15 जुलाई 2022 को दैनिक शुभम संदेश में प्रकाशित खबर.

### ... और ये है हकीकत

अफसरों ने हमारे-आपके टैक्स के 99 करोड़ रुपये हरमू नाले में बहा दिया. अब हालत यह है कि रसूखदार नदी की जमीन बेच कर मालामाल हो रहे हैं और जिम्मेवार चुप्पी साधे हुए हैं. तत्कालीन नगर विकास मंत्री ने पांच बार निरीक्षण किया, लेकिन हरमू नदी मर गयी और नाला जीवित हो गया. ठेकेदार को भुगतान करने के बाद कभी मॉनिटरिंग हुई ही नहीं. शहरी क्षेत्र में करम चौक पर नदी के उद्गम स्थल पर पहले तो नदी की धार ही बंद कर दी गई. इसके बाद नदी के दोनों तरफ की जमीन बेच दी गयी. किसी ने रोकटोक भी नहीं की.

## अमन साहू के ठिकाने पर छह घंटे तक चली एनआईए की रेड

- फॉर्च्यूनर, सीसीटीवी का डीवीआर व बैंक खातों के पेपर जब्त
- टेरर फंडिंग मामले में टीम ने बुढ़मू, बुकरू व हजारीबाग में दी दबिश





**संवाददाता। रांची**

झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के कई ठिकानों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छापेमारी की. एनआईए रांची ब्रांच के अफसरों ने छह घंटे तक अमन साहू के बुढ़मू स्थित पैतृक घर के साथ-साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर दबिया दी. छापेमारी खत्म होने के बाद एनआईए की टीम ने अमन साहू के घर से फॉर्च्यूनर गाड़ी, सीसीटीवी का डीवीआर, बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित अन्य दस्तावेज जब्त किया. सभी जब्त सामानों को टीम अपने साथ ले गयी. बताया जा रहा है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में छापेमारी की है.

**अलसुबह एक साथ कई ठिकानों पर दी गयी दबिश :** एनआईए की कई टीम ने सुबह करीब पांच बजे एक साथ अमन साहू के कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की. सभी लोगों के मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की थी. अमन साहू वर्तमान में पलामू जेल में बंद है. उस पर जेल से ही अपने गैंग को ऑपरेट करने समेत कई गंभीर आरोप हैं. यह भी आरोप है कि वह लेवी के लिए व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है.

### गैंग का सुनील मीणा पुलिस के बना है चुनौती

अमन साहू गैंग का सुनील मीणा की गिरफ्तारी झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालंपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा.

**भागलपुर से हुई थी अमन के गुर्गे शंकर की गिरफ्तारी :** लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने 9 फरवरी 2024 को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इस क्रम में कुख्यात अमन साहू के गुर्गा शंकर यादव को भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था. उसके ठिकाने से एनआईए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किय थे.

## हाईकोर्ट ने जेएसएससी से मांगी राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य में शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई हुई. अदालत ने जेएसएससी को राज्य स्तर पर तैयार की गयी मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. इस मामले में अगली सुनवाई एक अगस्त को होगी. बुधवार को सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से कहा गया कि राज्य स्तर पर तैयार मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है. अगर कोर्ट इसका अवलोकन करना चाहता है, तो आयोग की ओर से सीलबंद लिफाफे में मेरिट लिस्ट कोर्ट को दी जा सकती है.

**शिक्षक नियुक्ति मामला**

**अदालत ने आयोग के आग्रह को अस्वीकार कर दिया**

अदालत ने आयोग के आग्रह को अस्वीकार कर दिया. हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. इस संबंध में मीना कुमार सहित 50 से अधिक याचिकाएं हाई कोर्ट में दाखिल की गयी हैं. उनकी ओर से हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा, वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की.

# 24 साल के दौरान राज्य में एक मेगावाट भी बिजली उत्पादन नहीं बढ़ा

**रवि भारती। रांची**

राज्य गठन के 24 साल बाद भी एक मेगावाट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ पाया. इन 24 साल में राज्य सरकार ने लगभग 30 हजार करोड़ की बिजली खरीदी. वर्तमान में हर महीने 450 से 500 करोड़ रुपये की बिजली खरीदी जाती है. झारखंड बिजली वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नये टैरिफ पिटिशन के तहत नियामक आयोग से 10857.93 करोड़ रुपये राजस्व की मांग की है.

वहीं घरेलू उपभोक्ताओं से 4346.03 करोड़ रुपये के राजस्व वूसली का प्रस्ताव सौंपा है. दूसरी ओर सरकारी उपक्रम के पावर प्लांट टीवीएनएल का अब तक विस्तारीकरण नहीं हो पाया है. लगभग चार साल पहले इसके विस्तारीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है. इसके तहत 1320 मेगावाट पावर प्लांट के निर्माण में 7920 करोड़ रुपये का निवेश किया जाना है.

**तिलैया पावर प्लांट की योजना जमींदोज :** रिलायंस के पीछे हटने के बाद तिलैया अल्ट्रा मेगा पावर प्वांट की योजना जमींदोज हो गई है. रिलायंस को तिलैया में 3960 मेगावाट का पावर प्लांट लगाना था. वर्ष 2009 में 1.77 रुपये प्रति यूनिट बिजली देने की दर से बोली लगाकर रिलायंस पावर ने यह परियोजना हासिल की थी. योजना में देरी होने से 16 हजार करोड़ रुपये लागत बढ़ गई. परियोजना के लिये 2523 एकड़ जमीन और 12108 एकड़ में कोल माइंस की जरूरत थी. मुख्य प्लांट के लिये 470 एकड़ जमीन रिलायंस को दी जा चुकी थी. वहीं, 1220 एकड़ जमीन को फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी मिल चुका था. 3500 करोड़ रुपये का पुर्नवास पैकेज तैयार किया गया था. अब यह योजना जमींदोज हो गई.

**पतरातू प्लांट से अब तक उत्पादन नहीं :** पतरातू में बन रहे 4000 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट से इस साल भी बिजली उत्पादन पर संशय बना हुआ है. पतरातू में 4000 मेगावाट का पावर प्लांट बनाने के लिए झारखंड सरकार ने 2015 में एनटीपीसी के साथ करार किया था. करार के मुताबिक, पहले चरण में 2400 मेगावाट और दूसरे चरण में 1600 मेगावाट का पावर प्लांट बनाया जाना है. पहले चरण का उत्पादन साल 2019 में शुरू होना था, लेकिन अब तक शुरू नहीं हो पाया है. राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार, इस प्लांट से उत्पादित 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी.

## झारखंड बनने के बाद बिजली खरीद में फूंक दिये 30 हजार करोड़

**हर महीने खरीदी जाती है 500 करोड़ रुपये की बिजली**

- देवघर व तिलैया में पावर प्लांट की योजना अधर में लटकी
- लाख दावों के बावजूद पावर हब नहीं बन पाया झारखंड



### धरातल पर नहीं उतर सका है देवघर अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट

देवघर अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट की परियोजना भी धरातल पर नहीं उतर पाई है. इसके लिये गोसाई पहाड़ी कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया. इस परियोजना के लिए 2432 एकड़ जमीन चिह्नित की गई थी, जिसमें 1732 एकड़ निजी, 300 एकड़ सरकारी और 400 एकड़ वन भूमि थी. प्लांट के शेयर होल्डिंग की जिम्मेवारी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन को दी गई थी. यह पावर प्लांट 4000 मेगावाट की क्षमता का होगा. लेकिन, स्थिति जस की तस बनी हुई है.

### तुपुदाना: पत्थर खदान में नहाने के क्रम में डूबने से युवक की मौत

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग में ब्लू पौंड के नाम से प्रसिद्ध पत्थर खदान में मंगलवार शाम नहाने के दौरान डूबने से मो शब्बीर नामक युवक की मौत हो गयी. वह मूल रूप से हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के निजाम नगर का रहने वाला था. युवक के पानी में डूबने की सूचना एनडीआरएफ की टीम को बुधवार को मिली. बता दें इससे पहले इसी महीने खदान में डूबने से अंश अनुग्रह किंडो (15) की मौत हो गयी थी. अंश अपने दो दोस्तों अमन कुमार महतो और आशीष हेंब्रम के साथ ब्लू पौंड में नहाने गया था. मृत छात्र ग्रीन गार्डेन हेसाग का रहने वाला थाऔर हेसाग हटिया के संत चार्ल्स स्कूल की 11वीं का छात्र था.

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# एक लाख कूपों का निर्माण कार्य नवंबर के पहले पूरा करें : श्रीनिवासन

विशेष संवाददाता। रांची

ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा योजना की समीक्षा की. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रांची के सभी जिलों के डीडीसी शामिल हुए. समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए सचिव के. श्रीनिवासन ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीणों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है. उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं की पूरी तरह से निगरानी की जाये. ताकि वह धरातल पर दिखाई दे.

समीक्षा के दौरान ग्रामीण विकास सचिव को जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किये गये 2 लाख आवासों के निर्माण की पहली किस्त की राशि जारी कर दी गयी है. उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया.

उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये. जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुके हैं और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, तो उन्हें दूसरी क़िस्त की राशि जारी करें. के. श्रीनिवासन ने कहा कि अबुआ आवास योजना से स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें. स्वीकृत अबुआ आवास योजना के साथ शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो. उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया. इसके अतिरिक्त जलछाजन योजना की भी समीक्षा की.



ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा कार्यों की समीक्षा की.

### आधार बेस्ड पेमेंट की कमजोर प्रगति पर नाराजगी

ग्रामीण विकास सचिव ने बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत जिलों में शत् प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया. बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले एक लाख कूपों का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया. आधार बेस्ड पेमेंट की कमजोर प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसमें तय लक्ष्य के अनुसार सुधार लाया जाये. बैठक में संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग जितेंद्र कुमार देव सहित सभी जिलों के उप विकास आयुक्त और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे.

आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल के जरिये दिया गया प्रशिक्षण

# 50 आईपीएस अधिकारियों को मिली क्रिमिनल लॉ की ट्रेनिंग

संवाददाता। रांची

झारखंड पुलिस के 50 आईपीएस को आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से नये क्रिमिनल लॉ की ट्रेनिंग दी गयी. झारखंड पुलिस मुख्यालय बुधवार को दिन के 1 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह ट्रेनिंग दी गयी. गौरतलब है कि तीन नये आपराधिक कानून (क्रिमिनल लॉ) पर व्यापक प्रशिक्षण की सुविधा के लिए झारखंड में 50 आईपीएस अधिकारियों को ऑन बोर्ड किया गया है.

**क्या है आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल :** केंद्र सरकार तमाम वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग योजनाएं चला रही है. इसमें ट्रेनिंग से लेकर आर्थिक मदद या फिर लोन की सुविधा दी जाती है. आम लोगों के अलावा सरकार की तरफ से सरकारी कर्मचारियों के लिए भी कई तरह के प्रोग्राम चलाये जाते हैं. ऐसे ही एक प्रोग्राम का नाम आई गॉट कर्मयोगी (I Got Karmayogi) है, जिसके जरिये सरकारी कर्मचारियों को एक खास ट्रेनिंग दी जाती है. इसके लिए कर्मयोगी पोर्टल भी बनाया गया है, जिसमें रजिस्ट्रेशन करना होता है.

### एक जुलाई से लागू होंगे तीनों नये क्रिमिनल लॉ

बता दें कि तीन नये क्रिमिनल लॉ एक जुलाई 2024 से लागू होंगे. केंद्र सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी है. तीनों नये आपराधिक कानून आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे. इनका नाम भारतीय न्याय संहिता होगा. तीनों नये कानूनों को दिसंबर में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गयी थी. तीनों कानूनों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं. नये कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को बदलना है. इससे अंग्रेजों के जमाने के कानून खत्म होंगे और इससे छुटकारा मिलेगा. भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह के अपराध को भी समाप्त कर दिया गया है और इसे देशद्रोह में बदल दिया गया है.

## शहर में आज

1. प्रदेश कांग्रेस की बैठक, कांग्रेस भवन में दिन के 11 बजे
2. शहर के अन्य हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग बदली

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है. केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी. स्कूलों की नई टाइमिंग सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) और सभी निजी विद्यालयों में अगले आदेश तक लागू होगी. झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.

### रात्रि दस बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे

**रांची।** उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में रांची के सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने निर्देश दिया है कि रात्र दस बजे के बाद क्लबों, होटलों, रेस्तरां एवं बार में डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम नहीं बजेगा. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को डीजे एवं म्यूजिक सिस्टम की तय समय-सीमा का उल्लंघन किये जाने या शिकायत मिलने पर अपनेस्तर से तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

### कुमारधुबी बाजार के ग्रामीण बैंक में आग

**रांची/धनबाद।** कुमारधुबी बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अचानक आग लग गई. बैंक से उठता धुआं व आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुमारधुबी पुलिस व बैंक कर्मियों को दी. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई और सभी आग बुझाने के प्रयास में जुट गए, तब तक कुमारधुबी पुलिस व बैंक कर्मी भी पहुंच गए. घटना की सूचना पर मैथन से सीआईएसएफ फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. अगलगी के कारण का पता नहीं चल सका है. शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है.

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं सरकार पर, विपक्ष नहीं बना पाया भ्रष्टाचार को मुद्दा

# सरकार और विपक्ष जनभावना से कर रहे खिलवाड़ : सरयू राय

## स्थानीय नीति, रोजगार जैसे मुद्दे पर जनता को ठग रही है राज्य सरकार

प्रमुख संवाददाता। रांची

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं. इसके बावजूद विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में विफल रहा है. जाहिर है, सरकार और विपक्ष, दोनों ही जनभावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. श्री राय बुधवार को यहां डोरंडा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमेटी में अपनी बात रख रहे थे.

उन्होंने कहा कि कि सरकार ने अपना खजाना चुनाव आने पर खोला. अब बड़ा सवाल यह है कि सरकार अब पैसा कहां से लाएगी? बजट में तो है ही नहीं. उन्होंने कहा कि झारखंड का हर जिम्मेदार नागरिक जानता है कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार के छींटे हैं. भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं. इसके बावजूद अलग-अलग धड़ों में बंटा विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में अब तक विफल रहा है. सिर्फ सरकार ही नहीं, विपक्ष भी झारखंड की जनता को ठग रहा है. लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है. स्थानीय नीति, रोजगार और आरक्षण जैसे मुद्दे रह-रह कर उठाए जाते हैं. इन मुद्दों को उठाने का मकसद जनता को सिर्फ बेवकूफ बनाना होता है. यह सरकार इन मुद्दों पर जनता को बेवकूफ ही तो बना रही है.

डोरंडा में संपन्न कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह, मुकेश पांडे, केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा , संजीव आचार्य, केंद्रीय सचिव सोमेन दत्ता, मनोज सिंह के साथ सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे. स्वागत भाषण रांची के जिलाध्यक्ष अशोक ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने किया.



भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार व विपक्ष को घेरते विधायक सरयू राय व मौजूद अन्य.

- शराब और खनन घोटाला 2015 से, उस वक्त के लोगों को दिया जा रहा है संवैधानिक पद
- भाजमो हर जिले का अलग घोषणापत्र तैयार करेगा, प्रदेश के लिए अलग होगा घोषणापत्र

### 2015 से ही चल रहा शराब घोटाला

श्री राय ने कहा कि शराब घोटाला आज का घोटाला नहीं है. यह 2015 से ही चल रहा है. 2015 से ही खनन घोटाला भी चल रहा है. कई मामलों मे चार्जशीट मे 2015 से अब तक का जिक्र है पर उस समय के लोगों को संवैधानिक पद दिया जा रहा है. भ्रष्टाचार की महिमा ऐसी कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भी सीता- गीता पर भी भ्रष्टाचार का आरोप होने के बाद भी एक बड़े दल को उन्हें अपने साथ लेने में कोई परहेज नहीं.

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगा

श्री राय ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी नगरपालिका- विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रदेश स्तर का घोषणा पत्र तैयार करेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित होगा, लिहाजा हम लोग जिलावार घोषणा पत्र भी तैयार करेंगे ताकि सामान्य लोगों की समस्याओं को उचित स्थान मिल सके. उन्होंने कहा कि हम लोग राज्य की जनता को तीसरा विकल्प देंगे. भारतीय जनतंत्र मोर्चा कम से कम 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगा. मोर्चा सभी व्यक्तियों-सहमत पार्टियों के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा.

# चोरी के 79 मोबाइल फोन के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

रांची पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रातू थाना की पुलिस ने चोरी के 79 मोबाइलों के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, दो नाबालिग को भी पकड़ा गया है. पकड़े गये आरोपियों में साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र का लड्डू नोनिया, जितेंद्र नोनिया, पुसवा नोनिया, अर्जुन नोनिया और मिथुन दास शामिल है, जबकि रामू नोनिया फरार हो गया.

गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को बताया कि वे सभी मिल कर बाजार-हाट में एक चेन बनाते हैं और पॉकेटमारी कर तुरंत मोबाइल दूसरे साथी के हवाले कर देते हैं. जिससे पकड़े जाने पर भी उनके पास से मोबाइल नहीं मिलता. मोबाइल चोरों ने बताया कि अमूमन गिरोह में सभी अपने ही गांव-परिवार के सदस्य होते हैं.

**एतवार बाजार में नाबालिग के पकड़ाने पर खुलासा :** 18 जून को रातू स्थित एतवार बाजार में ग्रामीणों ने एक नाबालिग को मोबाइल चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ कर रातू पुलिस के हवाले कर दिया था. पुलिस ने बाल कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार के सहयोग से जब नाबालिग से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह मोबाइल चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है. इस गिरोह में कई लोग जुड़े हुए हैं. उसने सभी चोरों का ठिकाना रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत कमड़े के सूर्यनगर निवासी बिट्टू चौधरी का घर को बताया, जहां सभी किराए पर रहते हैं. एसएसपी को जानकारी मिलने पर उन्होंने डीएसपी के नेतृत्व एक टीम गठित की. उक्त मकान में देर रात छापामारी की गयी.इस दौरान एक बैग में रखे 79 मोबाइल समेत छह चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गये, जबकि एक भाग निकला.



### खास बातें

- दो नाबालिग को भी पकड़ा गया, एक आरोपी फरार
- चोर गिरोह में सभी अपने ही गांव-परिवार के सदस्य

# नियमानुसार होटल, रेस्तरां व बार के संचालन का निर्देश

संवाददाता। रांची

उच्च न्यायालय के आदेश पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने नियमानुसार होटल, रेस्तरां एवं बार के संचालन का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा है कि कई माध्यमों से यह शिकायत मिल रही है कि क्लब, होटल, रेस्तरां एवं बार विभागीय नियमों की अवहेलना करते हुए संचालन कर रहे हैं. अनुज्ञप्ति का संचालन विभागीय नियमों एवं अनुज्ञप्ति में वर्णित शर्तों के अनुसार नहीं किया जा रहा है.

उन्होंने कहा है कि क्लब, होटल, रेस्तरां एवं बार का संचालन विभागीय नियमानुसार किया जाये एवं अनुज्ञप्ति में वर्णित शर्तों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परिसर में सभी वांछित दस्तावेज सुरक्षित रखा जाए, ताकि मांगें जाने पर उसे प्रस्तु किया जा सके. स्थल का विभाग द्वारा अनुमोदित ब्लू प्रिंट नक्शा एवं लाइसेंस की प्रति परिसर में हो. साथ ही यह भी घ्यान रखें कि अनुमोदित नक्शे में किसी प्रकार का विचलन न हो. स्टॉक पंजी एवं काउंटर पंजी को अद्यतन करना सुनिश्चित करें, पैग माप प्रमाणपत्र को अद्यतन रखें, बार काउंटर पर कार्य करने वाले सभी कर्मी को विभाग से अनुमोदन अवश्य करवा लें. अनुज्ञप्ति परिसर को विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि (12 बजे रात्रि) में बंद करना सुनिश्चित करें, बार में 21 वर्ष से कम किसी भी व्यक्ति को शराब की बिक्री नहीं करेंगे.

अनुज्ञप्ति परिसर में किसी प्रकार के मादक पदार्थ की बिक्री नहीं करेंगे. रेस्तरां एवं बार के कार्यरत सभी कर्मी यथा बाउंसर एवं वेटर आदि का पहचान पत्र प्राप्त कर उसका सत्यापन संबंधित थाना से कराते हुए सूची जिला उत्पाद कार्यालय को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायेंगे. अनुज्ञप्ति परिसर में अधिष्ठापित सीसीटीवी का फुटेज प्रत्येक पांच दिवस पर पेन ड्राइव में प्राप्त कर सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.

### श्रम कोड के खिलाफ एक्टू प्रदर्शन करेगा

**रांची ।** मोदीजी के नेतृत्व वाली एनडीए की नई सरकार द्वारा अपने 100 दिनों के एजेंडे में श्रम कोड को लागू करने के फैसले का ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (एक्टू ) पुरजोर विरोध करेगा. ऐक्टू की राष्ट्रीय परिषद् पहले भारत सरकार के श्रम मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को इस फैसले के खिलाफ लिखित पत्राचार कर लेबर कोड को निरस्त करने की मांग करेगा. इससे अगर बात नहीं बनी तो 20 जुलाई से 9 अगस्त तक मजदूरों के बीच एक लाख हस्ताक्षर अभियान चलाकर विभिन्न राज्यों से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा. यह निर्णय 17 व 18 जून को दो दिनों तक बिहार के पटना में अयोजित ऐक्टू राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया. सभी श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम कोड के लागू होने पर मजदूरों को होने वाली समस्याओं से अवगत किया जाएगा. राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में थोड़े समय के लिए शामिल होकर भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने मजदूर नेताओं से हाल चाल जाना.

रांची की विधि व्यवस्था पर आईजी ने की समीक्षा बैठक

# अपराधियों का अलग से डोजियर खोलें

संवाददाता। रांची

जोनल आईजी अखिलेश झा ने बुधवार को राजधानी रांची की विधि व्यवस्था को लेकर सभी थाना प्रभारी सहित वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की. एसएसपी कार्यालय में हुई बैठक में आईजी ने आपराधिक वारदातों पर हर हाल में रोक लगाने का निर्देश दिया. उन्होंने उन थाना प्रभारियों की क्लास ली, जिनके थाना क्षेत्र में छिनतई, चोरी सहित अन्य आपरादिक वारदाते सबसे ज्यादा हुई हैं.सभी थाना प्रभारियों को समय सीमा के अंदर आपराधिक घटनाओं का उद्भेदन करने और अपराध में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है.समीक्षा बैठक के दौरान रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल समेत सभी डीएसपी मौजूद थे.

आईजी झा ने सभी थाना प्रभारियों को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया. आईजी ने अपराधियों का अलग से डोजियर खोलने का भी निर्देश दिया है. सीसीए को लेकर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. एसएसपी ने थाना प्रभारियों को चेतावनी दी कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को हर हाल में रोकें,अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें. जिन थाना क्षेत्रों में हाल के दिनों में संपत्ति विवाद को लेकर अपराध बढ़े हैं, वे सुबह से खुद नियमित गश्त लगायें. साथ ही स्नैचिंग वाले इलाकों की पहचान कर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए.



रांची की विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करते आईजी अखिलेश झा.

### खास बातें

- आपराधिक वारदातों पर रोक लगाने का निर्देश
- सीसीए को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया

### एचईसी : 70 करोड़ रु कलेक्शन के बावजूद नहीं मिला बकाया वेतन

**रांची।** एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने जेएन क्लब, धुर्वा में बैठक कर बकाया वेतन भुगतान नहीं होने पर चर्चा की. अधिकारियों ने कहा कि पैसा होने के बावजूद कर्मचारियों का वेतन नहीं हो भुगतान नहीं किया जा रहा है. यहां बता दें कि फाइनांसियल ईयर 2024-25 में लगभग 70 करोड़ रुपये का कलेक्शन एचईसी को हुआ. इसके बावजूद एचईसी प्रबंधन में शामिल भेल के अधिकारियों ने कर्मचारियों का वेतन भुगतान न कर वेंडरों का बकाया भुगतान कर दिया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऑफिसर्स एसोसिएशन मामले की शिकायत भारी उद्योग मंत्रालय और केंद्रीय सतर्कता आयोग में करेगा. बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रेम शंकर पासवान, केएम टुडू, रोशन कुमार, सुभाष चंद्रा, शशि भूषण, अमित कुमार मिश्रा सहित सभी प्लांट हेड और जीएम स्तर के वरीय अधिकारी मौजूद थे.

**बाजार का मिजाज** साबुन, शैंपू, तेल की कीमतें बढ़ीं, लेकिन कुछ सामानों की क्वांटिटी व वजन कम की गयी

# केंद्र में नई सरकार के बाद बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव

रेहान/ पियूष। रांची

केंद्र में नई सरकार के बाद बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव हुई है. इस समय बाजार में साबुन, शैंपू, खाने के तेल, शरीर और बाल में लगाने वाले तेल की कीमत में एक माह में कही बढ़त तो कहीं कमी हुई है. हरमू बाजार के दुकानदार, अपर बाजार के दुकानदार, अरगोड़ा बाजार, रातू रोड के दुकानदारों ने कहा कि नहाने धोने के साबुन, वाशिंग पाउडर, शैंपू के दर एक समान हैं. खाने व बाल में लगाने के तेल में उतार चढ़ाव हुआ है.

कुबेर स्टोर के राजेश कुमार ने कहा कि अभी इस एक माह में केवल खाने के तेल के भाव ही बढ़े हैं. साबुन, शैंपू, वाशिंग पाउडर की दर में जगह-जगह पर कमी की जाती है. इस समय सभी एक समान हैं. साबुन में जैसे 10 फीसदी एक्सट्रा दिया जाता है. बढ़त के कारण पांच फीसदी एक्सट्रा दिया जाता है. यह अलग से नहीं, पैक ही उसी तरह का तैयार किया जाता है.

राज स्टोर के मुरारी अग्रवाल ने कहा कि नहाने के साबुन, कपड़ा धोने के साबुन वाशिंग पाउडर के दर समान हैं. इनकी क्वांटिटी या वजन कम कर दी गयी है. रेट पुराना ही है. हां सर में लगाने के तेल 4 से 5 रुपये सस्ता एवं खाने के तेल 5 से 12 रु तक महंगा हुआ है.






| सामग्री | खुदरा दर | थोक दर | एक माह पहले |
|---|---|---|---|
| लक्स 4 का पैक | 100 रु. | 95 रु. | एक समान |
| लॉइफ बॉय 4 का पैक | 100 रु. | 95 रु. | एक समान |
| डभ साबुन छोटा | 25 रु. | 22 रु. | एक समान |
| डभ साबुन 3 का पैक | 135 रु. | 125 रु. | एक समान |
| पीयर्स साबुन | 22 रु. | 22 रु. | एक समान |
| बड़ा पीयर्स | 54 रु. | 51 रु. | एक समान |
| ह्वील पाउडर / किलो ग्राम | 73 रु. | 65 रु. | एक समान |
| घड़ी पाउडर / किलो ग्राम | 73 रु. | 62 रु. | एक समान |
| सर्फ एक्सल / किलो ग्राम | 63 रु. | 57 रु. | एक समान |
| एरियल पाउडर | 63 रु. | 57 रु. | एक समान |
| नारियल तेल (100 एमएल) | 42 रु. | 38 रु. | एक समान |
| नारियल तेल 200 एमएल | 72 रु. | 67 रु. | एक समान |
| डाबर आवला 225 एमएल | 97 रु. | 90 रु. | एक समान |
| बजाज अलमन ड्राप 100 एमएल | 33 रु. | 30 रु. | 37 रु. |
| सरसो सलोनी किलो ग्राम | 133 रु. | 130 रु. | 118 रु. |
| फॉरच्यून किलो ग्राम | 145 रु. | 130 रु. | 135 रु. |
| हाथी छाप सरसो / किलो ग्राम | 136 रु. | 134 रु. | 130 रु. |
| सरसो आंवला छोटा पैक | 10-20 रु. | 10-20 रु. | समान |
| शैंपू पाउच | 1 रु. पीस | 16 पीस 13 रु. | समान |
| शैंपू पाउच | 2 रु. पीस | 16 पीस 28 रु. | समान |

# सचिवालय सेवा संघ का प्रदर्शन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारियों ने बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए प्रदर्शन किया. संघ के सभी पदाधिकारी कल भी यह प्रदर्शन जारी रखेंगे. यह प्रदर्शन पिछले 15 दिनों से चल रहे आंदोलन का हिस्सा हैं, जिसमें पदाधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं.

**हमारी मंशा काम में बाधा डालने की नहीं है :** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव श्री सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने कहा, हम काला बिल्ला के साथ कार्य करते हुए सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि हमारी मंशा कार्य में बाधा पहुंचाने की नहीं है, परंतु कार्मिक विभाग के कुछ पदाधिकारी, जो लगातार संघ के सदस्यों के हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, के कारण संघ के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है. अगर सरकार इसके बाद भी कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो संघ बाध्य होकर उग्र प्रदर्शन भी करेगी. हम सरकार से अपील करते हैं कि वे हमारी मांगों पर ध्यान दें और शीघ्र अति शीघ्र उचित कदम उठाएं ताकि सचिवालय सेवा के पदाधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता और बिना किसी अवरोध के कर सकें.



### क्या हैं संघ की प्रमुख मांगें

- संयुक्त सचिव और उप सचिव के अतिरिक्त पदों का सृजन
- सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति में कार्मिक विभाग का संकल्प संख्या 3286, 4 अप्रैल 2014 को पूर्णत: लागू करना.
- झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा प्रदाधिकारी, अवर सचिव तथा उच्चतर पदों पर शीघ्र प्रोन्नति
- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों को नियमित नियुक्ति के माध्यम से शीघ्र भरना

▼ ब्रीफ खबरें

## कल्याणोत्सव में भाग लेने आज आएंगे अनिरुद्धाचार्य

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बाला जी मंदिर के वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में भाग लेने के लिए स्वामी अनिरुद्धाचार्य गुरुवार को वृंदावन धाम से रांची आएंगे. रंजन सिंह ने बताया कि शुक्रवार से तीन दिनी कल्याणोत्सव प्रारंभ हो जायेगा. पहले दिन संकल्प पूजन आदि अनुष्ठान होंगे. दूसरे दिन शनिवार को सुबह से दोपहर बाद तक पूजा-अर्चना चलेगी. दिन के तीन बजे गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी. तिरुपति बाला जी नगर भ्रमण को निकलेंगे. उन्होंने बताया कि अंतिम दिन 23 जून को भगवान का कल्याणोत्सव मनाया जायेगा. श्रद्धालु महालक्ष्मी और भूदेवी संग भगवान का विवाह रचायेंगे.

## इनर व्हील क्लब ने 200 राहगीरों को कराया भोजन



रांची। इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची के तत्वावधान में बुधवार को अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत 200 दीन-दुखियों को भोजन कराया गया. यह प्रोजेक्ट क्लब की प्रेसिडेंट माला श्रीवास्तव एवं सेक्रेटरी सोमा भादुड़ी की देख रेख में संपन्न हुआ. डंगराटोली के समीप स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल डंगरा टोली में मारवाड़ी सम्मेलन मंच के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. क्लब की सदस्यों ने रिक्शा और ऑटो चालकों के साथ वहां मौजूद गार्ड, दुकानदार सहित काफी संख्या में राहगीरों को खाना खिलाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की दीपा चौहान, अर्चना त्रिवेदी, रिंकू बनर्जी और कामिनी भारती ने अहम भूमिका निभाई.

## कुरमाली भाषा के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप



रांची। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सदस्य सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के डॉ. राजाराम महतो ने आरोप लगाया है कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में जारी भाषा सर्वेक्षण में कुरमाली भाषा के साथ सौतेला व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया है. इस संबंध में डॉ. महतो ने रांची के उपायुक्त को पत्र देकर अवगत कराया है कि भाषा सर्वेक्षण में कुरमाली भाषा बहुल क्षेत्र सोनाहातू, सिल्ली, राहे, बुंडू, तमाड़ एवं ईचागढ़ के स्कूलों में साजिश के तहत कुरमाली भाषाभाषियों की संख्या शून्य बतायी जा रही है.

**रथयात्रा की तैयारी : स्नान यात्रा अनुष्ठान 22 जून को, एकांतवास में जाएंगे भगवान जगन्नाथ**

# दर्शन को उमड़ेंगे श्रद्धालु, उतारी जाएगी महाआरती

राजन बॉबी। रांची

श्रीजगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग महास्नान और श्रृंगार कर 15 दिनों के लिए एकांतवास में जायेंगे. ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन शनिवार को प्रसिद्ध जगन्नाथपुर मंदिर में नेम-निष्ठा से स्नान यात्रा अनुष्ठान कराया जायेगा. मंदिर के पुजारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि दिन के डेढ़ बजे से अनुष्ठान शुरू होगा. मंदिर के पुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान को 108 कलश में रखे वनौषधि और सुगंधित जल से स्नान करायेंगे.

श्रृंगार-पूजन कर 108 दीपों से आरती उतारी जायेगी. ढाई बजे परंपरानुसार आदिवासी पाहन और श्रद्धालु भी दूध, जल और सुगंधित द्रव्य आदि से प्रभु को स्नान करायेंगे. इसके बाद विग्रहों का स्पर्श दर्शन कर मंगल कामनाएं की जायेंगी. फिर विग्रहों को पुजारी गर्भ गृह में ले जायेंगे. उन्होंने बताया कि प्रभु गर्भगृह में छह जुलाई तक रहेंगे. दर्शन सुलभ नहीं होगा. दर्शनार्थी श्रीगणेश, श्रीकृष्ण रूप का दर्शन और पूजन कर सकेंगे. प्रभु की सांकेतिक पूजा होगी. गर्भगृह में विग्रहों का रंग-रोगन किया जायेगा.



**बीमार होंगे भगवान, चलेगा उपचार :** मान्यतानुसार भगवान जगन्नाथ स्नान करने से बीमार पड़ जाते हैं. ऐसे में उनका उपचार किया जाता है. पुजारी द्वारा खास काढ़ा बनाकर पिलाया जाता है. इसमें सोठ, पिंपली, दाल चीनी, गुल मिर्च से बनाया हुआ काढ़ा भगवान श्री जगन्नाथ को पिलाया जाता है.

### तैयार किया जा रहा रथ

रथ यात्रा को लेकर रथ मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है. स्थानीय और पुरी से आये कारीगर अक्षय तृतीया के दिन 10 मई से इसमें लगे हैं. 40 फीट ऊंचे और 22 फीट चौड़े रथ का रंग-रोगन 22 जून से किया जायेगा. पांच को तैयारी पूरी हो जायेगी. छह को रथ सजेगा. सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथारूढ़ हो मौसी घर जायेंगे.

### नौ दिनों तक गुलजार रहेगा मेला

रथ यात्रा मेला नौ दिनों तक गुलजार रहेगा. भक्त भक्ति आनंद के साथ मेले का भी लुफ्त उठायेंगे. तरह-तरह के झूले, नाटक-नौटंकी वालों के साथ खाने-पीने का स्टॉल सबको लुभायेगा. पारंपरिक साजो सामानों की भी जमकर बिक्री होगी. पशु-पक्षी और ढोल-नगाड़ा से लेकर खेती-गृहस्थी तक का साजो-सामान भी मिलेगा. इस तरह का बाजार सिर्फ रथ यात्रा मेले के दौरान ही लगाया जाता है. यही कारण है कि नौ दिनों तक मेला में भारी भीड़ रहती है.

### छह को नेत्रदान, रथ यात्रा सात जुलाई को

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा छह जुलाई को जगन्नाथ स्वामी का एकांतवास समाप्त होगा. मंदिर के गर्भगृह से बाहर आने के बाद भगवान का नेत्रदान किया जायेगा. साथ ही भगवान सर्वदर्शन सुलभ हो जायेंगे. कौस्तुभ ने बताया कि नेत्रदान अनुष्ठान शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा. सात जुलाई को रथ यात्रा निकाली जायेगी.

# डॉ आनंद जगनानी को मिला लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड



अवार्ड प्राप्त करते शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद कुमार जगनानी.

संवाददाता। रांची

पूर्वांचल मध्यकालीन आयुर्विज्ञान एवं रांची पेडिकॉन के सह आयोजन में रांची के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आनन्द कुमार जगनानी को उनकी अप्रतिम एवं निरन्तर सेवा के लिए लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया. मालूम हो कि डॉ. जगनानी ने रिम्स, रांची तत्कालीन आरएमसीएच से एमबीबीएस (आयुर्विज्ञान स्नातक) एवं रांची विश्वविद्यालय से शिशु रोग में स्नातकोत्तर किया है. उन्होंने झारखंड एवं तत्कालीन बिहार सरकार में भी अनवरत सेवा प्रदान की है, वे महाविद्यालय में समर्पित एवं लोकप्रिय शिक्षक रहे हैं. उनकी ख्याति एवं नवजात शिशु चिकित्सा में रुचि उल्लेखनीय है. उन्होंने आईएपी के विभिन्न पदों पर समय-समय पर अपना अहम योगदान दिया है. वर्तमान में वे एनएनएफ (रांची शाखा) के अध्यक्ष हैं. उन्होंने स्थानीय, प्रादेशिक, आंचलिक और राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्विज्ञान सम्मेलनों में व्याख्यान दिया है. उनके कई आलेख भी प्रकाशित हुए हैं. उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनको पायनियर और शिशु शिरोमणि विशेषज्ञ सम्मान से भी अलंकृत किया गया है.

**चैंबर ने एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत को सम्मानित किया**

# झारखंड में एचडीएफसी की 100 से ज्यादा शाखाएं होंगी

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में बुधवार को झारखंड में व्यवसाय के विकास में सराहनीय योगदान के लिए एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत सम्मानित की गयीं. चैंबर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि सरकार और संस्थागत व्यवसाय, ई-कॉमर्स और स्टार्टअप के देश प्रमुख के रूप में कंट्री हेड स्मिता भगत ने एचडीएफसी बैंक के विश्व स्तरीय उत्पादों व सेवाओं को सरकारी निकायों व शैक्षिक से लेकर स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक तक के बड़े संगठनों तक ले जाने के दायित्व लिया है. इसमें पंचायतों, नगर पालिकाओं, राज्य व केंद्र सरकार और स्वायत्त निकायों में डिजिटल भुगतान जैसे समाधान लागू करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, अनुकूलित सेवाएं बनाना शामिल हैं. मजबूत नेटवर्क बनाने में उनकी रुचि का राज्य में व्यवसाय के विकास में अहम योगदान है, उन्होंने कहा कि चैंबर एचडीएफसी बैंक के साथ हर कदम पर साथ खड़ा है. आगामी 6 जुलाई को होने वाले स्टार्टअप कार्यक्रम में भाग लेने के लिये उन्होंने एचडीएफसी बैंक को आमंत्रण दिया.




चैंबर भवन में एचडीएफसी बैंक की कंट्री हेड स्मिता भगत को सम्मानित करते चैंबर के पदाधिकारी.

इस अवसर पर कंट्री हेड स्मिता भगत ने चैंबर के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत अनूठी पहल है. उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक की पूरे झारखंड में 93 ब्रांच हैं, जल्द ही यह आंकड़ा 100 के पार होगा, पहल जारी है. काफी लोगों ने ओपन सेशन में सवाल जवाब किये. इसके अच्छे परिणाम बहुत जल्द देखने को मिलेंगे. उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी ब्रांच खोलने की योजना है. एग्रीकल्चर में जितने भी भारत सरकार की योजनाएं हैं, उन्हें गति प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक को एक ज्ञापन भी सौंपा गया.

### खास बातें

- झारखंड में व्यवसाय के विकास में बैंक का सराहनीय योगदान
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलेंगी एचडीएफसी बैंक की शाखाएं

मौके पर सह सचिव शैलेश अग्रवाल, एचडीएफसी बैंक के ब्रांच बैंकिंग हेड संदीप एस कुमार, एचडीएफसी बैंक जोनल हेड, झारखंड कुमार अभिषेक, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, अरुण बुधिया, पूर्व उपाध्यक्ष दीनदयाल बरनवाल, आनंद कोठारी, मनोज कुमार मिश्रा, आनंद जालान, किशन अग्रवाल, माला कुजूर, अंकिता वर्मा, अमित अग्रवाल, विकाश रंजन सहाय, रमेश कुमार साहू, अनिश सिंह, जसविंदर सिंह, संतोष अग्रवाल, विकास सिन्हा, शशांक भरद्वाज, महेंदर जैन, विनय छापरिया, धीरज ग्रोवर डॉ एससी जैनसहित आदि सदस्य शामिल थे. संचालन उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव परेश गट्टानी ने किया .

# भटकते असहाय 'प्रभुजी' कह कर पहुंचाये जा रहे 'अपना घर' आश्रम

संवाददाता। रांची

भटकते असहायों को अब सहारा मिलने लगा है. संत स्वामी सदानंद की सार्थक पहल पर लावारिस भटकते हुए मानसिक और शारीरिक रोगियों को पनाह देने के उद्देश्य से पुंदाग में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शुरुआत की गयी है.

इसके शुभारंभ के मौके पर 20 प्रभु जी को बाहर से लाया गया था. अब अपनी राजधानी में भी सुध-बुध खो कर भटकते लोगों को सहारा मिलने लगा है. संस्था और संतश्री से जुटे अनुयायी मानव सेवा माधव सेवा के भाव से शरह में घूमते दो लाचारों को रेस्क्यू कर आश्रम पहुंचाया. जहां एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के सेवाधारी आश्रम में उनकी समुचित देखभाल कर रहे हैं.



आने से पहले आने के बाद



आने से पहले आने के बाद

संस्था के राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि सभी को चिकित्सा और खान-पान के साथ जीवनोपयोगी समुचित व्यवस्था मुफ्त में दी जा रही है. उन्होंने बताया कि अपना घर भरतपुर और सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट इसमें सहयोगी के रूप में योगदान दे रहा है.

# गुरु नानक स्कूल में ग्यारहवीं के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन



गुरुनानक स्कूल के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं.

संवाददाता। रांची

पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा अनुराधा कुमारी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया. स्वागत भाषण में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. कैप्टन सुमित कौर ने विद्यार्थियों को विद्यालय के नियमों से अवगत करया तथा उन्हें विषय और कैरियर से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की. उपप्राचार्या सोनिया कौर ने भी विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें भविष्य की योजनाओं पर विचार करने व अच्छा मनुष्य बनने के लिए प्रेरित किया. कक्षा 12वीं के छात्र रवि कुमार, आदित्य एवं अंकित ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन बनाकर विद्यार्थियों को विद्यालय से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की. मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे.

## नीतू अरोड़ा ने सिखाईं योग की बारीकियां

रांची। गुरुनानक भवन में चल रहे योग शिविर में बुधवार को प्रशिक्षिका नीतू अरोड़ा ने योग की बारीकियां सिखाईं. नित्य योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ से भी साधकों को अवगत कराया. यहां बहावलपुरी पंजाबी समाज की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर चार दिनी शिविर लगाया गया है. दूसरे दिन डॉ. सतीश मिढा ने नीतू को पौधा भेंट कर सम्मानित किया. सचिव अश्विनी सुखीजा ने बताया कि कैंप का समापन 21 जून को होगा. इस दौरान अब योग प्रशिक्षिका चांद नागपाल प्रशिक्षण देंगी. ललित किंगर, कवलजीत मिढा, अंचल किंगर, मोहन खीरबाट, सुरजीत मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल, कमलेश मिढा, ज्योति मिढा, पिंकी तलेजा, शीला अरोड़ा, ज्योति मुंजाल, लीना मनुजा, रेखा मुंजाल, इंदु पपनेजा, किरण गेरा आदि ने इसमें हिस्सा लिया.

# डीएवी स्कूल हेहल में चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



नशामुक्ति अभियान में अपने पोस्टर के साथ डीएवी हेहल की छात्राएं.

संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में मादक द्रव्यों एवं नशीले पदार्थो के खिलाफ छात्रों को जागरूक किया गया. इस अवसर पर छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया.

प्राचार्य एस के मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि नशा मानवता को नष्ट-भ्रष्ट कर देता है. अभियान को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ शिक्षिका अजंता कुमारी, राकेश निगम, सलिल सहाय, पूनम कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# नशे के खिलाफ जागरूकता सप्ताह शुरू

संवाददाता। रांची

मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी बटालियन के छात्रों द्वारा "मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु बुधवार को जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत हुई. एनसीसी. के केयर टेकर ऑफिसर सह सहायक प्राध्यापक डॉ. अवध बिहारी महतो ने एनसीसी कैडेटों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की. अवध बिहारी महतो ने इस दौरान कैडेटों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से शरीर का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, इससे कैंसर जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारियां भी उत्पन्न हो जाती हैं. इसके अलावा



नशे के खिलाफ जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मारवाड़ी कॉलेज एनसीसी बटालियन, छात्र एवं शिक्षक.

शारीरिक कमजोरी व मानसिक तनाव भी बना रहता है. यह किसी न किसी रूप में राज्य और राष्ट्र के विकास में बाधक है.

छात्राओं की केयर टेकर ऑफिसर संगीता तिग्गा ने कहा कि मादक पदार्थों के प्रयोग से व्यक्ति या छात्र का जीवन तो बर्बाद होता ही है, इससे उसका पूरा परिवार प्रभावित और बर्बाद हो जाता है. माता-पिता के सपनों को साकार करना है तो नशापान एवं मादक पदार्थों के उपयोग करने से बचना होगा. 25 जून तक लगातार मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों एवं लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिसमें प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, भाषण, निबंध, रैली एवं स्किट शामिल है. कार्यक्रम को सफल बनाने में कैडेट प्रवीण हजाम, अमन कुमार सिंह, रवि विश्वकर्मा, भोला कुमार, आदित्य कुमार, राजेंद्र मुंडा, अमन नायक आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# संथाली को समृद्ध बनाने के लिए भाषा विशेषज्ञों का मंथन

संवाददाता। रांची

संथाली भाषा को समृद्ध बनाने के लिए भाषा विशेषज्ञों की ओर से मंथन प्रारंभ कर दिया गया है. इसके निमित्त बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छः दिवसीय तकनीकी शब्दावली के निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें संथाली भाषा विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं. उनके साथ ही वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक दीपक कुमार और राजेश कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए.

उद्घाटन सत्र में डीएसपीएमयू के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य ने दोनों सहायक निदेशकों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. इस अवसर पर कुलपति ने भाषा की महत्ता को बताते हुए पठन-पाठन में भाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.

इस शब्दावली को बनाने के लिए एक्सपर्ट के रूप में डॉ. केसी टुडू, डॉ. ठाकुर मुर्मू, डॉ. दुखिया मुर्मू, डॉ. डुमनी माई मुर्मू, डॉ. होलिका मरांडी, संतोष मुर्मू, प्रेम मुर्मू, शकुंतला बेसरा एवं सहायक सलाहकार समिति के डॉ. आई एन साहू, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर इंद्रजीत मुखर्जी, सीयूजे से डॉ. शशि मिश्रा एवं सहायक निदेशक के रूप में डॉ. विनोद कुमार उपस्थित थे.

**प्रतिरोध** | **जनजातीय भाषा- 2 में 50% से ज्यादा प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर पूछे जाने का मामला**

# प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा रद्द करें : आजसू

संवाददाता। रांची

जेएसएससी द्वारा आयोजित की जा रही प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक परीक्षा रद्द करने की मांग की गई है. इस संबंध में बुधवार को युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सचिवालय में सीएम चंपाई सोरेन के नाम मांग पत्र सौंपा गया. मांग पत्र के माध्यम से अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले ही जेएसएससी द्वारा आयोजित की गई परीक्षा के जनजातीय भाषा पेपर 2 में पंचपरगनियां, हो, कुरमाली विषय की परीक्षा में 50% से ज्यादा प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से पूछे गए हैं. जिसे लेकर छात्र छात्राएं काफी परेशान हताश एवं निराश हैं.



मांग पत्र के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलने सचिवालय पहुंचा आजसू का प्रतिनिधिमंडल.

**पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा न होने पर आंदोलन की चेतावनी :** अभिषेक शुक्ला ने कहा कि परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया गया था. फिर भी पाठ्यक्रम के बाहर से प्रश्न पूछा जाना छात्र-छात्राओं एवं उनके भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है. पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित न होने पर अभिषेक शुक्ला ने आंदोलन की चेतावनी दी है. वहीं युवा आजसू के अन्य सदस्य रोहित चौधरी ने कहा कि अगर जल्द ही इस मामले पर कार्रवाई नहीं की गई तो जेएसएससी दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन आंदोलन और तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रोहित चौधरी विपिन कुमार यादव, विक्रम यादव, सिमरन यादव, आदित्य सिंह, अनमोल राहुल कुमार, करण सिंह, दीपक दुबे शामिल थे.

# शाहगंज में हुई उर्दू कहानीकार डॉ. कहकशां की मिट्टी की रस्म

संवाददाता। रांची

रांची की प्रसिद्ध उर्दू कथा लेखिका, रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष एवं अंजुमन फरोग उर्दू की संरक्षक डॉ कहकशां परवीन की मिट्टी की रस्म पटना के शाहगंज मोहम्मदपुर कब्रिस्तान में बुधवार को की गई. उनका निधन गत सोमवार को दिल्ली के मेदांता अस्पताल में हो गया. उन्हें हवाई मार्ग से पटना ले जाया गया था. वे पहले बीमार थीं. उनका जन्म 26 फरवरी 1958 को पुरुलिया में हुआ था. उन्होंने सालेहा आबिद हुसैन के उपन्यास विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी. वे 1996 में डोरंडा कॉलेज में उर्दू विभागाध्यक्ष बनायी गयीं और 2021 में रांची विश्वविद्यालय की उर्दू विभागाध्यक्ष बनीं. वहीं से जनवरी 2023 में सेवा निवृत्त हुई थीं.



डॉ. कहकशां की शव यात्रा में शामिल गणमान्य लोग.

उर्दू साहित्य की कहानियां, एक मीठी धूप, सन जर्नी, रेड लाइन्स, वॉटर मून और पीकॉक फीट उनके प्रसिद्ध कहानी संग्रह हैं. पटना के शाहगंज में डॉ. कहकशां परवीन के अंतिम दर्शन के लिए शहर के बाहर से आये लोगों में प्रो कमर जहां (भागलपुर), डॉ. आमिर मुस्तफा सिद्दीकी (हजारीबाग), डॉ. मोहम्मद अयूब, डॉ. जेबा (रांची), डॉ. शफुता बानो, मोहम्मद गालिब निश्तार, मोहम्मद इकबाल व पुरुलिया के रिश्तेदार शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### विभिन्न स्कूलों में जांच शिविर का आयोजन

**चान्हो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चान्हो ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान कुल 1170 लोगो का सिकल सेल जांच किया गया साथ ही उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया.मौके पर डा सरिता कच्छप, श्यामेंद्र कुमार अभिषेक, भोला साहू, विजयानन्द पाठक सहित अन्य मौजूद थे.

### वन विभाग ने सखुआ का 50 बोटा जब्त किया

**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के चतरा डेम्बाबुरा जंगल में छापेमारी कर वन विभाग ने सखुआ का 50 बोटा जब्त किया है. रेंजर राजेश कुमार ने बताया कि जब्त किए गए बोटा की कीमत तीन लाख रुपये है. वहीं संबंधित तस्करों पर वन विभाग प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई कर रहा है. जब्त लकड़ी महिलौंगलों वन क्षेत्र कार्यालय में रखी गई है.

### आठ भट्ठा मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मांडर।** प्रखंड के आठ भट्ठा संचालकों के खिलाफ जिला खान निरीक्षक पिंटू कुमार ने मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. सभी के खिलाफ अवैध रूप से ईंट मिट्टी का उत्खनन कर ईंट बनाने का आरोप है. प्राथमिकी में संतोष उरांव सरी ब्रिक्स परयागो, जोसेफ उरांव एएए ब्रिक्स बांसजाड़ी, शंकर महतो, महतो ब्रिक्स सकरपादा, बीरेन्द्र उरांव, सरना ब्रिक्स पचपादा, परशुराम उरांव एचकेबी ब्रिक्स करकरा, मुस्लिम अंसारी चदरा चिमनी चटवल, मकबूल अंसारी राज ब्रिक्स और राजकुमार सिंह केशकानी का नाम शामिल हैं.

### रातू में ट्रांसफार्मर जला ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी

**रातू।** थाना क्षेत्र के टीपूटोला हुरहुरी में बुधवार की शाम 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया. मुखिया कमल खलखो ने जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है. इस संबंध में जेई रातू ने बताया कि हमें ट्रांसफार्मर जलने का पता चला है. क्षेत्र के लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए जल्द उसे बदल दिया जाएगा.

### तमाड़ में वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र की मल्हान भुइयांडीह पंचायत के काशीडीह गांव में बुधवार की दोपहर वज्रपात से दो बैलों की मौत हो गई. बताया जाता है कि दोनों मवेशी खेतों में चर रहे थे . उसी समय बारिश के साथ वज्रपात हुआ. जिसकी चपेट में परमेश्वर महतो व लक्ष्मीकांत महतो के एक-एक बैल आ गए. सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि प्रताप सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो घटनास्थल पर पहुंचे और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया.

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रातू।** रातू पुलिस ने मारपीट के आरोपी दो लोगों को बुधवार को जेल भेज दिया. बताया जाता है कि रातू थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी यशवंत कुमार सिंह को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में विकास पांडेय एवं राकेश पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार किया. दोनो आरोपी को जेल भेज दिया. इन दोनों भाइयों ने यशवंत कुमार सिंह को मंगलवार की शाम घर में घुसकर मारपीट किया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी.

### 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज का वितरण शुरू

**नामकुम।** प्रखंड के लैम्पस में बुधवार को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज बिक्री योजना शुरू की गई. लैम्पस प्रबंधक नीरज कुमार ने कहा कि पिछले 20 साल से 50% से 90% तक अनुदानित दर पर किसानों को प्रतिवर्ष खरीफ और रबी फसल का बीज उपलब्ध कराया जाता है. नामकुम लैम्पस में अभी डीआरआरएच 3 और डीआरआरएच 2, हाइब्रिड धान बीज क्रमशः 50 क्विंटल और 10 क्विंटल उपलब्ध है. दोनों बीजों की कीमत प्रति किलो 110.50 रुपए निर्धारित की गई है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लैम्पस अध्यक्ष आरती कुजूर ने किसानों से योजना का लाभ लेने की अपील की. मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रामावतार करकेट्टा, विपिन टोप्पो, मतिरीता होरो, खिजरी मुखिया कार्मेला कच्छप, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह और विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप आदि मौजूद थे.

---

### बुढ़मू पुलिस सरना धर्मावलंबियों से किया अभद्र व्यवहार, मारपीट, तीन दिनों से लगा रहे थे थाना का चक्कर

# थाना प्रभारी ने मांगी माफी,चार दिन बाद थाने में बुलाई बैठक

**बसंत मुंडा। रांची/बुढ़मू**

सरना धर्मावलंबियों ने बुढ़मू थाना की पुलिस पर अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि पुलिस ने बिना जांच के ही उनके साथ अभद्र व्यवहार किया. साथ ही उनके साथ मारपीट की. आरोप लगाया कि पीड़ित लोग तीन दिनों तक थाना के चक्कर लगाते रहे. लेकिन पुलिस टाल मटोल करती रही. उनका कहना है कि सामाजिक कार्यकर्ता और धार्मिक अगुवाओं की पहल पर प्रशासन ने आज बुधवार को थाना परिसर में बैठक बुलायी. दो घंटे तक चली बैठक के बाद बुड़मू पुलिस ने अपनी गलती स्वीकार की. हालांकि थाना प्रभारी रामजी कुमार का कहना है कि गाली-गलौज और मारपीट का


बुढ़मू थाना परिसर में पहुंचे आदिवासी संगठनों के लोग

आरोप सरासर गलत है. गुप्त सूचना के आधार पर हम वहां जानकारी लेने पहुंचे थे. लेकिन पुलिस को देखकर गांव में लोगों की भीड़ जुटने लगी थी.

#### आरोप - पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया और मारपीट भी की

बुढ़मू थाना के बड़कामुरु गांव निवासी व पीड़ित सहदेव मुंडा ने बताया कि 16 जून (रविवार) को परिवार में शांति और खुशहाली बनी रहे, इसको लेकर भजन कीर्तन का आयोजन किया था. जिसमें सीता मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, प्रीति उरांव, सोहराई उरांव, मिलि मुंडा, सुमित्रा मुंडा, शनिचरवा उरांव, बंधना उरांव और राजमुनी आये थे. लेकिन गांव के कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस को गलत जानकारी दी कि यहां धर्मांतरण कराया जा रहा है. सूचना पाकर पुलिस रात करीब आठ बजे वहां पहुंची और सभी लोगों से पहचान पत्र और आधार कार्ड मांगा. पुलिस को बताया भी कि सभी लोग घर में भजन-कीर्तन करने आये हैं. सरना झंडा भी दिखाया. लेकिन पुलिस ने बिना जांच के सरना धर्मावलंबियों से अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटना को अंजाम दिया.

#### सरना धर्म को मजबूत बनाने पर जोर दें : उरांव

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव ने कहा कि हमें सरना धर्म के प्रति जागरूक रहना है. यह हमारी आस्था और विश्वास से जुड़ा हुआ धर्म है. यह हमें पूर्वजों से मिला है. इसे हमें सुचारू रूप से चलाना है. लोगों के बहकावे में नहीं आना है. इसके लिए आदिवासी समाज एकजुट रहे और आदिवासी समाज के धर्म और संस्कृति को मजबूत बनायें. बारह पड़हा राजा सधन उरांव ने कहा कि सरना भजन कीर्तन पर आकर अभद्र व्यवहार करना और मारपीट करना आदिवासियों पर हमला है. इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. मारपीट की घटना की जांच होनी चाहिए. दोषी थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो उच्च अधिकारियों से मिलेंगे और घटना की जानकारी देंगे. अगर इससे भी कुछ नहीं हुआ तो सीएम से मिलकर शिकायत करेंगे.

#### बैठक में ये हुए शामिल

केंद्रीय सरना समिति के नारायण उरांव, सघन उरांव, आदिवासी छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजू उरांव, समाज सेवी बबलू उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता सुका उरांव, धर्मेश उरांव, हेमंत मुंडा समेत सैंकड़ों आदिवासी समाज के लोग बैठक में शामिल हुए.

---

### वारदात में इस्तेमाल पिस्टल, गोली, बाइक व मोबाइल फोन के साथ हेलमेट बरामद

# फुसरो जेवर दुकान फायरिंग में प्रिंस के पांच गुर्गे गिरफ्तार

**खास बातें**
- सभी आरोपी मधुबन व सोनारडीह के रहने वाले
- बिट्टू सोनार, प्रिंस खान गिरोह की मुख्यकड़ी

**संवाददाता। बोकारो/बेरमो**

एटीएस व बोकारो पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार किए गए. इन आरोपियों ने 12 जून को फुसरो की ज्ञान ज्वेलरी दुकान और 17 मई को फुसरो रोड स्थित मोती अलंकार के शोरूम में गोली चलाई थी. दोनों घटनाओं में मेजर के नाम से पत्र जारी कर 20 लाख की रंगदारी मांगी गई थी और रकम नहीं देने पर दुकान मे फाइरिंग की गई थी.

पकड़े गए अपराधियों में धनबाद और बोकारो में प्रिंस खान गिरोह का फिलहाल संचालन करने वाले बिट्टू सोनार और उसके 4 सहयोगी गोलू कुमार, छोटू कुमार, अरविंद सोनार व ऋतुराज कुमार उर्फ बाबू शामिल हैं. सभी धनबाद के मधुबन थाना क्षेत्र और सोनारडीह के रहने वाले हैं. पकड़े गए बदमाशों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल, गोली, बाइक व मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं.

यह जानकारी बोकारो रेंज सह एटीएस के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने बुधवार को बोकारो एसपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी.

**छापामारी दल में शामिल:** वशिष्ठ नारायण सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट, नितिन खंडेलवाल पुलिस उपाधीक्षक एटीएस रांची, नवल किशोर सिंह पुलिस निरीक्षक बेरमो अंचल, अशोक कुमार पुलिस निरीक्षक सर थाना प्रभारी बेरमो थाना, नवीन कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक साइबर सेल बोकारो, अनिल कुमार तिवारी पुलिस निरीक्षक एटीएस रांची, अमन कुमार थाना प्रभारी चंद्रपुरा, निवास कुमार ओपी प्रभारी बोकारो, मनीष कुमार थाना प्रभारी दुग्धा, रवि कुमार थाना प्रभारी नावाडीह, पिंटू महता ओपी थाना प्रभारी गांधीनगर, अमित कुमार राय थाना प्रभारी जरीडीह, नित्यानंद भोक्ता थाना प्रभारी गोमिया, विक्रांत कुमार बेरमो थाना, सचिन रोशन बेरमो थाना, अभिषेक रंजन बालीडीह थाना, विकास कुमार विश्वकर्मा जरीडीह थाना, तकनीकी शाखा दल,पुलिस अधीक्षक कार्यालय बोकारो.



#### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम और पता

1. बिट्टू सोनार उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय वीरू सोनार ग्राम नावागढ़ सोनारटोला ,थाना मधुबन, जिला धनबाद ।
2. गोलू कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष पिता स्वर्गीय विजय सिंह ग्राम सुल्तानपुर ,थाना परवलपुर जिला नालंदा
3. छोटू कुमार सिंह उम्र 25 वर्ष पिता स्वर्गीय विजेंद्र सिंह ग्राम एराई थाना शाहजहांपुर जिला पटना
4. अरविंद सोनार उर्फ चिटू उम्र 26 वर्ष पिता सुबोध सोनार ग्राम नावागढ़ सोनार टोला ,थाना मधुबन ,जिला धनबाद
5. रितूराज कुमार उर्फ बाबू उम्र 25 वर्ष पिता सुधीर सिंह ग्राम सोनारडीह भागाबस्ती, थाना सोनारडीह जिला धनबाद

**बरामद सामान की सूची :** पिस्तौल 01, मैगजीन सहित,गोली 02-7.65 के०एफ० अंकित, गोली कांड में प्रयुक्त टीभीएस राईडर, मोटरसाईकिल काला रंग का, हेलमेट दो, घटना के समय पहना हुआ,मोबाईल फोन-06, गिरफ्तार पांचों अभियुक्त के पास से नगदी 25,910 रूपया, घटना के दौरान पहना हुआ शर्ट.

### झुंड से बिछड़े हाथी ने घर की दीवार तोड़ी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के लुरंगी गांव में झुंड से बिछड़े हाथी ने सुषमा देवी के घर की दीवार और छप्पर को तोड़ दिया. घटना मंगलवार देर रात की है. घटना के समय सुषमा देवी घर के अंदर अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी. वह भागकर मुश्किल से अपनी और बच्चों की जान बचाई. पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने हाथी को गांव से बाहर भगाया. हालांकि तब तक हाथी घर में रखा चावल, महुआ आदि खा चुका था. ग्रामीणों के अनुसार हाथी गांव के पास स्थित जंगल में मौजूद है. ग्रामीणों में इस बात को लेकर भय व्याप्त है कि कहीं हाथी बुधवार की रात फिर सेगांव में नहीं पहुंच जाए.

### मांडर विधायक ने की योजनाओं की समीक्षा

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अगुवाई में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.मौके पर विधायक ने अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन को लेकर जरूरी निर्देश दिया. कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, उसमें किसी प्रकार का कोई अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.इसके साथ ही पेयजल ,खाद्य आपूर्ति,शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग की भी समीक्षा की गई साथ ही जरूरी निर्देश भी दिए गए.मौके पर दिलीप सिंह,अजीत सिंह, मोजीबुल्ला सहित अन्य मौजूद थे.

### आंधी तूफान में गिरा पेड़, बाल बाल बचे लोग

**रातू।** रातू प्रखंड कार्यालय के सामने एक लिप्टस का पेड़ आंधी तूफान में गिर गया. जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ. पेड़ के नीचे बड़ी संख्या में वाहन खड़े थे.पेड़ प्रखंड कार्यालय के छज्जे पर गिरा जिससे छज्जा टूट गया. किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है.

## न्यूज अपडेट

### छोटामुरी के पहाड़ी मोहल्ला के एक घर में लगी आग


अगलगी की जांच करती पुलिस की टीम.

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन लगभग तीन बजे विजय स्वर्णकार के घर में आग लग गई. विजय स्वर्णकार ने बताया कि वह घर में सो रहे थे . इसी क्रम में उन्होंने आशंका जताई की शॉर्ट सर्किट होने के वजह से उनके घर में आग लग गई.आग लगने की खबर फैलने पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अग्निशमन दल को बुलाया गया. अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग पर काबू पा लिया. आग लगने से घर के सारे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मौके पर मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह दलबल के साथ मौजूद रहे.

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप टूर्नामेंट, कस्तूरबा की टीम विजेता बनी


टूर्नामेंट में विजयी टीम.

**सोनाहातू।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के बालिका वर्ग के मुकाबला में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू की टीम ने प्लस टू विद्यालय सोनाहातू को एक गोल से पराजित किया. विजेता टीम कस्तूरबा अब जिला स्तर में खेलेगी. इसके पूर्व फाइनल मुकाबले का उद्‌घाटन आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक,झरिया महतो, विपिन पाल,आदि ने संयुक्त रूप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किए। खेल को संपन्न कराने में खेल शिक्षक विंदेश्वर महतो उर्फ डिप्टी महतो की टीम ने संपन्न कराया.

### जिप उपाध्यक्ष ने किया सामुदायिक स्वस्थ केंद्र का निरीक्षण


मरीजों से बात करते जिप सदस्य.

**सिल्ली/मुरी।** जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिल्ली का निरीक्षण किया.ओपीडी, नेत्र चिकित्सा, दंत चिकित्सक, डिलीवरी से लेकर सभी वार्ड का निरीक्षण किया. इस दौरान इलाजरत मरीजों की समस्याओं की जानकारी ली एवं उन्होंने समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द पहल करने का भी आश्वासन दिया. ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का कुछ शिकायतों और आयुष्मान कार्ड के विषय में भी जानकारी ली. मौक़े पर सिल्ली प्रमुख जीतेन्द्र नाथ बड़ाईक, पिस्का पंसस अनिल मांझी आदि उपस्थित थे.

### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए सिल्ली विधायक


हरिनाम संकीर्तन में शामिल विधायक व अन्य.

**सोनाहातू।** प्रखंड के पंडाडीह गांव में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन जागरण रात्रि में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल हुए. विधायक ने मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र के लोगों की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की. उन्होंने कहा कि भक्ति से स्वच्छ वातावरण बनता है.मौके पर सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र सिंह मुंडा, रुद्रप्रताप सिंह मुंडा, जयपाल साहू, शुभेन्दु शेखर मुखर्जी, रामरंजन चटर्जी, जितेंद्र साहू, बिष्णुपद चटर्जी, अनूप प्रमाणिक, सुनील साहू, रामकिशोर साहू, मलय मुखर्जी, मृणाल चंद, प्रवीर चंद, फुलकेश्वर पुरान, राहुल बटब्याल, मनीष साहू, महकम महतो, अक्षय महतो, तुलसी महतो, लंकेश्वर महतो, खगेन्द्र नाथ महतो आदि मौजूद थे.

### बुंडू में बाइक चोरी के आरोप में तीन पकड़ाये

**बुंडू।** बुंडू पुलिस ने बुधवार को बाइक चोरी के आरोप में कापीडीह, राहे निवासी उत्तम मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और अपाची बाइक जब्त कर ली. वहीं उत्तम के साथ चोरी में शामिल दो नाबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया. थानाप्रभारी पंकज भूषण ने बताया कि 11 अप्रैल को सरहुल के दिन हाई स्कूल रोड स्थित कल्याण बालक छात्रावास परिसर में खड़ी की गई बुचाडीह, बारुहातू, बुंडू निवासी शिव मुंडा की अपाची बाइक चोरी हो गई थी. सूचना मिलने पर बुंडू के रेदागांव में मंगलवार को बाइक के साथ उत्तम मुंडा और उसके दो नाबालिग साथियों को हिरासत में लिया गया.

---

## केन्द्रीय तसर संस्थान का 60वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

**संवाददाता। पिस्कानगड़ी**

नगड़ी स्थित केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान का 60वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई. संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने समारोह के मुख्य अतिथि खूंटी के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, विशिष्ट अतिथि पी शिवकुमार, भावसे एवं सदस्य सचिव, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दूबे सहित अन्य अतिथियों का आभार जताया. मुख्य अतिथि ने कहा कि बेरोजगारी के दौर में स्वरोजगार के लिए तसर रेशम कीटपालन का काम अच्छा साधन है. तसर रेशम उद्योग से लोगों को रोजगार तो मिलता ही है इससे प्रदूषण भी नहीं फैलता है. उन्होंनेन्हों नेइस उद्योग को और अधिक बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड से अनुरोध किया कि भारत सरकार से स्पेशल पैकेज के लिए प्रस्ताव भेजे. वहीं केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सचिव पी शिवकुमार ने कहा कि भारत में तसर रेशम के उत्पादन में जो कमी आई है उसको बढ़ाना है. उन्होंने ने कहा कि चीन में रेशम का उपयोग कॉस्मेटिक उत्पादों में भी हो रहा है. हमें इस पर काम करना चाहिए. समारोह में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दूबे ने कहा कि यह संस्थान अनुसंधान के साथ ही प्रशिक्षण देने का भी काम करता है.

## खनन अनुबंध पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संवाददाता। पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा ऑफिसर्स क्लब मे दो दिवसीय माईनिंग व सिविल कान्ट्रेक्ट के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया.पहले दिन बुधवार को माईनिंग कान्ट्रेक्ट (खनन अनुबंध) संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सीसीएल के पांच क्षेत्रो के सीसीएल अधिकारी शामिल हुए. जिसमें पिपरवार,एनके एरिया,आम्रपाली-चन्द्रगुप्त, मगध-संघमित्रा एंव रजहरा एरिया के माइनिंग अधिकारी शामिल हुए. मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय और विशिष्ट अतिथि में सीसीएल हेडक्वाटर के चीफ मैनेजर माइनिंग सह मुख्य प्रशिक्षक प्रशंजीत


उपस्थित अधिकारी का स्वागत करते पिपरवार के महाप्रबंधक.

मेहती मौजूद थे. पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर माइनिंग सुभोजित हलदर ने फूलो का गुलदस्ता देकर अतिथियों का स्वागत किया. जिसके बाद अतिथियो ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला की शुरुआत की. कार्यक्रम में माइनिंग कान्ट्रेक्ट (खनन अनुबंध) से संबंधित बातों पर जानकारी दी गई. सीसीएल हेडक्वाटर के चीफ मैनेजर माइनिंग सह मुख्य प्रशिक्षक प्रशंजीत मेहती ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से अधिकारियों को माइनिंग कान्ट्रेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी.इस मौके पर डिप्टी मैनेजर लीगल राजु प्रसाद, पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, एसओ माईनिंग सुभोजित हलदर, अभिजीत दत्ता, किशन अवस्थी, ज्योति कुशवाहा, उज्जवल कुमार, पिपरवार के डिप्टी मैनेजर माईनिंग रविशंकर आजाद, एनके एरिया के राजहंश प्रसाद सहित माइनिंग विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे.

---

**गुड न्यूज**

### स्वामी विवेकानंद नि:शक्त स्वावलंबन योजना के तहत मिलेंगे एक हजार रुपये

# सिकल सेल के नौ मरीजों को आजीवन पेंशन मिलेगी

**मुख्य संवाददाता। रांची/खूंटी**

खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिले में सिकल सेल के मरीजों को पहली बार पेंशन देने की पहल की है. उनकी इस पहल से जिले के नौ लोग लाभान्वित होंगे. इस पेंशन योजना के शुरू होते ही सिकेल सेल एनिमिया से पीड़ित को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सरकारी सहायता आजीवन मिलेगी. स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत सहायता राशि देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. प्रथम चरण में खूंटी प्रखंड के तीन, कर्रा के तीन, मुरहू दो, तोरपा एक व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिलेगा. भविष्य में यदि सिकेल सेल एनिमिया से पीड़ित व्यक्ति की पहचान होती है, तो उन्हें



खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा.

भी इस योजना से जोड़ कर आजीवन पेंशन दी जाएगी.

**अब तक 99165 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग :** जिले में अबतक कुल 99165 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है. इनमें 114 सिकल सेल के कैरियर पाये गये और 46 व्यक्ति सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया रोग से ग्रसित पाए गए. इनमें से नौ व्यक्ति जो 40 प्रतिशत व इससे अधिक सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया रोग से ग्रसित हैं, उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत पेंशन की राशि दी जाएगी.

**स्क्रीनिंग जांच के लिए लगाए जा रहे शिविर :** जिला स्तर पर सिकल सेल मोबाइल मेडिकल वैन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों जाकर स्क्रीनिंग का काम कर रही है. सदर अस्पताल, खूंटी में सिकल सेल एनिमिया रोग से ग्रसित व्यक्तियों के समुचित उपचार के लिए सिकल सेल एनिमिया-थेलेसिमिया डे केयर सेंटर का संचालन किया जा रहा है. इसमें प्रतिमाह औसतन 15 लोगों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, उपचार, दवाइयां एवं रक्त उपलब्ध कराई जा रही है.

**सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता जरूरी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा का कहना है कि सिकल सेल एनीमिया के संबंध में लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है. यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है, ये विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है. गंभीर एनीमिया से संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है. सिकल सेल अनीमिया से बचाव के उपायों और उपचार की जानकारी सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है.

## बाइक और लूना में टक्कर बाइक चालक की हुई मौत

- टीवीएस लूना चालक बाल- बाल बचा, हल्की चोटें आईं, घर लौटा

**संवाददाता। लापुंग**

कमडारा महुगांव फतेहपुर सड़क पर बुधवार को पूर्वाह्न लगभग 11 :15 बजे एक टीवीएस लूना एवं बजाज पल्सर बाइक के बीच टक्कर हुई.जिसमें फतेहपुर निवासी ( वर्तमान पता रेहरगडा. गोविन्दपुर) 45 वर्षीय राज मिस्त्री कलीम अंसारी की मौत हो गई. वहीं कथकुंवारी झोरा टोली के टीवीएस लूना चालक 62 वर्षीय नेल्सन होरो घायल हो गए. घटना इतनी भीषण थी कि फतेहपुर निवासी बाइक चालक कलीम अंसारी का सिर टीवीएस लूना की हेडलाइट से टकरायी और हेडलाइट का शीशा टूटकर कलीम के सिर में फंस गया. घटना स्थल पर ही कलीम की मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टीवीएस लुना चालक बैंक के काम से सुबह लापुंग गया था और काम होने के बाद लौट रहा था. वह सड़क के बायीं ओर से जा रहा था तभी तेज गति से बजाज पल्सर बाइक सवार चालक कलीम अंसारी महुगांव की ओर से तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टीवीएस लूना पर टक्कर मार दी. उसका सिर टीवीएस लूना के हेड लाइट से टकरा गई. इससें कलीम के सिर में भयंकर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया. जहां प्राथमिक उपचार कर उसे अस्पताल से ही छुट्टी दे दी गई. थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सहित अन्य पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व सशस्त्र बलों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की. बाइक और लूना को लापुंग पुलिस ने जब्त कर लिया.

# सारंडा के जंगलों में अब आखिरी सांसें गिन रहे हैं नक्सली

शैलेश सिंह। किरीबुरु

वर्ष 1980 के दशक में झारखंड आंदोलन के नाम पर समूह में आये बाहरी लोगों द्वारा सारंडा जंगल को काट रिजर्व वन भूमि पर कब्जा कर नई बस्ती अथवा गांव बसाया जा रहा था. ऐसे लोगों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई की थी. वन विभाग ने बसायी गई अवैध बस्ती को उजाड़ने, जलाने के साथ-साथ लोगों को पकड़-पकड़ कर जेल भेज दिया था. वन विभाग की इस कार्रवाई से उक्त लोगों व उनके नेताओं में खलबली मच गई थी. सभी संगठित होते हे, लेकिन वन विभाग का यह अभियान निरंतर जारी रहा.

वन विभाग की इस कार्यवाही से इन्क्रोचमेंट भू-भाग पर बसे लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए भारत जन आंदोलन सह झारखंड खुटकट्टी संघ के नेता स्व. मोरा मुंडा (कादोडीह निवासी) एवं स्व. इमानुएल बारला (तोपाडीह) ने वर्ष 2000 में गुमला क्षेत्र में सक्रिय तब के नक्सली संगठन एमसीसीआई (अब भाकपा माओवादी) से संपर्क साध वन विभाग की कार्यवाहियों से अवगत करा उनसे सहयोग मांगा.



पीएलजीए के नक्सली कमांडर आजाद की यह तस्वीर सारंडा जंगल के तिरिलपोसी गांव में वर्षों पूर्व ली गई थी

## 25 नवंबर 2001 को पहला नक्सली दस्ता पहुंचा सारंडा

नक्सलियों का 20 सदस्यीय पहला हथियारबंद दस्ता पहली बार पोड़ाहाट जंगल (बंदगांव, टेबो) के रास्ते 25 नवंबर 2001 को सारंडा के बिटकिलसोय स्कूल में शरण लिया. नक्सलियों के आने की खबर पुलिस को ग्रामीणों ने दी. उसके बाद पुलिस 27 नवंबर 2001 को बिटकिलसोय गांव पहुंची, वहां दोपहर में स्कूल में खाना खा रहे नक्सलियों से पहला मुठभेड़ हुआ. इस मुठभेड़ में ईश्वर महतो नामक नक्सली मारा गया था. इसके पास से एक एसएलआर, ग्रेनेड, 20 हजार रुपये नकद व गोलियां बरामद हुई थीं. इस घटना के बाद एक साल तक नक्सली चुप्पी साधे रहे. वे संगठन को गांव-गांव में घूमकर मजबूत करते रहे. पुलिस मुखबिरी के आरोप में 17 दिसंबर 2002 को बिटकिलसोय के मुंडा जीवन मसीह भुइयां की गला रेत हत्या कर पुलिस को आमंत्रित किया.

## 19 दिसंबर 2002 को नक्सलियों ने किया पहला हमला

19 दिसंबर 2002 को पुलिस स्व. भुईयां का शव लेने बिटकिलसोय गई जहां घात लगाकर नक्सलियों ने पुलिस पर पहला हमला बोल दिया. इसमें 12 पुलिसकर्मी व चार प्राइवेट चालक समेत कुल 17 लोगों की मौत हुई. नक्सलियों ने पुलिस का हथियार भी लूट ले गये थे. इस घटना ने पुलिस व वन विभाग व सारंडा के ग्रामीणों में खौफ पैदा कर दिया था. नक्सलियों द्वारा हथियार लूटे जाने के भय से वन विभाग ने अपने तमाम हथियारबंद होमगार्ड के हथियार सरकार के पास जमा करा दिए व जंगल जाना भी बंद कर दिया. इसके बाद सारंडा में नक्सलियों ने तांडव मचाते हुए समठा के वनपाल लूथर तिर्की की हत्या, तमाम वन विश्रामागार को उड़ाने के अलावे सेल की मेघाहातुबुरु खदान में घुसकर चार अधिकारियों का अपहरण व लेवी की मांग की.

## जंगल में अवैध गांव नक्सलियों की मुख्य शरणस्थली

इन्क्रोचमेंट अवैध जंगल गांव नक्सलियों रण सथलका मुख्य शरणस्थली रहा था एंव आज भी अनेक ऐसे गांवों में उनका आना जाना लगा रहता है. लेकिन यह अवैध जंगल गांवों की जमीन पर कब्जा को लेकर आपस में हीं ग्रामीणों में विवाद लंबे समय से चलते आ रहा है. इस विवाद के अलावे संथाल नक्सलियों का हो समुदाय के नक्सलियों से अधिक वर्चस्व, निर्दोष ग्रामीणों को बेवजह हत्या आदि मामले भी नक्सलियों को कमजोर करने का एक बडा.कारण रहा है. 25 लाख रूपये का इनामी नक्सली समर जी उर्फ अनमोल दा, उर्फ लालचंद हेम्ब्रम की हत्या की योजना उसके साथी नक्सलियों ने सारंडा में हीं बना डाली थी. लेकिन इस विवाद को नक्सली नेता संदीप दा (अब जेल में) ने बैठक कर हल किया था. पुलिस जिस एक्शन व रफ्तार में है उसे देख यह कहा जा सकता है कि सारंडा व कोल्हान जंगल आने वाला दो वर्ष के अंदर नक्सलियों से मुक्त हो जाये.

## 31 मार्च 2004 को बड़ाजामदा ओपी पर किया हमला

इसके बाद 31 मार्च 2004 को दिनदहाडे.बड़ाजामदा ओपी पर हमला कर 10 राइफल, एक पिस्टल व सैकड़ों कारतूस व नकदी लूट लिये. लूटे गये हथियार की बरामदगी के लिये सीआरपीएफ के साथ निकली पुलिस पर 7 अप्रैल 2004 को बालिबा गांव के समीप नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया. इसमें 30 अधिकारियों व जवानों को मौत के घाट उतार नक्सली दो एलएमजी समेत दर्जनों हथियार लूट ले गये. इस घटना के बाद 30 मई 2006 को थोलकोबाद आवासीय विद्यालय में चारों तरफ लैंड माइन लगा पूरी पुलिस टीम को उड़ाने की साजिश रची, लेकिन वह विफल हो गया. उस समय पुलिस ने स्कूल से 12 लैंड माइन बरामद कर वापस किरीबुरु लौट रही थी, तभी कलैता गांव के समीप लैंड माइन विस्फोट कर सीआरपीएफ के 12 जवानों को नक्सलियों ने उड़ा दिया. इसके अलावे छोटानागरा, मनोहरपुर आदि थानों पर हमला एवं अलग-अलग घटनाओं में दर्जनों जवानों एवं ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा. विकास कार्यों में लगे वाहनों को फूंका.

**स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर फहराते थे काला झंडा :** वर्ष 2011 के मध्य महीने तक सारंडा जंगल में नक्सलियों का अपना शासन कायम था तथा तमाम स्कूलों में तिरंगा ध्वज की जगह काला झंडा या उल्टा तिरंगा स्वतंत्रता व गणतंत्र दिवस के अवसर पर फहराता था. नक्सलियों की बिना इजाजत के सारंडा में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक थी. लेकिन वर्ष 2011 में लगभग एक महीने तक चली आपरेशन ऐनाकोंडा के बाद लंबे समय तक नक्सली सारंडा छोड़ पलायन किये. इस दौरान पुलिस व सीआरपीएफ की सक्रियता की वजह से वह बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाये हैं. सिर्फ एक-दो ग्रामीणों की हत्या पुलिस मुखबीर होने के आरोप में किये हैं.

**सारंडा में अब नहीं है नक्सली कैंप :** सारंडा में अब पूर्व की तरह उनका कोई भी स्थायी-अस्थायी कैंप भी नहीं रहा. हालांकि थोलकोबाद निवासी मारा गया कुख्यात नक्सली कांडे होनहागा, पकड़ा गया हतनाबुरु गांव निवासी नक्सली पांडु हंसदा उर्फ टाईगर के सहयोग से वह सारंडा में आना-जाना करते रहे. लेकिन अब सारंडा में प्रवेश काफी मुश्किल है. सारंडा में थोलकोबाद, तिरिलपोसी, जुम्बईबुरू, करमपदा, किरीबुरु, सैडल, छोटानागरा, रोवाम, बालिबा, अंकुआ, मनोहरपुर, जराईकेला, दीघा आदि स्थानों पर पुलिस कैंप स्थापित हैं. इससे नक्सली सारंडा में घुसने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं.

---



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** – मृत्यु भाव में चंद्रमा है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**वृषभ** – व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. इत्र का दान करें.

**मिथुन** – कार्य का लाभ विलंब से मिलेगा. समय सामान्य है. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** – लग्न का मालिक नीच है. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. किसी बड़ा जोखिम उठाने से पहले विचार करें.

**सिंह** – समय सामान्य है. माता या किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा.शुभफलों की प्रधानता रहेगी. अपनों से विवाद से दूर रहें.

**कन्या** – समय अनुकूल है, पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. आपके कार्य और प्रभाव से काम-काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** – आय के लिए दिन अच्छा है. काम-काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं.परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं.

**वृश्चिक** – समय लाभ का मौका देगा. बस कार्य पर ध्यान दें. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है.

**धनु** – विदेशी मेहमान से लाभ होगा. स्वास्थ्य और शिक्षा में खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. खान पान पर ध्यान दे. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. केला दान करें.

**मकर** – योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. काला वस्तु दान कर शनि को खुश करें.

**कुंभ** – कोई यात्रा हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. आलस का त्याग करें.

सस

**मीन** – समय सामान्य है. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए.

---

चंपाई कैबिनेट के फैसले : वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन

# वाहन टैक्स डिफॉल्टरों के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम

**पेनाल्टी 50 % माफ होगी**

- लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टर श्रेणी में, 2204 करोड़ है बकाया
- लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय, प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य की चंपाई सोरेन सरकार ने वाहन टैक्स डिफॉल्टरों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने उनके लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाया है, जिसमें पेनाल्टी माफ होगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान गयी है. सरकार के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टर की श्रेणी में हैं. इन पर 2204 करोड़ का बकाया है. इसमें रोड टैक्स का 763 करोड़ और पेनाल्टी 1436 करोड़ है. रोड टैक्स तो पूरा देना होगा, लेकिन पेनाल्टी में 50 प्रतिशत की छूट दी गयी है.

सरकार ने झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है. इसके तहत अब लिखित परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा. ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक लाना होगा. वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत और ओवरऑल 45 प्रतिशत अंक लाना होगा. इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारी होगा.

**संथालों के धार्मिक स्थल लुगुबुरू में डीवीसी का प्लांट नहीं लगेगा, केंद्र से भी अनुरोध किया जाएगा :** सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब संथाली आदिवासियों के पवित्र धार्मिक स्थल लुगुबुरु में डीवीसी के प्रस्तावित 1500 मेगावाट लुगुबुरू पहाड़ पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य स्थगित करने का निर्णय लिया है. इससे जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की. अब केंद्र सरकार से इसे स्थगित करने का अनुरोध किया जाएगा.

- उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम विकसित होगा. विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा. इसके लिए एजेंसी का तयन करने के साथ 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.
- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की वित्तीय नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के अधीन मेसर्स सीएससी का मनोनयन के आधार पर चयन करने एवं कार्यान्वयन के लिए 20,95,40,640 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- राज्य की सेवा/संवर्ग में कार्मिक द्वारा प्रोन्नति में रोक लगायी गयी थी. फलस्वरूप सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को देय तिथि से प्रोन्नति देने संबंधी निर्गत संकल्प संख्या-2013, दिनांक-10.04.2023 में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड गृह रक्षा वाहिनी (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2015 व झारखंड गृह रक्षा वाहिनी (अराजपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी.
- डब्ल्यूपीएस नं . 994/2014 सुशील कुमार बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-24.07.2019 को पारित न्यायादेश के आलोक में सुशील कुमार को प्रभारी कार्यपालक अभियंता बनाने की तिथि से कार्यपालक अभियंता के पद पर वैचारिक प्रोन्नति प्रदान करने की स्वीकृति.
- योजना एवं विकास विभाग के तहत झारखंड सांख्यिकी संवर्ग नियमावली 2011 (यथा संशोधित 2022) में संशोधन की स्वीकृति.
- योजना एवं विकास विभाग में दैनिक पारिश्रमिक / एकमुश्त पारिश्रमिक पर नियुक्त एक कर्मी की सेवा नियमितिकरण की स्वीकृति.

**कैबिनेट के अन्य निर्णय**

- झारखंड योजना सेवा विभागीय परीक्षा एवं प्रशिक्षण नियमावली-2023 को स्वीकृति दी गयी.
- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2021, 31 मार्च 2022 और 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष का अनुपालन लेखा परीक्षा (राजस्व) प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में रखने की स्वीकृति
- वित्त विभाग के तहत नवगठित तीन निदेशालयों पेंशन एवं लेखा निदेशालय, कोषागार एवं सांस्थिक वित्त निदेशालय और अंकेक्षण निदेशालय के निदेशक को विभागाध्यक्ष घोषित करने की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद के आलोक में जन्मजय प्रसाद सिंह, लिपिक (सेवानिवृत) एवं चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा, लिपिक (सेवानिवृत्त) की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान करने की स्वीकृति.
- पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के इलाज में खर्च हुए 45,29,312 लाख के भुगतान की स्वीकृति.
- झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना के संचालन के लिए झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के अंतर्गत पद सृजन की स्वीकृति.
- डॉ. बेला कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामपुर, लोहरदगा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति. ये पांच मार्च 2021 से अपनी सेवा से अनुपस्थित थीं.
- डॉ. बाबूलाल मुर्मू, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तुबिद, अड़की को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति. ये नौ सितंबर 2020 से अपने सेवा से अनुपस्थित थे.
- राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों अल्पसंख्यक सहित के शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति आदि से संबंधित परिनियम की स्वीकृति.
- राज्य सरकार के वैसे कर्मी, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया 01.12.2004 के पूर्व पूर्ण हो गयी हो, मगर 01.12.2004 के बाद नियुक्त हुए हों, उन्हें पुरानी पेंशन योजना की मान्यता के लिए निर्गत संकल्प संख्या 157/वि०पें० दिनांक 25.08.2023 में संशोधन की स्वीकृति.
- रांची नगर निगम अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लिए स्वीकृत डूर- टू -डूर कचरा कलेक्शन के निविदा का निस्तार करने के लिए 10% की अधिसीमा को शिथिल करने की स्वीकृति.
- विमान से यात्रा से संबंधित वित्त विभाग के संकल्प सं० 2530/वि० दिनांक 25.08.2023 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी.
- राज्य के विश्वविद्यालयों के मुख्यालय में कुलपति, प्रतिकुलपति एवं अन्य पदाधिकारियों के सातवें पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ दिनांक-01.01.16 से लागू करने से संबंधित संकल्प सं 319, दिनांक 07.02.2019 में संशोधन करने की स्वीकृति दी गयी.
- कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत सरायकेला-खरसांवा जिले के राजनगर में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 39,15,61,000 लाख और गम्हरिया में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 39,15,61,000 लाख की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड लोक सेवा आयोग में नियमित पद के विरूद्ध संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमित करने की स्वीकृति दी गई.

**पुलिस सेवा के अफसर-कर्मियों को मिलेगा प्रशंसा चिह्न :** राज्य सरकार ने पुलिस अफसरों और कर्मियों की मांग को पूरा करने का निर्णय लिया है. इनकी मांग थी कि उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र की जगह प्रशंसा चिह्न दिया जाए, ताकि वे अपने वर्दी में उसे लगा सकें. इससे जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट में हरि झंडी प्रदान कर दी.

---

# सर्वश्रेष्ठ बालिका कैडेट आरती को मेजर आशुतोष ट्रॉफी मिला



सैनिक स्कूल तिलैया

संवाददाता। रांची

झारखण्ड के सैनिक स्कूल तिलैया में मंगलवार को सर्वश्रेष्ठ बालिका कैडेट आरती कुमारी को उनके बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए मेजर आशुतोष ट्रॉफी के साथ ही 21000 रुपये की नकद राशि की छात्रवृति पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गयी. इस पुरस्कार की शुरुआत इस वर्ष से ही की गयी है. इसकी शुरुआत मिथिला सपूत शहीद मेजर आशुतोष ठाकुर की याद में की गयी है. पुरस्कार शहीद मेजर आशुतोष ठाकुर की बहन अंजू झा एवं उनके पति विवेकानंद झा मुन्नू ने प्रदान किया. साथ ही शहीद मेजर आशुतोष के पुण्यस्मृति में ''मेजर आशुतोष एसएम स्पोर्ट्स कॉम्पेल्क्स का उद्घाटन भी किया गया.

**कौन थे शहीद मेजर आशुतोष ठाकुर :** दरभंगा के शशिपुर ग्राम निवासी विमल चंद्र ठाकुर के सुपुत्र थे मेजर आशुतोष ठाकुर. वर्ष 1980 जून में मेजर ठाकुर का नामांकन सैनिक स्कूल तिलैया में हुआ. जून 1987 में उनका एनडीए बैच में दाखिला हुआ. 9 जून 1991 को जाट रेजिमेंट में मेजर का कमीशन हुआ. 1996 में इसी जाट रेजिमेंट की कमान को मेजर आशुतोष कमांड कर रहे थे, जब कश्मीर के बारामुला में आतंकी मुठभेड़ हुई. आतंकी मुठभेड़ में मेजर आशुतोष शहीद हो गये. मरणोपरांत मेजर आशुतोष ठाकुर को 26 जनवरी 1997 को राष्ट्रपति द्वारा गैलेंट्री (शौर्य चक्र) अवार्ड से सम्मानित किया गया था.



आशुतोष ठाकुर.

## जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**रामगढ़ ।** जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया. इस दौरान बैठक में विकास कार्यों व अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने एवं सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों को बायोमेट्रिक के द्वारा ही अपनी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने जिले के वैसे स्वास्थ्य केंद्रों जहां बिजली सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं है वैसे स्वास्थ्य केंद्रों में जल्द से जल्द बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बिजली वितरण रामगढ़, कुजू को दिया.

## मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता

संवाददाता। लातेहार

खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय , लातेहार द्वारा डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पेंटिंग का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में दर्जनों में छात्र व छात्राओं ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एवं इसके नुकसान की जानकारी पेंटिंग से दी. प्रतियोगिता में प्रिया सिन्हा, अनुष्का सिंह, सानिया तलक, रेशमी कुमारी, मनीषा कुमारी, निप्पु कुमार, संगम उरांव, अविनाश आनन्द समेत अन्य का पेंटिग सराहनीय रहा. विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तृप्ति भारती, शिक्षक संतोष पासवान, समीर टोप्पो, उदय कुमार का सहयोग सरहनीय रहा. ल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, प्रवीण मिश्रा, खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल उपस्थित थे.



---

## साइकिल का वितरण किया गया

**रंका(गढ़वा)।** अनुमंडल मुख्यालय के राजकीयकृत उच्च विद्यालय परिसर में उन्नति का पहिया योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पंकज तिवारी, रीमा देवी, प्रखंड अहमद अली अंसारी सहित कई गणमान्यों ने वितरण किया.

## रांची से सेना का स्क्रैप लेकर जा रहे ट्रक में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

संवाददाता। महुदा

महुदा थाना क्षेत्र स्थित महुदा मोड़ व तैलमोचो के बीच फोरलेन सड़क में सेना का स्क्रैप (बैटरी और ट्यूब) लेकर जा रहे ट्रक में भीषण आग लग गयी. घटना के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गयी. घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी. ट्रक चालक ने गाड़ी खड़ा करके पहले अपने वरीय अधिकारियों को फोन पर घटना की जानकारी दी. इसके बाद दमकल और पुलिस प्रशासन को घटना के संबंध में बताया. घटना की सूचना पाकर दमकल के दो वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुटे हैं. बताया जाता है कि सेना का कबाड़ी बैटरी और ट्यूब लेकर ट्रक रांची से पान्नागाढ जा रहा था, तभी महुदा में यह घटना घट गयी.

## 23 से 29 जून तक राज्यभर में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह का आयोजन होगा

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस समारोह 2024 इस वर्ष राज्यभर में 23 से 29 जून तक मनाया जाएगा. झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन ने इस संबंध में सभी संबंधित इकाइयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है. ओलम्पिक दिवस समारोह का उद्देश्य पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहे भारतीय दल का उत्साहवर्धन करना है. 'फ्यूल योर जर्नी टू ओलम्पिक सक्सेस' थीम पर यह समारोह आयोजित किया जाएगा.

**पेरिस ओलम्पिक की तैयारी कर रही है भारतीय टीम : मधुकांत पाठक**

झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने बताया कि हम पेरिस ओलम्पिक के कगार पर हैं, इसलिए इस वर्ष का ओलंपिक दिवस समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण है. हमारी टीम इस भव्य खेल आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रही है और निश्चित रूप से हमें उन्हें पदक जीतने के लिए प्रेरित करना चाहिए.

---

**साजिश** जिन जिलों में यह साजिश हुई, उनमें बोकारो, पलामू और संथाल का पाकुड़ जिला शामिल

# 48 घंटे में तीन जिलों में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की हुई साजिश

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में पिछले 48 घंटे के दौरान तीन जिले में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश हुई है. हालांकि पुलिस की तत्परता से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया गया. जिन जिलों में यह साजिश हुई, उसमें बोकारो, पलामू और पाकुड़ जिला शामिल है. इन जिलों में अलग- अलग कारणों से दो गुट आमने सामने हो गए, साथ ही पत्थरबाजी और बमबाजी तक की घटनाएं हुईं.

**पर्व-त्योहार हो रहे संवेदनशील :** झारखंड में छोटे-छोटे त्योहार भी संवेदनशील होते जा रहे हैं. इस बात का खुलासा झारखंड पुलिस की रिपोर्ट से हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के कुछ वर्षों में कम संवेदनशील त्योहारों (सरस्वती पूजा, गणेश पूजा, मिलाद उन नबी) में भी विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है. झारखंड के जो क्षेत्र पहले सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील नहीं थे, अब वहां भी पर्व-त्यौहारों में अशांति का माहौल देखा जा रहा है. इसमें संथाल परगना के सभी जिले सहित कोडरमा जिले शामिल हैं. रिपोर्ट में यह बात भी सामने आयी है कि इन दिनों लगभग सभी पर्व-त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों में युवा, बच्चे और विशेषकर महिलाओं की बड़ी भागीदारी है.



उपद्रवियों ने एक दुकान में आग लगा दी.

**कब-कब कहां हुई सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश**

- **18 जून 2024:** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा में गौशाला में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिला. वहीं दूसरी तरफ नौडीहा मस्जिद के निकट पुराने कुएं में प्रतिबंधित पशु की हड्डियों की दो बोरी भी मिली. इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी.
- **17 जून 2024:** बोकारो जिला में हादसे में दो मवेशियों की मौत के बाद अलग-अलग पक्षों से जुड़े लोग आमने-सामने हो गए और फिर पथराव होने लगी. इस झड़प और पथराव में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. वहीं इस पत्थरबाजी में कई पुलिस वाले भी चोटिल हुए हैं. स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. ये घटना सेक्टर वन से भरर्आ बस्ती जाने के रास्ते में हुई थी.
- **17 जून 2024:** पाकुड़ जिला के सदर प्रखंड के गोपीनाथपुर और पश्चिम बंगाल के कृष्टानगर के ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया. दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक आ गयी. इसके बाद दोनों गुटों में पथराव के साथ-साथ बमबाजी भी हुई. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, गोपीनाथपुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा कुर्बानी दी गयी थी और जमीन मालिक द्वारा इसका विरोध किये जाने के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया. इस घटना के दूसरे दिन 18 जून को भी बमबाजी की घटना हुई.

## पेज एक का शेष

### आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा...

**नालंदा से एशिया के कई देशों की विरासत जुड़ी है :** मोदी ने कहा कि नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है. इसमें एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत में औसतन हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है. हर दिन एक नयी आईटीआई व हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई हैं. आज देश में 23 आईआईटी व 21 आईआईएम हैं. आज 22 एम्स हैं. मेडिकल कॉलेज की संख्या भी करीब-करीब दोगुनी हो गयी है.

**शिक्षा में अग्रणी होकर ही पा सकते आर्थिक सामर्थ्य**

मोदी ने कहा कि हम विकसित देशों को देखें, तो पाएंगे कि वे आर्थिक व सांस्कृतिक लीडर तब बने, जब एजुकेशनल लीडर हुए. कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों में हुआ करती थीं. जब भारत शिक्षा में आगे था, तब उसकी आर्थिक सामर्थ्य भी नयी ऊंचाई पर थी. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा भारत, शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है.

**आज क्यूएस रैंकिंग में भारत के 46 शिक्षण संस्थान :** प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने युवा खोजकर्ताओं को शोध के लिए सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये का शोध फंड बनाने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा है. 10 साल पहले क्यूएस रैंकिंग में भारत के सिर्फ नौ शिक्षण संस्थान थे, जबकि आज बढ़ कर 46 हो गए हैं. आज 1,30,000 से ज्यादा स्टार्टअप हैं. पहले की तुलना में भारत से रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट फाइल किए जा रहे हैं.

## मणिपुर : शांति की प्रतीक्षा

लोकसभा चुनाव बीत गए, एनडीए की सरकार भी बन गयी, लेकिन मणिपुर में हिंसा थमी नहीं. मणिपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा हार गयी. इसके बाद मणिपुर की हिंसा पर आरएसएस प्रमुख की नींद अचानक खुली. इसका असर यह हुआ कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी नींद से जागना पड़ा. गृहमंत्री अमित शाह ने एक उच्च स्तरीय बैठक की और मणिपुर के हालात पर समीक्षा की गयी. कहा गया कि मैतई और कुकी दोनों समुदायों के साथ बातचीत की जाएगी. सवाल यह है कि इस पहल के लिए साल भर तक इंतजार क्यों किया गया. प्रधानमंत्री ने पूरे देश का भ्रमण किया, लेकिन मणिपुर नहीं ही गए. सीमावर्ती पूर्वोत्तर राज्य के प्रति भाजपा सरकार के इस नजरिया को क्या कहा जाए. 2014 में सरकार बनाने के बाद पूर्वोत्तर के राज्यों को प्राथमिकता देने की बात की गयी थी, लेकिन उसी पूर्वोत्तर के एक अत्यंत संवेदनशील राज्य को एक ऐसी सरकार के जिम्मे छोड़ दिया गया, जिसके प्रति मैतई और कुकी दोनों ही समुदाय अनेक अवसरों पर अपना असंतोष व्यक्त कर चुके हैं. केंद्रीय सरकार का यह रवैया चिंताजनक है. मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष साल भर से अधिक समय से जारी है. लेकिन वहां शांति कायम होने की पुख्ता जमीन अब तक तैयार नहीं हो पाई है. गृह मंत्री शाह ने राज्य के मुख्य सचिव को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएं और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. गृह मंत्रालय को ओर से जारी बयान में कहा गया कि जरूरत पड़ने पर राज्य में केन्द्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी. राज्य में शांति और सौहार्द्र बहाल करने के लिए बलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए. मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन अब तक क्यों केंद्र ने हस्तक्षेप नहीं किया, इस सवाल को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए. केन्द्र और राज्य के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में होना जरूरी था, लेकिन इसमें राज्य के मुख्यमंत्री को क्यों नही बुलाया गया. मुखमंत्री को हटाने की मांग हिंसा शुरू होने के बाद की गयी थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे खारिज कर दिया था. इससे सवाल उठ रहा है कि क्या मणिपुर की सत्ता राज्य सरकार नहीं, बल्कि केंद्र सरकार संभाल रही है. अगर ऐसा नहीं है तो फिर बीरेन सिंह के इस बैठक में शामिल न होने के क्या कारण हो सकते हैं. क्या राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के मामले में उन्हें दूर रखकर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यह संदेश दिया है कि उनपर अब भरोसा नहीं रहा. कारण जो भी हो, लेकिन केंद्र सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक नहीं है. अगर भाजपा को एन बीरेन सिंह की प्रशासनिक अक्षमता से शिकायत है तो उन्हें पद से हटाना चाहिए या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए. मणिपुर में हजारों लोग अब भी घरों से बेदखल हैं. जिनेवा के इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दक्षिण एशिया में 69 हजार लोग विस्थापित हुए. इनमें से 97 प्रतिशत यानी 67 हजार लोग मणिपुर हिंसा के कारण विस्थापित हुए थे.

> केन्द्र और राज्य के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में होना जरूरी था, लेकिन इसमें राज्य के मुख्यमंत्री को क्यों नही बुलाया गया. मुखमंत्री को हटाने की मांग हिंसा शुरू होने के बाद की गयी थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे खारिज कर दिया था.

### सुभाषित

**उत्साहो बलवानार्य नास्त्युत्साहात्परं बलम् ।**
**सोत्साहस्य च लोकेषु न किंचिदपि दुर्लभम् ॥**

जिस व्यक्ति के भीतर उत्साह होता है वह बहुत बलवान होता है. इसके विपरीत जिसमें उत्साह नहीं है, वह बलवान होने के बावजूद निर्बल है. उत्साह से बढ़कर कोई अन्य बल नहीं है, उत्साह ही परम् बल है. उत्साही व्यक्ति के लिए इस संसार में कुछ भी वस्तु दुर्लभ नहीं है.

# वैचारिक संघर्ष : आयाम और आहुति

**चुनाव सुधार के कानूनी पहल के लिए एडीआर जैसे संगठन अपना काम करते रहते हैं. हर संगठन की अपनी सीमा होती है, अपना कार्य-क्षेत्र और कौशल होता है. सामान्य लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाकी काम अन्य संगठन की सक्रियता जरूरी होती है. एक संदर्भ पर उदाहरण के लिए विचार किया जाना चाहिए. उम्मीदवारों के हलफनामा में आपराधिक, वित्तीय और शैक्षिक पृष्ठभूमि का उल्लेख होता है. मुख्य धारा की मीडिया में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठ-भूमि की विशिष्ट चर्चा शायद ही कभी होती है.**



**• देश-काल**



प्रफुल्ल कोलख्यान

भारत में लोकतंत्र का चुनाव परिणाम बताता है कि चुनाव के माध्यम से 'चुनावी तानाशाही' को पराजित किया जा सकता है. 'चुनावी लोकतंत्र' की दृष्टि से यह कम बड़ी उपलब्धि नहीं होती है और न है. इसका जितना बखान किया जाये कम ही है. बखान करते समय यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि चुनाव के माध्यम से 'चुनावी तानाशाही' को निर्णायक रूप से पराजित किया जा सकता है. 'कारण' के रहते 'कार्य' यानी परिणाम के फिर से उपस्थित हो जाने की संभावना या आशंका के घटित होने की संभावना या आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. भारत में चुनाव सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही है. चुनाव की प्रक्रिया को दुरुस्त किये जाने के लिए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की स्थापना 1999 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के अध्यापकों के एक समूह ने की. इसकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उम्मीदवारों के लिए अपनी आपराधिक, वित्तीय और शैक्षिक पृष्ठभूमि का हलफनामा के माध्यम से देना जरूरी हो गया है. चुनावी फंड के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में एक पक्ष एडीआर भी था. चुनाव सुधार की कानूनी पहल के लिए एडीआर जैसे संगठन अपना काम करते रहते हैं. हर संगठन की अपनी सीमा होती है, अपना कार्य-क्षेत्र और कौशल होता है. सामान्य लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाकी काम अन्य संगठन की सक्रियता जरूरी होती है. एक संदर्भ पर उदाहरण के लिए विचार किया जाना चाहिए. उम्मीदवारों के हलफनामा में आपराधिक, वित्तीय और शैक्षिक पृष्ठभूमि का उल्लेख होता है. मुख्य धारा की मीडिया में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठ-भूमि की विशिष्ट चर्चा शायद ही कभी होती है. सामान्य परिचर्चा में अधिक-से-अधिक आपराधिक पृष्ठ-भूमिवाले उम्मीदवारों की कुल संख्या, प्रतिशत आदि का सामान्य विश्लेषण होता है. उम्मीदवार भी प्रतिपक्षी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठ-भूमि की चर्चा नहीं करते हैं, अधिक-से-अधिक भ्रष्टाचार के मुद्दों की चर्चा करके आगे बढ़ जाते हैं. एक तरह की मनोवैज्ञानिक मिलीभगत बन गई लगती है.

भारत के लोकतंत्र की संवैधानिक संरचना में व्यापक सुधार की जरूरत की गंभीरता को अविलंब विमर्श के केंद्र में लाया जाना चाहिए. यह दलीय-निष्ठा पर आघात किये बिना भी मानना चाहिए कि दल की अंदरूनी राजनीतिक गतिविधि, खासकर दल के भीतर चुनाव के मामले में तानाशाही का रुख और रवैया रखनेवाला दल या नेता, अपने संवैधानिक आचरण में कभी लोकतांत्रिक नहीं हो सकता है. जिस किसी दल की अंदरूनी राजनीतिक गतिविधि में तानाशाही का रुख और रवैया दिखे, लोकतंत्र को पसंद करनेवालों को उससे अपनी दूरी अविलंब तय कर लेनी चाहिए. ऐसा नहीं करने का मतलब लोकतंत्र को 'चुनावी तानाशाही' खतरे की चपेट में पड़ने से रोकने में लापरवाही बरतना है. ईवीएम को लेकर बार-बार विवाद उठता रहता है. बार-बार संदेह व्यक्त किया जाता है. चुनाव नतीजा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा, 'ईवीएम मर गया कि जिंदा है!' कभी चाल-चरित्र-चेहरा पर इतरानेवाली भारतीय जनता पार्टी में चिढ़ाने-चिल्लाने-चौंकाने की प्रवृत्ति घर कर गई है. यह दुखद है. अभी दुनिया के जाने-माने व्यक्ति एलेन मस्क ने भी अमेरिकी चुनाव के प्रसंग में ईवीएम पर सवाल उठाया है. राहुल गांधी ने भी इसे 'ब्लैक-बॉक्स कहा है. भारत के मतदाताओं ने साबित कर दिया है कि वह लोकतंत्र का सौदा नहीं कर सकता है. रखो अपनी 'पचकेजिया मोटरी' अपने पास! हजारों साल से पूजित हमारे भगवान को हमारे विरुद्ध नहीं खड़ा किया जा सकता है, चाहे बना लो जितना भी भव्य-दिव्य-विराट मंदिर. सामान्य जन का जीवन अतिरेकी विराटता के पूजन से नहीं, लघुता के समवाय से चलता है. पता नहीं सौ-साल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किस संस्कृति की बात कर रहा था! सबसे भयानक बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में भारत के लोगों की मौलिक वृत्तियों के साथ छल करने का कोई प्रकरण नहीं छोड़ा गया. चुनाव परिणाम देखने के बाद, भारतीय जनता पार्टी का अपने पक्ष में 'स्थाई बहुमत' का जुगाड़ कर लेने का भ्रम और संभावना में कुछ-न-कुछ टूट तो जरूर हुई होगी. राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ उपचार में लगा है, यह जरूरी भी है और स्वाभाविक भी.

दलबदल कानून को अधिक सार्थक और प्रभावी बनाने पर भी विचार किया जाना चाहिए. 'आया राम, गया राम' की राजनीतिक खुराफात को रोकने के दलबदल संबंधी कानून के परिप्रेक्ष्य को समझते हुए इसकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है. सरकार की स्थिरता के लिए दलबदल संबंधी कानून की अहमियत है. लेकिन इनकार नहीं किया जा सकता है कि दलबदल कानून से राजनीतिक दल के सदस्यों की आंतरिक स्वतंत्रता कम हुई है और राजनीतिक दलों में अंदरूनी तानाशाही को बढ़ावा भी मिला है. एक सामान्य और स्वस्थ लोकतांत्रिक परिवेश में माना जा सकता है कि दलबदल विरोधी कानून स्वतंत्रता को बाधित नहीं करता है, यह जरूरी भी है. लेकिन इसके अन्य असर की समीक्षा की ही जानी चाहिए. यह ठीक है कि स्वतंत्रता के नाम पर मनमानेपन को स्वीकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन मनमानेपन के डर से स्वतंत्रता की बलि भी नहीं ली जा सकती है. चुनाव के माध्यम से मतदाताओं की संप्रभुता जन-प्रतिनिधियों को शर्त के साथ अंतरित होती हैं. शर्तें संविधान से तय होती हैं. जन-प्रतिनिधियों के पास मतदाता से प्राप्त संप्रभुता को अपनी 'अन्य प्रेरित इच्छा' के अनुसार किसी को भी अंतरित करने का अधिकार जन-प्रतिनिधियों को नहीं होना चाहिए. इसे कानूनी तरीके से रोके जाने का उपाय किया जाना चाहिए. ध्यान रहे, उन उपायों में राजनीतिक दलों की अंदरूनी राजनीति में दलीय तानाशाही को बढ़ावा देनेवाला तत्व नहीं होना चाहिए. विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र के लिये दी गई आहुतियों को याद रखने से 2024 के आम चुनाव के परिणाम से लोकतंत्र के लिए वैचारिक संघर्ष के विभिन्न आयाम स्वतः सामने आयेंगे.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## आत्म नियंत्रण आवश्यक

किसी भी मनुष्य के लिए आत्मनियंत्रण आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य भी है. नियंत्रण के अभाव में मनुष्य निरंकुश हो जाता है. वह कुछ भी मनमानी करने लग जाता है. इस बात की परवाह नहीं करता कि वह जो कर रहा है, उसका विपरीत प्रभाव अन्य लोगों पर पड़ रहा है. उसकी उटपटांग हरकतों से दूसरे लोग दुखी हो रहे हैं. जो मनुष्य स्वयं पर नियंत्रण कर लेता है, उसपर और किसी को नियंत्रण करने की आवश्यकता नहीं होती. वह सही अर्थों में स्वाधीन होता है. स्वाधीन का मतलब है अपने अधीन यानी खुद के नियंत्रण में. अगर देश का हर नागरिक खुद पर नियंत्रण करने लगे, अपने ऊपर शासन करने लगे, स्व के अधीन हो जाये तो सही मायने में हमारा देश स्वाधीन हो जाएगा. एक युवा तीरंदाज खुद को सबसे बड़ा धनुर्धर मानने लगा. जहां भी जाता, लोगों को मुकाबले की चुनौती देता और हराकर उनका खूब मजाक उड़ाता. एक बार उसने एक ज़ेन गुरु को चुनौती दी. उन्होंने पहले तो उसे समझाना चाहा, लेकिन जब वह अड़ा रहा तो उन्होंने चुनौती स्वीकार कर ली. युवक ने पहले प्रयास में ही दूर रखे लक्ष्य के बीचोंबीच निशाना लगाया और लक्ष्य पर लगे पहले तीर को ही भेद डाला. इसके बाद वह दंभपूर्ण स्वर में बोला- 'क्या आप इससे बेहतर कर सकते हैं?' ज़ेन गुरु तनिक मुस्कराए और बोले- 'मेरे पीछे आओ.' वे दोनों एक खाई के पास पहुंचे. युवक ने देखा कि दो पहाड़ियों के बीच लकड़ी का एक कामचलाऊ पुल बना था और वह उससे उसी पर जाने के लिए कह रहे थे. ज़ेन गुरु पुल के बीचोंबीच पहुंचे और उन्होंने अपने धनुष पर तीर चढ़ाते हुए दूर एक पेड़ के तने पर सटीक निशाना लगाया. इसके बाद उन्होंने युवक से कहा- 'अब तुम भी निशाना लगाकर अपनी दक्षता सिद्ध करो.' युवक डरते हुए डगमगाते कदमों के साथ पुल के बीच में पहुंचा और निशाना लगाया. लेकिन तीर लक्ष्य के आस-पास भी नहीं पहुंचा. युवक निराश हो गया और उसने हार स्वीकार कर ली. तब ज़ेन गुरु ने उसे समझाया- 'वत्स, तुमने तीर-धनुष पर तो नियंत्रण पा लिया है, पर तुम्हारा उस मन पर अब भी नियंत्रण नहीं है, जो किसी भी परिस्थिति में लक्ष्य भेदने के लिए जरूरी है. जब तक सीखने की जिज्ञासा है, तब तक ज्ञान में वृद्धि होती है. लेकिन अहंकार आते ही पतन आरंभ हो जाता है.' युवक ने उनसे क्षमा मांगी और सदा सीखने व अपनी झमता पर घमंड न करने की सौगंध ली. यह भी आत्मनियंत्रण का एक स्वरूप है.

# नजरअंदाज न हो ग्रामीण भारत का संकट

**• सामयिकी**

डॉ. सोमा

ग्रामीण भारत ने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा में 240 सीटों तक सीमित कर दिया. अगर 'एनडीए सहयोगी' न होते, तो नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री भी नहीं बन पाते. भाजपा अब संसद में साधारण बहुमत के लिए अपने सहयोगियों पर निर्भर है. भाजपा ने 2024 में अपने एक तिहाई ग्रामीण संसदीय क्षेत्रों को खो दिया, जो तीव्र ग्रामीण संकट को दर्शाता है. एमएसपी, अग्निवीर और उच्च बेरोजगारी, इन सभी ने भाजपा के चुनावी संकट में योगदान दिया.भाजपा ने 2024 के चुनाव में 126 सीटें ही बरकरार रखीं, जबकि उसने17वीं लोकसभा चुनाव 2019 में 251 ग्रामीण सीटें जीती थीं. लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 221 ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण लोकसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की. इनमें से ज़्यादातर सीटें उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान से आई हैं. दूसरी ओर इंडिया ब्लॉक ने 2024 के चुनाव में 157 ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की. नयी-नवेली एनडीए सरकार को ग्रामीण संकट से जुड़े मुद्दों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए. किसान समुदाय इतनी मुश्किल में है कि वह राहत का इंतज़ार नहीं कर सकता. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगली तिमाही के पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान जारी करके किसानों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का बड़ा प्रदर्शन किया है. लेकिन इस डीबीटी (डायरेक्ट टू बैंक ट्रांसफर) में कुछ खास नहीं है. पिछले डेढ़ दशक में ग्रामीण संकट बढ़ा है. उर्वरकों, बीजों, डीजल और कीटनाशकों की ऊंची कीमतों के कारण कृषि में उत्पादन की लागत लगभग तीन गुना बढ़ गई है. ये सभी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं. हालांकि सरकार समय-समय पर विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा करती रही है, लेकिन किसान संकट में हैं और अपनी फसल को बाजारों में बेचने में असमर्थ हैं. आर्थिक दृष्टि से, दो प्रकार की आय होती है. एक सामान्य (नॉमिनल) और दूसरी वास्तविक. जबकि नाममात्र आय (मुद्रा के संदर्भ में) में एमएसपी के साथ थोड़ी वृद्धि देखी गई, 'वास्तविक' आय में गिरावट आई. वास्तविक आय उपभोग किये गये खाद्य और घरेलू औद्योगिक वस्तुओं की क्रय शक्ति (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) से जुड़ी हुई है. अनुमानों के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में वास्तविक आय में 60 प्रतिशत की कमी आई है, जिसका मुख्य कारण बाजारों में कृषि और औद्योगिक वस्तुओं के बीच मूल्य असमानता है. इस मूल्य असंतुलन के परिणामस्वरूप देश में कुल अनुमानित 42 लाख करोड़ रुपये के कुल कृषि उपज में से लगभग 28 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण हुआ है. ग्रामीण विकास मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बेरोजगारी में लगातार वृद्धि हो रही है, जो 302 लाख लोगों तक पहुंच गई है. एनसीएईआर के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में मनरेगा के तहत काम की मांग में 48.8 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई. सरकार ने मनरेगा के लिए समुचित खर्च नहीं किया, जबकि कर प्रवाह, विशेष रूप से जीएसटी, अत्यधिक मजबूत रहा है. भारत की अंतरिम जीडीपी वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत बढ़ी, जिसका श्रेय विनिर्माण और खनन क्षेत्रों को जाता है. हालांकि, जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024 में घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है. औसत कृषि वृद्धि आमतौर पर 3 प्रतिशत पर होती है. 2023-24 में यह केवल 1.4 प्रतिशत थी. इसके साथ ही उच्च खाद्य मुद्रास्फीति भी थी. फरवरी-अप्रैल में औसत खाद्य मुद्रा स्फीति 8.6 प्रतिशत थी. खपत और ग्रामीण मांग में गिरावट न केवल घरेलू वस्तुओं की गिरावट में बल्कि ग्रामीण बाजारों में ट्रैक्टरों और मोटर साइकिलों की बिक्री में गिरावट में भी दिखाई दे रही थी.सतही उपायों का सहारा लेने के बजाय, मोदी की एनडीए सरकार को ग्रामीण संकट को कम करने के लिए तत्काल उपाय करने चाहिए. एकमुश्त कृषि ऋण माफी जारी करें. सिफारिशों के अनुसार फसल एमएसपी की गणना एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार करें तथा सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लायें. देश में लगभग 13 करोड़ ग्रामीण गरीब पीडीएस के तहत सस्ते राशन से वंचित हैं और प्रवासी श्रमिकों सहित गरीबों का एक वर्ग अदृश्य है. उन्हें तत्काल सहायता पहुंचाई जाये. उर्वरकों और कृषि उपकरणों सहित कृषि इनपुट की खरीद पर जीएसटी हटाएं. तालुकात मुख्यालयों में अनाज और कोल्ड स्टोरेज गोदामों का निर्माण करें. फसल क्षति के 30 दिनों के भीतर किसानों के बैंक खातों में सीधे फसल बीमा मुआवज़ा दें. फसल बीमा को विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को सौंपें. अग्निवीर को खत्म करें और मनरेगा के लिए धन को दोगुना करें.

> पिछले डेढ़ दशक में ग्रामीण संकट बढ़ा है. उर्वरकों, बीजों, डीजल और कीटनाशकों की ऊंची कीमतों के कारण कृषि में उत्पादन की लागत लगभग तीन गुना बढ़ गई है. ये सभी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं. हालांकि सरकार समय-समय पर विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा करती रही है, लेकिन किसान संकट में हैं और अपनी फसल को बाजारों में बेचने में असमर्थ हैं.

# भारत में कम कार्बन उत्सर्जन की रणनीति बने

**• पर्यावरण**

सुनीता नारायण

2005 के मुकाबले 2019 तक भारत ने अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्सर्जन की मात्रा में 33 फीसदी की कमी कर ली है. इसका मतलब है कि देश 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद के उत्सर्जन की मात्रा को 45 फीसदी कम करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर अग्रसर है. लेकिन साथ ही, भारत का लक्ष्य 2047 तक अपनी अर्थव्यवस्था को मौजूदा आकार से 8 गुना बड़ा करना है. इसका मतलब है कि देश को घरेलू विकास की जरूरतों को पूरा करते हुए हर क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने की एक मजबूत योजना बनानी होगी. भारत ने 2022 में विभिन्न क्षेत्रों के लिए दिशानिर्देशों के साथ 'यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज' यानी संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) को एक लॉन्ग-टर्म लो एमिशन डेवलपमेंट स्ट्रैटिजी यानी 'दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति' (एलटी-एलईडीएस) सौंपी थी. लेकिन हमें अब हर क्षेत्र के लिए विस्तृत उत्सर्जन कम करने की योजनाओं की जरूरत है, जिनमें छोटे, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्य शामिल हों. भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने के उपायों को लागू करने में आने वाली दिक्कतों और इसके लिए जरूरी वित्त और तकनीकों की पहचान खुद ही करनी चाहिए. समाधान और संस्थागत हस्तक्षेप आदर्श रूप से घरेलू स्तर पर तय किए जाने चाहिए और ये ही वैश्विक वित्तीय और तकनीकी सहायता को भारत के लिए दिशा दें, न कि इसके उल्टा. इससे कई तरह के फायदे हो सकते हैं, जैसे ताप बिजली पर निर्भरता कम करके वायु प्रदूषण के प्रभाव को कम करना और बेकार पड़ी परिसंपत्तियों के जोखिम को कम करना. इससे जलवायु परिवर्तन के सबसे खराब प्रभावों से बचने के लिए जलवायु अनुकूलन की जरूरत भी कम होगी और बदलते वैश्विक व्यापार और जलवायु व्यवस्था में आर्थिक और व्यापार प्रतिस्पर्धा को होने वाले नुकसान को भी कम किया जा सकेगा. दिसंबर 2023 में यूएनएफसीसीसी को सौंपी गई भारत की तीसरी राष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए देश को 2030 तक 56.68 लाख करोड़ रुपये (679 अरब अमेरिकी डॉलर) की जरूरत है. 'राष्ट्रीय जलवायु अनुकूलन कोष' जैसे माध्यमों का लक्ष्य उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सक्षम बनाना है, जो जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं ताकि वे अनुकूलन की लागत को पूरा कर सकें. हालांकि, कोष के लिए बजट आवंटन बढ़ती जरूरतों के साथ तालमेल नहीं रख पाया है. पिछले दो वित्तीय वर्षों में तो कोई बजट आवंटन ही नहीं हुआ है. सरकार के लिए देश की अनुकूलन जरूरतों को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है.अनुकूलन में कमियों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर गहन शोध आवश्यक है. तीसरी राष्ट्रीय रिपोर्ट में, केंद्र सरकार इस बात को रेखांकित करती है कि अधिकांश जोखिम आकलन अध्ययन केवल खतरों पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं. अनुकूलन अनुसंधान में सुधार के लिए सरकार के निवेश, समुदाय प्रभाव अध्ययन, स्थानीय प्रशासन की क्षमता निर्माण और तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से जलवायु जोखिमों, संवेदनशीलता और विकास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए एक मानकीकृत ढांचे और कार्यप्रणाली की आवश्यकता है. इससे खासकर मध्यम और छोटे उद्यमों और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने में मदद मिलेगी. भारत के जलवायु लक्ष्य कई बाहरी दबावों से भी प्रभावित होते हैं. इनमें ऊर्जा और उद्योग से जुड़ी वैश्विक राजनीति से लेकर हरित तकनीकों और जरूरी खनिजों की आपूर्ति शृंखलाओं को नियंत्रित करने की वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक सब शामिल है. आजकल अंतरराष्ट्रीय राजनीति में संसाधनों की वास्तविकता सबसे अहम मानी जाती है. उदाहरण के लिए, कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकों के उत्पादन के लिए दुर्लभ मृदा धातुओं (रेयर अर्थ मेटल्स) को ही लीजिए. अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, दुनिया के लगभग 85% दुर्लभ मृदा ऑक्साइड्स, जिनसे दुर्लभ मृदा धातु प्राप्त होते हैं, चीन में ही बनते हैं. देश तेजी से इस बात को समझ रहे हैं कि उत्पादन और प्रसंस्करण का इतना अधिक नियंत्रण एक हाथ में होने से आपूर्ति में बहुत बड़ा जोखिम है. यह जोखिम सौर ऊर्जा उपकरणों और इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति शृंखलाओं तक भी फैला हुआ है. इन चुनौतियों को देखते हुए, देश की विदेश नीति को घरेलू हरित बदलाव में संसाधन सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए.

> समाधान और संस्थागत हस्तक्षेप आदर्श रूप से घरेलू स्तर पर तय किए जाने चाहिए और ये ही वैश्विक वित्तीय और तकनीकी सहायता को भारत के लिए दिशा दें, न कि इसके उल्टा. इससे कई तरह के फायदे हो सकते हैं, जैसे ताप बिजली पर निर्भरता कम करके वायु प्रदूषण के प्रभाव को कम करना और बेकार पड़ी परिसंपत्तियों के जोखिम को कम करना.

**मीडिया में अन्यत्र**

## कॉलेज में दाखिले की नई व्यवस्था कुछ सवाल

**सन** 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी मिलने के करीब चार साल बाद और सुधारों की शुरुआत की गई है. ये बदलाव देश के उच्च शिक्षा क्षेत्र से संबंधित है, जिससे चार करोड़ छात्र-छात्राएं जुड़े हैं. देश भर में फैले विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में करीब 20 लाख शिक्षक हैं. ताजा बदलाव सभी उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में वर्ष में दो बार दाखिले की व्यवस्था से संबंधित है, जिसकी शुरुआत स्नातक स्तर से होनी है. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हाल ही में विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को साल में दो बार दाखिला देने की अनुमति प्रदान कर दी है. एक बार जुलाई-अगस्त में और दोबारा जनवरी-फरवरी में. इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उन बच्चों को लाभ होगा, जो परीक्षा के नतीजे आने में देरी होने, स्वास्थ्य कारणों या किसी निजी कारण से जुलाई-अगस्त में दाखिला नहीं ले पाते हैं. अब वे बिना एक साल इंतजार किए अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे. यूजीसी को उम्मीद है कि इस मॉडल को अपनाने से न केवल दाखिलों का अनुपात बेहतर होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्रों के आदान-प्रदान की स्थिति में भी सुधार होगा, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा. इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मानकों के अनुरूप करने में मदद मिलेगी. उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के मुताबिक उच्च शिक्षा में दाखिले का अखिल भारतीय औसत 2021-22 में 28.4 फीसदी था जो पिछले सालों से बेहतर था और जिसमें निरंतर सुधार हो रहा है. हालांकि विभिन्न राज्यों में काफी अंतर अभी भी है. साल में दो बार दाखिला देने की व्यवस्था को अनिवार्य नहीं किया गया है और यह उचित ही है. यह विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को तय करना है कि वे नई व्यवस्था को अपनाना चाहते हैं या नहीं. कुछ विश्वविद्यालयों के बारे में खबर है कि वे अगले अकादमिक सत्र से इसे लागू करने पर विचार कर रहे हैं. इसे चुनिंदा पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक तौर पर आरंभ किया जाएगा. बहरहाल यह आशंका भी है कि नई व्यवस्था को अपनाने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों को कई तरह की दिक्कतें भी हो सकती हैं. उदाहरण के लिए यह स्पष्ट नहीं है कि ये छात्र-छात्राएं सामान्य बैच और उनके अकादमिक कैलेंडर के साथ तालमेल बिठा सकेंगे या नहीं या फिर क्या उन्हें अपने अकादमिक कैलेंडर के साथ एक नई शुरुआत का अवसर मिलेगा. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## पानी/पाना

**नीति** शास्त्र के मर्मज्ञ कवि रहीम ने कहा है-रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून. पानी गये न ऊबरे मोती मानुष चून. पानी की महिमा का बखान करते हुए रहिम कवि ने सलाह दी है कि पानी को जरूर बचा कर रखें. पानी की रक्षा करें, उसका संरक्षण करें. इसलिए कि पानी के हटते ही मोती, मनुष्य और चूना बेमोल हो जाते हैं. इस दोहे में श्लेषालंकार की छटा दिखती है और उसका केंद्र है पानी. मोती के लिए पानी का मतलब चमक, मनुष्य के लिए पानी का मतलब इज्जत, मान-सम्मान तथा चूना के लिए पानी का मतलब जल से है. जिस अंलकार में किसी शब्द की आवृत्ति हुए बिना प्रसंग के अनुसार दो या दो से अधिक अर्थ निकले, वहां पर श्लेष अलंकार होता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार पानी का मतलब रंग, गंध और स्वाद रहित एक पारदर्शी तरल पदार्थ, जो जीवन के लिए आवश्यक है, नीर, जल, वर्षा, मेह, किसी हरे या सरस पदार्थ के भीतर से निकलनेवाला रस, किसी पदार्थ का विशेष गुण जिसके कारण वह आभायुक्त, यानी चमकदार बना रहता है. अरबी भाषा में इसे आब कहा जाता है. पानी का मतलब मान-प्रतिष्ठा, इज्जत भी है. पानी से बने असंख्य मुहावरे हमारे प्रयोग में आते रहते हैं. जैसे पानी उतारना यानी अपमानित करना, पानी में आग लगाना यानी अशांति-उपद्रव करा देना, पानी फेंकना यानी नष्ट करना, किये कराये पर पानी फेरना यानी अंतिम समय में किसी कोशिश का नाकाम कर देना, पानी पी-पी कर कोसना यानी खूब खरी-खोटी सुनाना. पानीपूरी का मतलब तो आप समझ ही रहे हैं. मतलब गोल फूली हुई पपड़ी में नमक, मिर्च, इमली, पुदीना तथा चटपटे मसाले मिले पानी भरकर खाये जानेवाला व्यंजन. इसे गोलगप्पा और गुपचुप भी कहा जाता है. पाना सकर्मक किया है, जिसका मतलब है कुछ प्राप्त करना, ग्रहण करना, खोई वस्तु मिल जाना अनुभव, समझ लेना, भोगना, किसी के पास पहुंचना, भोजन करना, बराबरी करना, पारिश्रमिक प्राप्त करना, सकना.

# इस प्रकार हम नेता बन गये भाई!

**• तीर-तुक्का**

शैलेंद्र चौहान



मेरे देश के लोगों और लुगाइयों यानी माताओं-पिताओं, भाइयों-भौजाइयों, बहनों-बहनोइयों आदि-आदि - हम आप सब लोगन का बहुत बहुत आभारी हूं. आप सब लोगन को यह जानकर बहुत खुशी होगी कि हम चुनाव जीत ही गया हूं. किस्सा यूं रहा कि पहले हम सड़क पर पनवाड़ी चूनामल चौरसिया की 'थड़ी' (पटरी पर रखी छोटी बक्सेनुमा दुकान) के सामने खड़ा होता था. फिर जब चूनामल ने उधार में पान खिलाना बन्द कर दिया और रोज पैसों के लिए झिक-झिक करने लगा तो हमें कोई उपाय नहीं सूझा और हम अपने शहर के जाने-माने नेता लूटाराम के यहां जाकर खड़ा हो गया . लूटाराम ने पूछा 'भाया तू यहां क्यूं खड़ा है?' हम बोल पड़ा 'बस खड़े होने को थोड़ी जगह चाहिए थी सो यहां खड़ा हो गया.' लूटाराम बोला 'भाया खड़ा ही होना है तो रेलवे स्टेशन पर टिकिट खिड़की के सामने खड़ा होओ, राशन की दुकान पर खड़ा होओ.' 'जब कभी कोई काम नहीं करवा सका तो अब काम की बात सोचूं भी कैसे? अब सोचना ही बन्द कर दिया है.' लूटाराम बोला 'बहुत बढ़िया! फिर तू इलेक्शन में खड़ा हो जा.' 'इलेक्शन में! लेकिन हम इलेक्शन में कैसे खड़ा हो सकता हूं, हमरे पास तो पनवाड़ी का उधार चुकाने लायक भी पैसे नहीं हैं.' 'तभी तो, तभी तो' लूटाराम चहक कर पूछा 'तेरी क्वालीफिकेशन क्या है? क्वालीफिकेशन यानी पढ़ाई-लिखाई.' 'तो जी मैट्रिक पास हूं तीन साल में थर्ड डिवीजन से, इन्टर तो चार साल में भी नहीं कर पाया.' 'फिट, एकदम फिट, आगे बोल.' 'आगे क्या बोलूं, और तो हम पढ़ ही नहीं सका.' 'अरे पढ़ाई को मार गोली, और क्या-क्या एक्सपीरियंस है?' 'एक्सपीरियंस ! कुछ खास नहीं, एक ठेकेदार के यहां काम किया था, एक दिन मजदूरों की मजदूरी से थोड़ी सी पी ली सो निकाल दिया गया. बजाज के यहां नौकरी की, एक पैंट पीस और एक शर्ट पीस पसन्द आ गई, अपने लिए सिलवा ली, उसने भी निकाल दिया. और दो एक जगह छुट-पुट काम-आम किया, लड़ाई-झगड़ा हुआ, निकाला गया.' 'वैरी गुड, वैरी गुड, लड़ाई-झगड़ा में कभी जेल-वेल गया?' 'हां दो बार गया, एक-एक महीने के लिए. एक बार मोहल्ले का पंसारी उधार के पैसे मांगने घर आ गया और भला बुरा कहने लगा, बात बरदास्त के बाहर हो गई तो उसके सर पर डंडा मार दिया! उसका स्साले का सर ही खुल गया. दूसरे केस में सरकारी डॉक्टर ने बिना पैसे लिए अम्मा को घर पर देखने से मना कर दिया तो उसका हाथ तोड़ दिया. दोनों केस में पुलिस ने सुलह-समझौता कराने और केस रफा-दफा करने के लिए पैसे मांगे. अब मेरे पास पैसे होते तो क्या था, कुछ ढ़ंग का काम न करता, सो हवालात भेज दिया गया. कोई गवाही देने को ही तैयार नहीं हुआ मेरे खिलाफ, पनवाड़ी चूनामल ने मेरी जमानत कराई दोनों दफे, अब केस खारिज हो गए हैं.'

# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : श्वेता तिवारी

## 44 साल की उम्र में 24 साल का फिगर व फिटनेस



टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी फिगर और फिटनेस के मामले में आज 44 साल की उम्र में भी जाह्न्वी कपूर और सारा अली खान जैसी कम उम्र हीरोइन को चुनौती देती नजर आती हैं. कुछ समय पहले बेशक उनका वजन बहुत अधिक बढ़ गया था फिर उन्होंने अपने पर्सनल फिटनेस ट्रेनर और सेलेब्रिटी कोच प्रसाद नंदकुमार शिर्के की मदद से अपना पुराना फिगर व फिटनेस वापस पाया. वे रोजाना वर्कआउट करती हैं जिसमें स्ट्रेंथ, वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज, पुल अप, पुश-अप्स, वी स्क्वैत, शेट अप्स और लोअर बेक एक्सटेंशन आदि शामिल है.

सुबह बतौर ब्रेकफास्ट बस 90 ग्राम ग्रीक योगर्ट और 8-10 बादाम लेती हैं. हफ्ते में दो दिन अंडे के साथ ब्राउन ब्रेड या दो इडली के साथ एक छोटी कटोरी सांभर या एक छोटी कटोरी मिल्क ओट्स के साथ एक सेब लेती हैं. दिन के खाने में 100 ग्राम चिकन या मछली, 200-300 ग्राम वेजिटेबल, ज्वार की एक रोटी शामिल होता है. अगर सलाद नहीं होती है तो 100 ग्राम पालक या मेथी की सब्जी खाती हैं. शाम के समय एक संतरा लेती है. इसके थोड़ी देर बाद एक कप डिटॉक्स टी लेती हैं. डिनर में प्रोटीन सलाद लेती हैं जिसमें चिकन या मछली के साथ हरी-सब्जियां होती थीं. दिन भर में पर्याप्त पेय पदार्थ लेती हैं जिसमें पानी के साथ नारियल पानी, फलों का ताजा रस, फीका छाछ, ग्रीन टी आदि शामिल होता है.

श्वेता तिवारी हफ्ते में 3 दिन जिम में जाकर वेट ट्रेनिंग करती हैं. वेट ट्रेनिंग में वह 2 बॉडी पार्ट को ट्रेन करती हैं. इसके अलावा 3 दिन फंक्शनल ट्रेनिंग करती हैं जिसमें बॉडी वेट वर्कआउट शामिल होता हैं. हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग, योग भी उनके वर्कआउट रूटीन में शामिल है. श्वेता को चेस्ट-ट्राइसेप्स, बैक-बाइसेप्स, लेग्स और शोल्डर मसल्स को एक साथ ट्रेन करती हैं. एब्स को वह फंक्शनल ट्रेनिंग के साथ ट्रेन करती हैं.

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## मलेरिया के मच्छर भगाते हैं करंज तेल से जलते दीपक





करंज का 100 वर्ष से अधिक पुराना वृक्ष देखते हैं तो मन को संतुष्टि मिलती है कि काश और भी अनेको जगहों पर पुराना करंज का वृक्ष देखने को मिलता. हिंदी में करंज, लैटिन में पोंगेमियाग्लैबरा, अंग्रेजी में स्मूथ लीव्ड, बंगाल में डहर करंज कहते हैं. करंज के पत्र मल भेदक कफ, वात, कृमि बवासीर, शोथहर के लिए लाभदायक है. इसके फल से तेल प्राप्त होता है जो चर्मरोग, वातरोग के लिए काम में लिया जाता है.




**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

इसके तेल का दीपक जलाने से मलेरिया फ़ैलाने वाले मच्छरों से बचाव होता है. भारतीय संस्कृति में दीपावली में करंज का तेल का दीपक जलाने का प्रावधान किया गया है. अब झारखंड के जंगलों में करंज का पेड़ देखने को नहीं मिलता है. यह एक ग्राम औषधीय वृक्ष है और गांव के डहर पर यदा-कदा मिल जाते हैं. करंज का वृक्ष एक उच्च कोटि का छायादार तरु कहा गया है.

यह आद्र भूमि पर पाया जाता है. इसके पुष्प गुच्छाकार एक पुष्पदंड में लगे रहते हैं. इसके फल, पुष्प, पत्र सभी को एक कीटनाशक दवा के रूप में और फर्टिलाइजर के रूप में उपयोग किया जाता है. आज के युग में वायोडीजल प्राप्त करने का एक संसाधन भी बन गया है. करंज का वृक्ष अज्ञानता के चलते अनावश्यक रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में काट दिया जा रहा है. भारत सरकार को इसके गुणों का प्रचार प्रसार करना चाहिए.

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**



**सिद्धार्थ सिन्हा**
वरीय मनोचिकित्सक, रिनपास

# तुम जो इतना मुस्कुरा रहे हो...


*चेहरे पर एक नकली मुस्कान और सामान्य बातचीत और खुश मिजाज के साथ पर भीतर से अवसाद ग्रस्त, यही स्थिति स्माइलिंग डिप्रेशन कहलाती है. हालांकि, यह डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैनुअल ऑफ मेंटल डिसऑर्डर (डीएसएम-5) में सूचीबद्ध नहीं है, लेकिन इसे नॉन-कनफर्मिंग लक्षणों के साथ एक प्रमुख डिप्रेसिव डिसऑर्डर (एमडीडी) माना जाता है. आइए जाने क्या है स्माइलिंग डिप्रेशन और क्या हैं लक्षण-उपचार*



एक पुराना फिल्मी गाना आपने भी सुना होगा-तुम जो इतना मुस्कुरा रहे हो, क्या गम है जिसको छिपा रहे हो कुछ ऐसा ही मर्ज है स्माइलिंग डिप्रेशन होंठों पर मुस्कान और दिल में गम समेटे यानी स्माइलिंग डिप्रेशन से ग्रस्त लोगों की पहचान भी बेहद मुश्किल है. आमतौर पर हम उनके अवसाद ग्रस्त होने की पहचान तो कर लेते हैं जो उदास-निराश से और सुस्त नजर आते हैं. उनकी चाल-ढ़ाल और बातों से सहज ही उनके मानसिक स्थिति को भांपा जा सकता है. पर ऐसे शख्स जो परेशानियों-दुखों में डूबे होते हैं पर अपने चेहरे पर मुस्कान ओढे रहते हैं, उनके दिल में झांकना बेहद करीबियों के ही बस की बात है. ऐसे में डिप्रेशन से कहीं अधिक गंभीर होती है स्माइलिंग डिप्रेशन की समस्याएं. ऐसे लोग कई बार बहुत घातक कदम उठा लेते हैं और हम समय रहते सजग भी नहीं हो पाते. हालांकि, यह डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैनुअल ऑफ मेंटल डिसऑर्डर (डीएसएम-5) में सूचीबद्ध नहीं है, लेकिन इसे नॉन-कनफर्मिंग लक्षणों के साथ एक प्रमुख डिप्रेसिव डिसऑर्डर (एमडीडी) माना जाता है. आइए, जानें कि क्या है स्माइलिंग डिप्रेशन के लक्षण, उपचार और बचाव.

### पहचानिए लक्षण

- ऐसे व्यक्ति चेहरे पर बनावटी मुस्कुराहट लिए होते हैं, हालांकि अंदर से गहरी उदासी, निराशा और खालीपन महसूस करते हैं.
- थकान और नींद से जुड़ी परेशानियां इनके साथ रहती हैं.
- जिस काम में पहले दिल लगा कर जुटे रहते थे, एंजॉय करते थे, उस काम से मन उचट जाता.
- ये या तो बहुत खाने लगते हैं या फिर इनकी भूख मर जाती है. इनके वजन में भी इस तरह का बदलाव दिखता है.
- काम में एकाग्रता नहीं नजर आती. कोई भी काम उठाते हैं तो अधिक समय तक नहीं कर पाते. इसी तरह इनकी निर्णय क्षमता भी प्रभावित होती है.



### यह है उपचार

- स्माइलिंग डिप्रेशन के उपचार में कॉग्नेटिव बिहेवरियरल ट्रीटमेंट यानी सीबीटी बेहद असरकार हो सकती है. इससे पीड़ित के नेगेटिव विचार के पैटर्न, व्यवहार को पहचानने और बदलाव में मदद मिलती है.
- आवश्यकता पड़ने पर मनोचिकित्सक पीड़ित को स्ट्रेस कम करने वाली दवाएं भी दे सकते हैं.
- पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और समुचित शारीरिक गतिविधियां भी रोग से उबरने में मददगार हो सकती हैं. इसके अलावा उन्हें अपनी जिंदगी में योग व मेडिटेशन को शामिल करना चाहिए.
- पीड़ित को अपनी बात करीबियों से साझा करने के लिए उत्साहित किया जा सकता है. अगर आप के किसी परिजन को यह समस्या है तो कोशिश करें कि बिना कोई उलाहना दिए या जजमेंटल हुए चुपचाप उनकी बातों को सुनें. एक बार अपनी बातें कह देंगे तो दिल हल्का होगा.
- उन्हें खुश करें और उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने की कोशिश करें. कॉल या फिर मिल-जुल कर उनके हाल चाल जानें. अक्सर उन पर ध्यान दें कि वे क्या कर रहे हैं और कैसा महसूस कर रहे हैं.
- बेहतर इलाज के लिए उन्हें किसी मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट या डॉक्टर के पास ले जाएं. रांची के रिनपास में इनके मुफ्त इलाज की व्यवस्था है. आवश्यकता पड़ने पर रिनपास के हेल्पलाइन पर संपर्क करें- हेल्पलाइन नंबर : 94711 36697.

# जब निकलने लगे आपके-नन्हे-मुन्नों के दांत



**डॉ आकांक्षा चौधरी**
एमडीएस (मसूढ़ों एवं इंप्लांट सर्जरी विशेषज्ञ)

**नन्हे-मुन्नों का दांत निकलना खुशियों भरा मौका होता है. लेकिन कई तरह की परेशानियां भी इस समय उभरती हैं. जैसे कि बच्चों को फीवर व डायरिया होने की समस्या. डेंटिस्ट मानते हैं कि थोड़ा सजग रह कर और हाइजिन का ख्याल रखकर ऐसी ज्यादातर समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है. जन्म के शुरुआती एक-दो साल में बच्चों की कैसे करें देखभाल जिससे दांतों से जुड़ी समस्याओं से निजात मिल सके, बता रही हैं डॉ आकांक्षा चौधरी...**



बच्चों के मुख की सफाई का रखिए. यदि बोतल या गिलास से दूध पीता है तो हर बार दूध पीने के बाद उसे कुल्ला कराएं. यदि उम्र बहुत छोटी है तो दूध पिलाने के बाद गीली रूई को हाथों में लपेट कर मुंह की सफाई करें. पर ध्यान रखें कि रुई के रेशे मुंह में न रहे. रुई की जगह आप साफ पतले सूती कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

बच्चों को दांत निकलते वक्त मसूढ़ों में खुजली होती है. इसलिए उसे सेब, गाजर जैसे सख्त फलों के टुकड़े चबाने के लिए दें. ध्यान रखें कि टुकड़े बड़े हों, छोटे टुकड़े बच्चों द्वारा निगल लेने की आशंका बनी रहती है. दांत निकलने समय बच्चे अक्सर दीवार चाटने, मिट्टी खाने आदि की कोशिश करते हैं. यह मिथक है कि ऐसा करने से आगे चलकर बच्चों के दांत मजबूत होते हैं. जबकि वास्तविकता यह है कि इससे बच्चों में इंफेक्शन हो जाता है. दांत निकलने के दौर में जो बच्चे बार–बार डायरिया, फीवर, आदि के शिकार होते हैं, उसके पीछे यही कारण है.

बोतल से जब बच्चा खुद दूध पीने लगता है तो अक्सर मां या अन्य पालक उसके हाथों में बोतल थमा कर 20-20 मिनट तक के लिए छोड़ देती है. बच्चा खुद ही दूध पीकर बोतल फेंक देता है. इस आदत के बच्चों में रैमपैट कैरीज जिसे नर्सिंग बोतल कैरीज भी कहते हैं, हो जाता है. इसलिए जब भी बोतल थमाएं, 4-5 मिनट बाद जब वह दूध पी ले, तभी हटा दें. फिर दांतों की सफाइ भी कर लें. यदि रैमपैट कैरीज के कारण बच्चे के दांतों पर भूरे धब्बे से नजर आ रहे हैं तो डेंटिस्ट के पास ले जाएं.

कई बार बच्चा दांत के साथ ही जन्म लेता है. यदि ऐसा है तो घबराने वाली कोई बात नहीं है. कई बार यह आनुवंशिक भी होता है. यदि इन दांतों की वजह से मां को बच्चों को फीड कराने में दिक्कत आती है या बच्चे मसूढ़े या जबड़े को चोट पहुंचती है तो इन्हें निकाला जा सकता है. कई बार डेंटिस्ट से बस दांतों को हल्का घिस कर नुकीलापन खत्म करा देने से भी बात बन जाती है. इसमें महज पांच मिनट समय लगता है और बच्चे को भी अधिक तकलीफ नहीं होती है.

बच्चा जब अपना पहला साल पूरा करे तो एक बार डेंटिस्ट के पास ले जाकर रेग्युलर चेकअप जरूर कराएं. इससे जांच हो जाती है कि दांत सही तरीके से निकल रहे हैं, या नहीं. दांत कहीं टेढ़े-मेढ़े तो नहीं निकल रहे. दांतों के बीच गैपिंग की समस्या तो नहीं. इस जांच से इन समस्याओं का समय रहते निदान संभव है. छोटी उम्र से डेंटिस्ट के पास आप बच्चे को ले जाते हैं तो वे खुद भी अपने दांतों के प्रति सजग रहना सीखते हैं.

छह-सात महीने की उम्र में जब पहली बार दांत निकलता है तभी से उनके दांतों की ब्रश से सफाई करें. बाजार में इस उम्र के बच्चों के लिए बेहद खास और मुलायम ब्रश आते हैं. इससे दांतों के बाहरी और भीतरी हिस्सों को हल्के से रगड़कर साफ करें. ब्रश पर सरसों के दाने बराबर टूथपेस्ट लगाएं.

बाजार में प्लास्टिक पेसिफायर भी मिलते हैं जो बच्चों को दांत निकलते समय चबाने के लिए दिए जाते हैं. इनमें कई मिठास भरे भी होते हैं. इनका इस्तेमाल कभी नहीं करें. जो बिना मिठास वाले भी हों, वे किसी विश्वसनीय कंपनी के हों, रंग नहीं छूटते हों, उनमें शीशे नहीं हों, इन सब बातों का ध्यान रखें.

# न ज्यादा मोटापा भला न ज्यादा दुबलापन



**डॉ रजनी शर्मा**
होम्योपैथ बायोकेमिक कंसल्टेंट
डीएमबीएस, बीएमबीएस

**वर्तमान समय में व्यक्ति की जीवनचर्या ऐसी हो गई है कि हरेक व्यक्ति किसी न किसी रोग से पीड़ित है. कोई मोटापे का शिकार है तो कोई दुबलेपन का शिकार है. इसमें खानपान रहन-सहन का असर होने के साथ-साथ वातावरण तथा वंशानुक्रम का भी असर पड़ता है. आइए आज बात करते हैं अतिशय मोटापा और अतिशय दुबलापन के कारण व इसके निदान के बारे में.**



**▪ मोटापा**

मोटापा आज के समय में भयंकर रूप में लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है. अत्यधिक वसा युक्त भोजन लेने से तथा शारीरिक मेहनत नहीं करने के कारण शरीर में जमा होने वाली चर्बी को ही मोटापा कहा जाता है. शरीर के विभिन्न भागों पर जैसे पेट, गर्दन, जांघ, कमर ,छाती, पीठ, बाजू इत्यादि स्थानों पर चर्बी का जमाव हो जाता है. कई बार वह स्थान चर्बी से भारी हो कर लटक जाता है.

**▪ इन बीमारियों की आशंका**

मोटापे से ग्रसित व्यक्ति को कई प्रकार की बीमारियां घेर लेती हैं जिसमें थायराइड, ह्रदय रोग, जोड़ों के दर्द, मधुमेह, फेफड़े संबंधी रोग, प्रजनन संबंधी रोग, मूत्र तंत्र संबंधी रोग, जिगर के रोग, कोलेस्ट्रोल का बढ़ना तथा तनाव आदि शामिल हैं.

**▪ ये पांच इन और आउट**

मोटापे से निजात पाने के लिए संतुलित भोजन करना चाहिए. अपने आहार तथा जीवन शैली में से पांच चीज निकालनी चाहिए तथा पांच मुख्य चीजों को जोड़नी चाहिए. आहार शैली में जो पांच चीज निकालने योग्य हैं उनमें चीनी, मैदा, चावल, आलू तथा रिफाइंड तेल मुख्य रूप से हैं. जिन पांच चीजों को आहार शैली में जोड़ना चाहिए उनमें मुख्य रूप से हरी पत्तेदार साग-सब्जियां, अंकुरित अनाज, फल तथा ड्राई फ्रूट्स, दुग्ध पदार्थ, विभिन्न प्रकार के बीज जिन से शरीर में ऊर्जा का स्तोत्र बना रहता है तथा वसा का स्तर कम होता हो. भोजन की शैली में परिवर्तन लाने के साथ-साथ प्रतिदिन योग व्यायाम तथा तेज कदमों से चलना दौड़ना इत्यादि शामिल करना चाहिए. तैलीय भोज्य पदार्थों से बिल्कुल परहेज करना चाहिए तथा प्रतिदिन तीन से चार लीटर पानी पीना चाहिए.

**▪ ये दवाएं कारगर**

मोटापे को दूर भगाने में होम्योपैथी दवाओं में मुख्य रूप से फाइटोलेक्का बेरी, कैलकेरिया कार्ब, फ्यूकस वर्सीकुलोसस, थाइरॉयडिनम, ग्रैफाइटिस, कैलकेरिया आर्स, अमोनियम ब्रोम, एन्टिम क्रुड आदि दवाएं मोटापे के लिए कारगर हैं.

**▪ दुबलापन**

कई व्यक्तियों में दुबलापन की समस्या काफी गंभीरता से देखी जाती है. उसके शरीर में पोषक तत्व की कमी हो जाती है. प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स इत्यादि की कमी और मेटाबोलिज्म लेवल के कम होने से व्यक्ति दुबलापन का शिकार हो जाता है. यह वंशानुगत तथा वातावरण के आधार पर भी होता है. कई बार किसी बड़ी बीमारी के कारण भी कमजोरी उत्पन्न हो जाती है. दुबलेपन के शिकार व्यक्ति को प्रोटीन, कैल्शियम इत्यादि के विभिन्न प्राकृतिक स्रोत जैसे साग-सब्जी, ड्राई फ्रूट्स, फल तथा हाई कैलोरी के भोजन को ग्रहण करना चाहिए.



**▪ ये दवाएं कारगर**

होम्योपैथ की दवाओं में मुख्य रूप से चायना सिनकोना, अल्फा अल्फा, जिंगसिंग, जेल्सीमियम, कैल्केरिया फॉस, सोराइनम, आर्स आयोडीन, कार्बो वेज सेलेनियम, पिकरिक एसिड, फास्फोरिक एसिड, अर्जेंटम मेटैलिकम, मैग्नेशिया कार्ब, हैलोनियास, नक्स वोमिका, कैलकेरिया हाइपोफॉस, स्कुटेल्लेरिया आदि दवाएं कमजोरी तथा दुबलेपन के लिए कारगर हैं.

बायोकेमिक की दवाओं में मुख्य रूप से कैल्केरिया फॉस, कैलकेरिया फ्लोर, नेट्रम म्यूर, काली फॉस, मैग्निशियम फास्फोरिकम आदि महत्वपूर्ण दवाएं दी जाती है. एनीमिया होने पर बायोकेमिक कांबिनेशन एक दिया जाता है. जनरल टॉनिक के रूप में बायोकेमिक कांबिनेशन 27 तथा 28 दिया जाता है. सभी दवाएं कृपया कुशल चिकित्सक की देखरेख में लें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

# टी-20 वर्ल्ड: सुपर-8 के पहले मैच में द.अफ्रीका ने अमेरिका को हराया

एजेंसी। नॉर्थ साउंड



- 19वें ओवर में रबाडा ने पलटी बाजी
- डिकॉक ने लगाया अर्धशतक

**स्कोर बोर्ड**

| | | |
|---|---|---|
| द अफ्रीका | : | 194/4 |
| अमेरिका | : | 176/6 |

पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही नौसिखिया खिलाड़ियों से सजी अमेरिकी टीम ने एकबार फिर साबित कर दिया कि उन्हें हल्के में मत लेना. सुपर-8 राउंड का पहला मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सह मेजबान यूएसए और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया. टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीकी टीम ने स्कोरबोर्ड पर चार विकेट खोकर 194 रन टांगे. इस विशाल लक्ष्य के जवाब में अमेरिका ने दमदार शुरुआत की. पहली गेंद से अटैक किया. एक वक्त तो ऐसा लग रहा था कि यूएसए मैच जीतकर उलटफेर भी कर सकता है. आखिरी दो ओवर में जीत के लिए सिर्फ 28 रन चाहिए थे. एंड्रीज गौस (47 गेंद में 80 रन) छक्के-चौके उड़ा रहे थे. हरमीत सिंह (22 गेंद में 38 रन) भी सेट हो चुके थे, लेकिन कागिसो रबाडा के 19वें ओवर ने साउथ अफ्रीका की इज्जत बचा ली. उन्होंने सिर्फ दो रन देते हुए हरमीत सिंह का विकेट लेकर मैच अमेरिका से दूर छीन लिया. एंड्रीज गौस और हरमीत सिंह के बीच 91 रन की साझेदारी हुई.

**लड़कर हारा अमेरिका :** अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया, जिन्हें कगिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया. गौस एक छोर पर टिके थे. नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोन्स खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने. एनरिच नॉर्ट्जे (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया. शायन जहांगीर (03) के आउट होने के बाद गौस और हरमीत सिंह (38 रन, 22 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) मिलकर अच्छा खेल रहे, जिससे उम्मीद बंधी हुई थी. रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका. इससे इन दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 43 गेंद में 91 रन की साझेदारी खत्म हुई. यह अमेरिका की टूर्नामेंट में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है. इससे पहले सौरभ नेत्रवलकर ने चार ओवर में 12 बॉल डॉट फेंकते हुए सिर्फ 21 रन खर्च करते हुए दो अहम विकेट झटके.

**डिकॉक का धमाकेदार अर्धशतक :** इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्करम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा. शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली. अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभाई.

## ब्रीफ खबरें

### पेरिस ओलंपिक खेलेंगे जोकोविच



**लंदन।** सर्बियाई ओलंपिक समिति ने पुष्टि की है कि नोवाक जोकोविच आगामी पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे. फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल से पहले घुटने की सर्जरी के कारण पीछे हटने वाले जोकोविच ने उम्मीद जताई कि वह जल्दी प्रतिस्पर्धा में लौटेंगे. सर्बियाई समिति ने कहा कि जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक खेलने की पुष्टि की है जो उनका पांचवां ओलंपिक होगा. जोकोविच ने कहा कि उनके दाहिने घुटने की सर्जरी सफल रही है. पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी.

### अल्काराज ने पहले दौर में जीत दर्ज की



**लंदन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्वींस क्लब में पहले मैच में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6.1, 7.5 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र का जीत के साथ आगाज किया जबकि एंडी मर्रे ने टूर स्तर पर 1000वां मैच जीता. फ्रेंच ओपन खिताब विजेता अल्काराज का ग्रासकोर्ट पर जीत का अभियान 13 मैचों का हो गया है. उन्होंने पिछले साल क्वींस क्लब खिताब जीतने के बाद विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया. अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा.

### बांग्लादेश के गेंदबाज तंजीम पर जुर्माना

**दुबई ।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब पर टी20 विश्व कप ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच में नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल से झड़प के बाद 'अनुचित शारीरिक संपर्क' के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. यह घटना नेपाल की पारी के तीसरे ओवर की है जब तंजीम गेंद डालने के बाद आक्रामक अंदाज में पौडेल की तरफ बढ़े और अनुचित रूप से शारीरिक संपर्क भी किया. तंजीम ने मैच में सात रन देकर चार विकेट लिये और बांग्लादेश को 21 रन से जीत दिलाई. उन्होंने हालांकि आईसीसी आचार संहिता की धारा 2 . 12 का उल्लंघन किया.

## टी20 विश्व कप: सुपर-8 के पहले मुकाबले में उतरेगी टीम इंडिया

# अफगानिस्तान के विरुद्ध कोहली और कुलदीप पर रहेंगी नजरें

भाषा। ब्रिजटाउन (बारबडोस)



भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में उतरेगी तो नजरें काफी समय से खामोश पड़े विराट कोहली के बल्ले पर होगी, जबकि बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव भी अंतिम एकादश में जगह बनाने को बेताब होंगे. भारतीय टीम संयोजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है. भारत ग्रुप चरण की टीम में कोई बदलाव नहीं करेगा या किसी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की जगह पिछले एक साल से अधिक समय से अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को टीम में जगह देगा.

टूर्नामेंट की शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार हरफनमौलाओं (हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा) को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था. न्यूयॉर्क में गेंदबाजों की मददगार पिच पर यह रणनीति भारत के लिए कारगर भी साबित हुई. इससे आठवें नंबर तक बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और कप्तान इस संयोजन में छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे. कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा. ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है.

भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप का दावा पुख्ता होता है. केनसिंग्टन ओवल के आसपास ठंडी हवाओं से पावरप्ले में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलना चाहिए. भारतीय प्रशंसकों की नजरें कोहली पर लगी होंगी, जो अभी तक इस टूर्नामेंट में दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं. न्यूयॉर्क में वह अपनी चिर परिचित शैली से कामयाब नहीं रहे लेकिन वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में शामिल किये गए दुबे अभी तक अपनी रंगत में एक ही बार दिखे हैं. अमेरिका की पिचों पर वह खुलकर नहीं खेल सके लेकिन अब वह बड़े शॉट खेलना चाहेंगे. भारत के स्टार टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ अपने अंदाज के विपरीत खेलकर रन बनाये.

वहीं गेंदबाजी में कमाल कर रहे हार्दिक पंड्या भी रन नहीं बना सके हैं. गेंदबाजी में अर्शदीप के प्रदर्शन में मैच दर मैच निखार आया है और वह जसप्रीत बुमराह का बखूबी साथ दे रहे हैं. स्पिनरों की मददगार पिच पर अक्षर और जडेजा भी उपयोगी साबित होंगे.

दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से हारकर यहां पहुंची है. पहले तीन मैचों में निर्णायक साबित हुए उसके गेंदबाजों को वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने उन्नीस साबित कर दिया. कप्तान राशिद खान की उम्मीदें बायें हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर टिकी होंगी जो अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 विकेट ले चुके हैं. बल्लेबाजों में फॉर्म में चल रहे रहमानुल्लाह गुरबाह और इब्राहिम जदरान से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी.

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक.

**मैच का समय : रात आठ बजे से.**

## गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला होगा

# आज का मैच : सुपर-8 मुकाबले में जीत की लय कायम रखने उतरेगा वेस्टइंडीज

एजेंसी। ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)



शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी. इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी20 विश्व कप जीत चुके हैं. वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है, जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी. ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है. दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया. एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी.

कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड को कोई संदेश नहीं देना था. उन्हें बस इतना बताना था कि वह अच्छा खेल रहे हैं तो हम भी कुछ कम नहीं हैं. यह शानदार मैच होगा. वेस्टइंडीज की टीम ने एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है. जरूरत पड़ने पर उसके बल्लेबाज चले हैं, फिर चाहे शेन रदरफोर्ड हो या निकोलस पूरन. इसी तरह गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी किया है. सपाट पिचें और छोटी सीमारेखा होने से मैदान बल्लेबाजों की ऐशगाह साबित हुए हैं और यहां खूब रन बने हैं. इंग्लैंड के दमदार बल्लेबाजी क्रम के सामने वेस्टइंडीज का भरोसा अकील हुसैन और गुडाकेश मोती जैसे स्पिनरों पर होगा. पिच भले ही बल्लेबाजों की मददगार हो लेकिन तेज गेंदबाजों को भी अतिरिक्त उछाल मिलेगा और ऐसे में मध्यम तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय की भूमिका अहम होगी. इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड भी इसका फायदा उठाना चाहेंगे.

**टीमें**

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड.

**वेस्टइंडीज:** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड.

**मैच का समय : सुबह छह बजे से.**

# विराट महानतम बल्लेबाजों में से एक हैं : वेसले हॉल

भाषा। ब्रिजटाउन



वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज वेसले हॉल ने इतने सालों में कई बेहतरीन बल्लेबाजों को देखा है, लेकिन उनकी नजर में भारतीय सुपरस्टार क्रिकेटर विराट कोहली सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है. बारबडोस के 86 वर्ष के पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि आधुनिक दौर में कैरेबियाई क्रिकेटरों से फ्रेंचाइजी क्रिकेट का लाखों डॉलर का अनुबंध ठुकराने की उम्मीद नहीं की जा सकती लेकिन इससे क्षेत्र में टेस्ट क्रिकेट पर विपरीत असर पड़ रहा है. अपने 16 साल के कैरियर में 48 टेस्ट खेलने वाले हॉल ने यहां भारतीय टीम के सदस्यों से मुलाकात की और अपनी आत्मकथा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कोहली को भेंट की. उन्होंने कोहली से कहा , आप यहां अभ्यास करने आये हैं और आपकी मुलाकात एक बूढ़े.से हो गई. मैंने कई महान खिलाड़ी देखें हैं और आप उनमें से एक हो.

# महिला क्रिकेट के ऐतिहासिक मैच में चार शतक और 646 रन बने

एजेंसी। बेंगलुरू

**भारत ने द. अफ्रीका को चार रन से हराया**



- भारत की दमदार जीत, सीरीज किया अपने नाम!
- द. अफ्रीका ने भी भारतीय टीम को दी कड़ी टक्कर
- भारत की मंधाना व हरमनप्रीत कौर ने जड़ा शतक

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| भारत: | 325/3 |
| द.अफ्रीका: | 321/6 |


स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक से भारत ने बड़े स्कोर वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को चार रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली. भारत के 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम कप्तान लॉरा वोलवार्ट (135 रन, 135 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और मारिजेन कैप (114 रन, 94 गेंद, 11 चौके, तीन छक्के) के बीच चौथे विकेट की 184 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी. वोलवार्ट ने अंत में नेदिन डि क्लर्क (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 गेंद में 69 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं. भारत की तरफ से पूजा वस्त्राकर ने 54 जबकि दीप्ति शर्मा ने 56 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए. भारत ने इससे पहले मंधाना (136) और हरमनप्रीत (नाबाद 103) के शतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 171 रन की साझेदारी से तीन विकेट पर 325 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. यह पहला महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है जिसमें चार शतक जड़े गए. मंधाना ने अपने लगातार दूसरे और कुल सातवें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के दौरान 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के मारे. हरमनप्रीत अपने छठे शतक के दौरान 88 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और तीन छक्के जड़े.लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने चौथे ओवर में ही टैजमिन ब्रिट्स (05) का विकेट गंवा दिया जिन्हें अरुंधति रेड्डी ने बोल्ड किया. सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट और एनेके बॉश (18) ने टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया. बॉश 15 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहीं जब दीप्ति की गेंद पर आशा शोभना ने उनका कैच टपका दिया. बॉश हालांकि इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सकीं और दीप्ति की ही गेंद पर जेमिमा रोड्रिग्ज को आसान कैच दे बैठीं.

**मंधाना ने सुने लूस का विकेट लिया :** मंधाना ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से सुने लूस (12) को दूसरी ही गेंद पर विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच कराया. यह मंधाना का पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट है. वोलवार्ट और मारिजेन की अनुभवी जोड़ी ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया. मारिजेन शुरू से ही अच्छी लय में नजर आई और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट खेले जिसमें मंधाना पर जड़ा छक्का भी शामिल है. दोनों ने 21वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया.

## यूरो 2024 | मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा

# चेक गणराज्य को हराकर पुर्तगाल ने जीत के साथ आगाज किया

एजेंसी। लीपजिग



स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2.1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया. मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा. चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा. इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया. इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैम्पियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था. छह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके. वह पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं. ग्रुप एफ के अन्य मैच में तुर्की ने जॉर्जिया को 3.1 से हराया.

# एफसी बार्सीलोना ने भारत में अपनी फुटबॉल अकादमियां बंद की

भाषा। नयी दिल्ली

मशहूर फुटबॉल क्लब एफसी बार्सीलोना ने 14 साल बाद भारत में अपनी सारी अकादमियां बंद करने का फैसला किया है. क्लब ने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया. 'ला मासिया' (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुर सिखाने के लिए दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई , बेंगलुरु और पुणे में ये अकादमियां शुरू की गई थीं, जो एक जुलाई से बंद हो जायेंगी. क्लब ने एक बयान में कहा , एफसी बार्सीलोना ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और पुणे में परिवारों को सूचित कर दिया है कि एक जुलाई 2024 से अकादमियां बंद हो रही है. बार्सीलोना ने भारत में 2010 में पदार्पण किया और तब से हजारों बच्चे क्लब की शैली में फुटबॉल खेलना सीखे हैं. लियोनेल मेस्सी, आंद्रेस इनिएस्ता, सर्जियो बस्केत और गेरार्ड पीक जैसे दिग्गजों ने बार्सीलोना की अकादमियों से ही कैरियर का आगाज किया था.

## पावो नुरमी खेलों में जीता स्वर्ण पदक

# ओलंपिक के बाद डॉक्टरी सलाह लेंगे नीरज

भाषा। तुर्कु (फिनलैंड)



ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह लेंगे. एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया. चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे. उन्होंने जीत के बाद कहा,आज मौसम अच्छा था और थोड़ी ठंडक थी. अब मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं क्योंकि सभी छह थ्रो फेंक सका.

उन्होंने कहा, हर साल मुझे एडक्टर में दिक्कत होती है. ओलंपिक के बाद मैं डॉक्टरों से राय लूंगा. पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के दावेदार चोपड़ा ने दो साल पहले इस टूर्नामेंट में 89.30 मीटर के साथ रजत पदक जीता था. उन्होंने सत्र की शुरुआत मई में दोहा डाइमंड लीग में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर की. उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी भाग लेकर 82.27 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता. अब वह सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे. पंचकूला में 27 जून से होने वाली राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स में वह नहीं खेलेंगे. वह यूरोप में कोच क्लाउस बर्तोनीज और फिजियो ईशान मारवाहा के साथ तीन अलग अलग स्थानों पर अभ्यास करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### आपराधिक घटनाओं को रोकें : पप्पू यादव

**पूर्णिया ।** पूर्णिया के अर्जुन भवन में सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव ने कहा कि आपराधिक घटनाओं को शहर में रोकना आवश्यक है. आम आवाम तभी शांति से रह सकेंगे जब अपराध की घटना नहीं हो. उन्होंने कहा कि पूर्णिया में एक व्यवसायी की फिरौती देकर हत्या का जो मामला सामने आया है. उसकी हम एसआईटी से जांच की मांग करते हैं. इसमें जो भी विधायक अथवा मंत्री शामिल हैं.

### मामूली विवाद में मारपीट, चली गोली

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी मंसिघा पंचायत के लक्ष्मीपुर नयका टोला मामूली विवाद में एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के साथ मारपीट और गोली चलायी गई. जिसमें एक अधेड़ के नाक को चीरती हुई गोली निकल गई. मारपीट में दो अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है. घटना मंगलवार देर रात की है जब सड़क के किनारे गांव का एक लड़का मो.कासिम खड़ा था. तभी गांव का शाहिद आलम ट्रैक्टर लेकर जा रहा था जिसका पहिया कासिम के पैर पर चढ़ गया जिससे उसको मामूली सी चोट आयी. जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और लोगों ने समझा-बुझा कर खत्म करने का प्रयास किया.

### लू लगने से हो गयी महिला की मौत

**गोपालगंज ।** गोपालगंज जिले के विशंभरपुर थाना क्षेत्र के टोला सिपाया गांव के पास एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई. वहीं परिजनों ने लू लगने से मौत होने की आशंका जाहिर की है. फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है. मृतका की पहचान टोला सिपाया गांव निवासी विजय नाथ दुबे की 50 वर्षीय पत्नी लालझरी देवी के रूप में की गई. दरअसल, इस संदर्भ में बताया जाता है कि मृतका सोमवार को बलुअन बाजार कुछ समान खरीदने गई थी. इसी बीच वह सड़क पर गिर गई. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## मधुबनी में छेड़खानी का विरोध करना पड़ा महंगा

# युवती के पिता सहित दो लोगों को मारी गोली, एक युवक की मौत

**संवाददाता । मधुबनी**

मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के देउरी गांव में मंगलवार की देर रात में बदमाशों ने छेड़खानी का विरोध करने पर युवती के पिता सहित दो को गोली मार दी. इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि युवती के पिता को गोली लगने से वह घायल हो गए. घायल की गंभीर स्थिति को देख उसे चिकित्सकों ने डीएमसीएच रेफर कर दिया.

वहीं, मृतक की पहचान गांव के ही 24 वर्षीय मोहम्मद जाहिर खान के रूप में की गई है. बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के देउरी गांव में मंगलवार रात करीब 8 बजे दो लोगों की गोली मार दी गई. मृतक के भाई ने बताया कि घर के दरवाजे पर बैठी युवती की छेड़खानी का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पिता और सड़क पर घूम रहे ग्रामीण को गोली मार दी. घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया. ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से घायल को बेनीपट्टी अनुमंडल हॉस्पिटल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने उसके गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया.

घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित घायल दूसरा व्यक्ति लड़की का पिता है. मृतक का नाम मोहम्मद जाहिर खान बताया गया है जो किसी काम की तलाश में था. जबकि गोली चलाने वाले युवक की पहचान गिरधारी झा के रूप में की गई है. घटना की सूचना पाकर बेनीपट्टी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर हॉस्पिटल भेज दिया. घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. वहीं, गांव में इस प्रकार की घटना होने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है.

### नवादा में जदयू नेता की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग, भाई घायल

**नवादा ।** नवादा में एक बार फिर बुधवार को बैखौफ बदमाशों ने जदयू नेता पर ताबड़तोड़ फायरिंग की है. इसी दौरान मुखिया के भाई को एक गोली लगने की बात सामने आई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पूरा मामला नारदीगंज थाना क्षेत्र के दलालपुर गांव के ईटा भट्ठा के पास का है, जहां बदमाशों ने जेडीयू नेता के भाई को गोली मारकर घायल किया गया है. जख्मी युवक की पहचान राजबली पासवान के रूप में की गई है. गोली लगने के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पावापुरी के मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है. मुखिया रणविजय पासवान बताते हैं कि मंगलवार की रात अपने गाड़ी से घर आ रहे थे इसी दौरान रास्ता में चार की संख्या में बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं गाड़ी में बैठे मुखिया व मुखिया के भाई दोनों बाल-बाल बच गए हैं, लेकिन अंत में भाई को एक गोली लग गई. उन्हें मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गोली क्यों मारी गई है, इसकी कोई जानकारी उन लोगों को नहीं है. गोलीबारी की घटना के बाद फिर से इलाका में दहशत का माहौल कायम हो गया है.



#### पहले भी हो चुकी है मुखिया की हत्या

इससे पहले 13 जून को ही जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बुधौली गांव में एक मुखिया की गोली मारकर हत्या की गई थी. इसके बाद पूरे इलाका में दहशत का माहौल कायम था और फिर से अपराधियों ने मुखिया पर फायरिंग करके इलाका में सनसनी फैला दी है. नारदीगंज थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया है कि एक युवक को गोली लगने की बात सामने आई है. अस्पताल में भर्ती कराया गया है फिलहाल मुखिया की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है. इन लोगों का पुराना जमीन विवाद भी चल रहा है.

### चर्चित सुनीता किडनी कांड में सात साल की सजा

**मुजफ्फरपुर ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार मल्ल की विशेष कोर्ट (एससी/एसटी एक्ट) ने पवन कुमार को 7 साल जेल की सजा सुनाई है. 18 हजार का जुर्माना भी लगाया है. बता दें कि जिले के बरियारपुर के सकरा थाना के तहत आने वाले गांव बाजी राउत की सुनीता की है, जिसकी दोनों किडनियां निकालकर पवन कुमार ने बेच दी थी. सुनीता की जिंदगी आज डायलिसिस के सहारे चल रही है, हालांकि वह किडनी ट्रांसप्लांट करानी चाहती है. विशेष लोक अभियोजक जयमंगल प्रसाद ने बताया कि किडनी कांड का मुख्य आरोपी डॉ. आरके सिंह फरार है. उसके विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है.

## बदमाशों ने स्कूल में घुसकर प्रधानाध्यापक को मारी गोली

**संवाददाता । नालंदा**

नालंदा के तेलहड़ा थाना इलाके के तेलहड़ा प्लस टू हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार के ऊपर बदमाशों ने स्कूल ने घुसकर फायरिंग शुरू कर दी. गोली पैर में लगी है जिसके कारण शिक्षक की जान बच गई. गोली लगने की आवाज जैसे ही गांव वालों को जानकारी मिली तो गांव वाले उस तरफ दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश फायरिंग कर फरार हो गए थे. हालांकि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों की हरकत पूरी तरह कैद हो गई है. वहीं, इस घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और प्रभारी प्रधानाध्यापक का हाल चाल जाना. अस्पताल में भर्ती कराया. घटना के संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल के बच्चे को परेशान किया जाता था. स्कूल में बच्चों की साइकिल गायब होती थी. इसको लेकर बच्चों से मारपीट भी की जाती थी. इसकी सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई थी तो बदमाशों में खौफ की जगह और मनोबल बढ़ गया. इसी को लेकर आज बदमाशों ने स्कूल में घुसकर पहले धमकी दी और फिर गोली चला दी.

## मंत्री दिलीप जायसवाल के बयान पर मचा बवाल, बोले-

# अवैध हथियार वालों को गोली मार दी जाएगी

**संवाददाता । पटना**

दिलीप जायसवाल ने पूर्णिया में कहा कि अवैध हथियार लेकर चलने वालों को सीधे गोली मार दी जाएगी. बिहार सरकार के कैबिनेट ने फैसला लिया है कि एक एसआईटी का गठन किया गया है. जिसमें पुलिस को ऐसे अपराधियों को गोली मारने का आदेश दिया गया है. बता दें कि रुपौली विधान सभा क्षेत्र में नामांकन होना है. जदयू के उम्मीदवार के नामांकन के बाद हुई सभा में मंत्री ने खुले मंच से यह बयान दिया. वहीं, जदयू ने इस बयान से किनारा किया तो भाजपा बचाव उतरी. जदयू प्रवक्ता एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि जदयू इस



बयान से इत्तेफाक नहीं रखती है. पुलिस को सक्षम अधिकार एसआईटी गठन कर स्पीड ट्रायल चला कर बड़े-बड़े क्रिमिनल को जेल भेज चुके हैं. बिहार में कानून का राज है और कानून का सम्मान होना चाहिए. कानूनी प्रक्रिया के तहत अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए. बिहार में योगी मॉडल लागू नहीं है. हम चाहते हैं कानून के राज के तहत न्याय हो. पहले पांच हजार के लिए किडनैपिंग होती थी. अब ऐसा होता है क्या?

#### कैबिनेट से पास है

वहीं, बीजेपी से मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि उनके कहने का मतलब जीरो टॉलरेंस की नीति से सरकार काम करेगी. जो भी अपराधी है उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा. जोश जोश में यह बातें दिलीप जायसवाल ने कही है. एसआईटी का गठन कैबिनेट में मोहर लगी है. मॉडल की कोई बात नहीं है. मॉडल बीजेपी सरकारों की रही है.

## लालू ने बीमा भारती पर फिर जताया भरोसा

# रुपौली विस से लड़ेंगी चुनाव

**संवाददाता । पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने फिर से बीमा भारती को अपनी पार्टी का सिंबल दिया है. लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत जब्त करवा चुकीं बीमा भारती फिर से विधानसभा उपचुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगीं. टिकट लेने के लिए बीमा भारती मंगलवार को राबड़ी आवास पर गईं थी. वहां उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी से मुलाकात की थी. 2020 में उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता था. इस बार जदयू ने कलाधर मंडल को टिकट दिया है. भारत निर्वाचन आयोग ने रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है. 10 जुलाई को वहां मतदान होगा. भारत निर्वाचन आयोग की ओर से रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 14 जून को अधिसूचना जारी की जाएगी. 21 जून नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है. जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी. 26 जून तक नाम वापस लिए जाएंगे. 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 13 जुलाई को मतगणना होगी.

### लखीसराय में वर्षों से फरार नक्सली रिंकी कोड़ा गिरफ्तार

**लखीसराय ।** लखीसराय जिले के कजरा व बन्नू बगीचा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित इलाकों में एएसपी अभियान मोती लाल के नेतृत्व में चलाये गये नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बुधवार की सुबह एक महिला नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार किया जो हार्डकोर नक्सली अर्जुन कोड़ा व बालेश्वर कोड़ा की सहयोगी रही है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि सघन छापेमारी अभियान के दौरान यह सफलता मिली है.



**रेलवे ट्रैक पर फंसी स्कूल बस**

**नवादा ।** नवादा में बुधवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से बच गया और स्थानीय लोगों की समझदारी से कई बच्चे बाल-बाल बच गए. दरअसल अवैध फाटक पार करने के क्रम में एक स्कूल बस रेलवे लाइन पर फंस गई है. जिसके बाद वहां काफी अफरा-तफरी मच गई. बताया जाता है कि स्कूल बस फंसे होने के दौरान सामने से अचानक ट्रेन आ गई. जिसे देखकर लोग डर गए और फिर किसी तरह स्थानीय लोगों ने ट्रेन को काफी दूर तक खड़ा होकर तौलिया व गमछा दिखाकर रुकवाने की कोशिश की और फिर ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक मारकर ट्रेन को रोक दिया. ट्रेन क्यूल से गया जा रही थी, इसी दौरान नरहट प्रखंड के चातर गांव के पास या घटना होने से टल गई.

### शराब माफियाओं ने किया पुलिस पर हमला पांच जवान घायल

**बांका ।** बांका जिले के फूलीडूमर थाना क्षेत्र के भितिया स्थित गोरायडीह गांव में जहां शराब माफिया को गिरफ्तार करने गयी पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला किया है. इस हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गये. इतना ही नहीं शराब माफिया ने वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. घायलों में एसआई गौरी शंकर, सिपाही शिल्पा कुमारी, आरती, चंदन कुमार और उत्पाद विभाग का वाहन चालक शामिल हैं. सभी को बांका सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि वाहन चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया.

## कारोबार

### जैक्सन ग्रीन को संयंत्र लगाने का मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** नवीन ऊर्जा अंतरण मंच जैक्सन ग्रीन को सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी से फ्लू गैस से 4जी एथनॉल का उत्पादन करने वाला संयंत्र स्थापित करने का ठेका मिला है. कंपनी के बुधवार को बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ के लारा में प्रस्तावित संयंत्र बिजली संयंत्रों से निकलने वाली फ्लू गैस से 10 टन प्रतिदिन 4जी एथनॉल का उत्पादन करेगा. बयान में कहा गया है कि वेयोलिया कार्बन क्लीन की नयी कार्बन कैप्चर तकनीक का उपयोग करते हुए यह संयंत्र फ्लू गैस से 25 टीपीडी कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करेगा.

### कोल इंडिया ने 23 बंद खदानें आवंटित कीं

**कोलकाता ।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों से कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व-भागीदारी के आधार पर निजी कंपनियों को आवंटित करने की घोषणा की है. कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3.41 करोड़ टन की है. इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63.5 करोड़ टन है. कोल इंडिया ने न्यूनतम राजस्व भागीदारी चार प्रतिशत पर तय की गई है.

### टाटा मोटर्स एक जुलाई से दाम बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली ।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है. टाटा मोटर्स ने बुधवार को बयान में कहा, कीमतों में बढ़ोतरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी. यह अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी. इस साल की शुरुआत में कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की थी. टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी है. यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का विनिर्माण करती है.

## अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को कहा

# ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगी कंपनी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा. समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी. समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है. सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है.

हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है. इसे उद्योग के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र को कॉर्बन-मुक्त करने के लिए एक संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है. क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि ऊर्जा




रित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है

बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं जो भारत को स्थानीय और वैश्विक स्तर पर बदल देंगे.


उन्होंने कहा, अगले दशक में हम ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे और अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेंगे. हमारी मूल्य श्रृंखला में पहले से प्रत्येक प्रमुख कलपुर्जे का विनिर्माण शामिल है. कोयले-से-बंदरगाह क्षेत्र में कार्यरत समूह दुनिया का सबसे कम महंगे हरित इलेक्ट्रॉन का उत्पादन करना चाहता है जो कई क्षेत्रों के लिए फीडस्टॉक का काम करेगा.

अडाणी ने कहा, और ऐसा करने के लिए हम पहले से ही कच्छ जिले (गुजरात में) के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थल नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रहे हैं. केवल इस एकल स्थान से 30 गीगावाट बिजली पैदा होगी, जिससे हमारी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2030 तक 50 गीगावाट पर पहुंच जाएगी.

अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा. उन्होंने कहा कि 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जिसके बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है. उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा.

### चेयरमैन ने बजट में ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की

**नयी दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की है. उन्होंने कहा कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जा सकेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले महीने संसद में 2024-25 का पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं. फिलहाल, बैंकों को तब कर काटना पड़ता है जब सभी बैंक शाखाओं में जमा राशि से ब्याज आय एक वर्ष में 40,000 रुपये से अधिक हो. बचत खातों के मामले में, 10,000 रुपये तक अर्जित ब्याज कर से मुक्त है. खारा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, अगर बजट में ब्याज आय पर कर के मामले में कुछ राहत दी जा सके तो यह जमाकर्ताओं के लिए एक प्रोत्साहन होगा. आखिरकार, बैंकिंग क्षेत्र देश में पूंजी निर्माण के लिए जुटाई गई जमा का उपयोग करता है. मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए एसबीआई चेयरमैन को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है.



## बीते वित्त वर्ष में भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात 3% बढ़ा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात बीते वित्त वर्ष (2023-24) में मात्रा के लिहाज से तीन प्रतिशत बढ़ गया है जबकि मूल्य के हिसाब से यह लगभग आठ प्रतिशत गिरा है. वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है. मात्रा के लिहाज से निर्यात 2023-24 के दौरान बढ़कर 17,81,602 टन हो गया है और इसकी कीमत 7.38 अरब डॉलर है. वहीं 2022-23 में यह 17,35,286 टन था और इसकी कीमत आठ अरब डॉलर थी.

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के चेयरमैन डी वी स्वामी ने कहा, भारत ने 17,81,602 टन समुद्री खाद्य



पदार्थ का निर्यात करके मात्रा के मामले में अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा दर्ज किया. हालांकि, अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे इसके प्रमुख निर्यात बाजारों में कई चुनौतियां हैं. मंत्रालय ने कहा कि 4.88 अरब डॉलर के निर्यात के साथ फ्रोजन झींगा समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे ऊपर कायम है. इसकी मात्रा में 40.19 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 66.12 प्रतिशत हिस्सेदारी थी.

### कामकाजी महिलाओं को मिलेगी 15% की छूट

**नयी दिल्ली ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस की सबसे अधिक बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट, आईप्रोटेक्ट स्मार्ट के लिए भुगतान किए जाने वाले सभी प्रीमियमों पर विशेष रूप से महिलाओं के लिए 15% की आजीवन छूट की घोषणा की. आईप्रोटेक्ट स्मार्ट, गंभीर बीमारी कैंसर सहित 34 गंभीर बीमारियों के खिलाफ कवर प्रदान करता है. कंपनी के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पल्टा ने कहा, परिवारों की भलाई के लिए हमारी परवाह करने वाले व्यक्ति के रूप में महिलाओं द्वारा किए गए बलिदान का सम्मान करते हैं. सही ग्राहक को सही उत्पाद के हमारे दृष्टिकोण के साथ, हमारा मानना है कि महिला वर्ग में आगे बढ़ने की उल्लेखनीय संभावना है.

### बीते वित्त वर्ष में भारतीय वाहन उद्योग 19% बढ़ा

**मुंबई ।** भारतीय वाहन उद्योग पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19 प्रतिशत बढ़कर 10.22 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, बहुपयोगी और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड के मजबूत प्रदर्शन से वाहन उद्योग में उछाल आया है. प्रबंधन परामर्शक कंपनी प्राइमस पार्टनर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में मात्रा के लिहाज से वाहन उद्योग का आकार 10 प्रतिशत बढ़ गया. यूवी (बहुपयोगी) और एसयूवी खंड में उल्लेखनीय बदलाव यह रहा कि पिछले वित्त वर्ष में इनकी मात्रा में 23 प्रतिशत और कीमत में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे कुल मूल्य 39 प्रतिशत बढ़ गया. रिपोर्ट में कहा गया कि इस खंड में औसत मूल्यवृद्धि कीमतों में सामान्य वृद्धि, उच्च खंड और हाइब्रिड और स्वचालित की ओर झुकाव, सनरूफ की लोकप्रियता और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग बढ़ने के कारण हुई. रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ग्राहक विभिन्न क्षेत्रों में अधिक ऊंचे एवं महंगे मॉडल को पसंद कर रहे हैं, तथा वाहनों की औसत कीमत बढ़ रही है. प्राइमस पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक अनुराग सिंह ने कहा, भारत कम कीमत वाले उत्पादों को दरकिनार करते हुए और खूबियों और ऊंची कीमत वाले वाहनों को पसंद कर रहा है.

## भारतीय शेयर बाजार — नए हाई के बाद शेयर बाजार में सपाट हुआ बंद

# सेंसेक्स 36 अंक चढ़ा, निफ्टी 23500 के पार हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंच गया. हालांकि, एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा. कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे लेकिन बाद में किसी ठोस संकेतक के अभाव में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया.

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों, पूंजीगत वस्तुओं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की गयी. वहीं बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली देखने



को मिली. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 550.49 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,851.63 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर चला गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह एक समय 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 अंक पर चला गया था.

सेंसेक्स के तीस शेयरों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे. दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाइटन, मारुति, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और पावरग्रिड शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा. अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त में रहे थे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,569.40 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.14 डॉलर प्रति बैरल पर रहा. बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 308.37 अंक चढ़कर 77,301.14 अंक तथा निफ्टी 92.30 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,557.90 अंक पर बंद हुआ थे.

## आईपीपीबी ने विदेशों से भारत में धनप्रेषण सेवा शुरू की

- साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है. आईपीपीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले व्यक्ति को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल प्रेषक को ही रिया मनी को धनप्रेषण शुल्क देना होगा. विश्वेशरन ने कहा, हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है. हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं. इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा. बायोमेट्रिक का उपयोग करके वे इस राशि को निकाल सकते हैं.

# राहुल हुए 54 साल के ! खरगे, अखिलेश और 'इंडिया' के नेताओं ने दी बधाई



एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के कुछ नेताओं ने बुधवार को राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी. राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में खरगे के साथ मिलकर अपने जन्मदिन का केक काटा. इस मौके पर प्रियंका गांधी और कई अन्य नेता मौजूद थे. खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाज़ों के प्रति आपकी सशक्त करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको दूसरों से अलग करते हैं.' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी का विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा का लोकाचार आपके सभी कार्यों में दिखाई देता है, क्योंकि आप सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने के अपने मिशन में लगे हुए हैं.' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी अपने बड़े भाई को बधाई दी और कहा कि राहुल गांधी उनके लिए दोस्त, मागदर्शक और नेता भी हैं. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं.' समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें.' द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी.

### राहुल के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने आश्रय गृहों के लिए कूलर और लोगों को संविधान की प्रति बांटी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को उनकी पार्टी की युवाओं ने आश्रय गृहों में रहने वाले जरूरतमंदों को कूलर और कई लोगों को संविधान की प्रति भेंट की. भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं ने कई ऐसे लोगों को कूलर वितरित किए जो आश्रय गृहों में जीवन बिताते हैं. इस मौके पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा, 'आज राहुल गांधी जी के जन्मदिवस पर दिल्ली में भीषण गर्मी और लू को देखते हुए शहर के आश्रय गृहों को एयर कूलर का वितरण किया गया.' उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी जी ने संविधान को बदलने का सपना देखने वालों को घुटनों पर ला दिया. ऐसे में उनके जन्मदिन पर हमने लोगों के बीच संविधान की प्रति वितरित की.'

## ब्रीफ खबरें

### पाकिस्तान में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक वरिष्ठ पत्रकार की उनके घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को खैबर जिले के लांडी कोटल शहर में निजी खबरिया चैनल 'खैबर न्यूज' के पत्रकार खलील जिबरान अपने मित्र के साथ अपने घर जा रहे थे, उसी दौरान मोटरसाइकिल से आये बदमाशों ने उनको निशाना बनाया.

### सांसद की बेटी ने सड़क किनारे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है माधुरी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को गाड़ी से कथित रूप से कुचल दिया और वहां से फरार हो गईं. उसने बताया कि गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी.

### असम में भूस्खलन से पांच लोगों की मौत

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में लगातार बारिश के बाद मंगलवार देर रात भूस्खलन में तीन नाबालिगों सहित एक ही परिवार के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि यह घटना बदरपुर पुलिस थाना क्षेत्र के गैनाचोरा गांव में हुई. उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'देर रात 12 बज कर करीब 45 मिनट पर, एक पहाड़ी पर भूस्खलन की सूचना मिली जिसमें एक घर पूरी तरह से जमींदोज हो गया.

### फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई. 41 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में फिल्म की शूटिंग शुरू की. उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उनके गले पर गहरी खरोंच दिखाई दे रही थी. रूसो ब्रदर्स के बैनर एजीबीओ स्टूडियोज और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'द ब्लफ' में प्रियंका एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी.

प्योंगयांग में पुतिन व किम के बीच करीब दो घंटे तक बैठक चली

# रूस-कोरिया का रणनीतिक साझेदारी पर हुआ समझौता

- इस कवायद को अमेरिका के खिलाफ संयुक्त मोर्चा तैयार करने के तौर पर देखा जा रहा

एजेंसी। सियोल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में एक शिखर वार्ता में समग्र रणनीतिक साझेदारी को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.. दोनों देशों के बीच इस कवायद को आर्थिक तथा सैन्य सहयोग बढ़ाने तथा अमेरिका के खिलाफ संयुक्त मोर्चा तैयार करने के तौर पर देखा जा रहा है. पुतिन की यह यात्रा हथियारों की उस व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हो रही है जिसके तहत उत्तर कोरिया यूक्रेन के साथ युद्ध के लिए आवश्यक हथियार रूस को मुहैया करा रहा है और जिसके बदले में उसे आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी मिलती है.

रूस के सरकारी मीडिया ने कहा कि पुतिन और किम के बीच बैठक करीब दो घंटे तक जारी रही, जबकि प्रारंभ में बैठक का वक्त एक घंटे निर्धारित किया गया था. उत्तर कोरियाई नेता के साथ अपनी वार्ता की शुरुआत में पुतिन ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया आर्थिक तथा सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, क्योंकि वे 'रूसी संघ के विरुद्ध अमेरिका और उसके उपग्रहों की साम्राज्यवादी आधिपत्यवादी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं.' उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रम के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं. वहीं यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण रूस भी अमेरिका और उसके पश्चिमी साझेदारों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है. पुतिन ने शिखर वार्ता से पहले दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी संबंधों की सराहना की. किम ने कहा कि मॉस्को और प्योंगयांग के बीच अब संबंध सोवियत काल से भी अधिक घनिष्ठ हो गए हैं. उन्होंने पुतिन की यात्रा को 'घनिष्ठ मित्रता' को और मजबूत करने का अवसर करार दिया.





### किम ने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान चलाने में समर्थन करने की बात कही

किम ने 'संप्रभुता, सुरक्षा हितों और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान चलाने में रूसी सरकार, सेना और लोगों को अपने देश के पूर्ण समर्थन और एकजुटता की बात कही.' हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किम किस प्रकार के समर्थन की बात कर रहे थे. किम ने 'विश्व में रणनीतिक स्थिरता और संतुलन बनाए रखने में रूस की महत्वपूर्ण भूमिका और मिशन की भी सराहना की.' शिखर वार्ता से पहले किम ने शहर के मुख्य चौक पर एक भव्य समारोह में पुतिन का स्वागत किया और विदेश मंत्री चोई सोन हुई, शीर्ष सहयोगी एवं सत्तारूढ़ पार्टी के सचिव जो योंग वोन और अपनी बहन किम यो जोंग सहित उत्तर कोरियाई नेतृत्व के प्रमुख सदस्यों का परिचय पुतिन से कराया. रूसी राष्ट्रपति के काफिले का स्वागत करने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने 'पुतिन का स्वागत है' के नारे लगाए.

### विदेश मंत्री जयशंकर कल श्रीलंका के दौरे पर जायेंगे

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर बृहस्पतिवार को श्रीलंका के दौरे पर जायेंगे. लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री बनने के बाद यह उनका पहला द्विपक्षीय विदेश दौरा होगा. विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी प्रथम नीति' की पुष्टि करती है तथा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, क्योंकि यह देश उसका 'निकटतम' समुद्री पड़ोसी है और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला दोस्त है. मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के बीच संपर्क परियोजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गति मिलेगी. जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे. दूसरे कार्यकाल में जयशंकर की यह श्रीलंका की पहली यात्रा होगी.

नीट-स्नातक में कथित अनियमितता का मामला

## कांग्रेस पार्टी राज्य मुख्यालयों पर कल विरोध प्रदर्शन करेगी

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-स्नातक में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सभी राज्य मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर छात्रों के लिए न्याय की मांग करेगी. पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी राज्य इकाई प्रमुखों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं, राज्य प्रभारियों, महासचिवों और अन्य शीर्ष पदाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि नीट परीक्षा और इसके परिणाम से जुड़ी चिंताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है. उन्होंने कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 4 जून 2024 को नीट-यूजी 2024 के परिणाम जारी किए थे. कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंकों के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के कारण नतीजों पर सवाल खड़े हो गए.' वेणुगोपाल का कहना है कि बढ़े हुए अंकों और अनियमितताओं को लेकर काफी चिंताएं हैं तथा बिना किसी तय व्यवस्था के कृपांक दिए जाने से संदेह पैदा होता है. उन्होंने कहा, 'परीक्षा कुछ परीक्षा केंद्रों में तकनीकी गड़बड़ियों, कदाचार और अनुचित साधनों से प्रभावित हुई है. बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार स्पष्ट है, जिससे भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न का पता चलता है.'



## खरगे ने बिरला व धनखड़ से महापुरुषों की प्रतिमाएं मूल स्थान पर लाने का किया आग्रह

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को अलग-अलग पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उस पुराने स्थल पर फिर से स्थापित किया जाएं जहां से हटाकर उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया है. लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को संबोधित अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को बिना किसी परामर्श के 'मनमाने ढंग से' एक अलग कोने में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है. उनका कहना है, 'मैं सबसे पहले इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि इन मूर्तियों को मनमाने ढंग से, बिना किसी परामर्श के हटाना, हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है. इसका उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि पूरे विचार-विमार्श के बाद महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां स्थापित की गई थीं.' राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने अपने पत्र में कहा कि संसद परिसर में प्रतिमाओं के स्थान का अत्यधिक मूल्य और महत्व है. संसद परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्र और मूर्तियां स्थापित करने के लिए एक समर्पित समिति है, लेकिन 2019 के बाद से समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है. विपक्षी दल अक्सर संसद परिसर के भीतर महात्मा गांधी और आंबेडकर की मूर्तियों के सामने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे हैं.



भारत में 21 लाख लोगों ने गंवाई जान

## वायु प्रदूषण से 2021 में दुनिया में 81 लाख लोगों की हुई मौत

एजेंसी। नयी दिल्ली

वायु प्रदूषण के कारण वर्ष 2021 में दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत हुई. बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत और चीन में मौत के क्रमशः 21 लाख और 23 लाख मामले दर्ज किए गए. यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' (एचईआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कारण 2021 में भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 1,69,400 बच्चों की मौत हुई. इसके साथ ही नाइजीरिया में 1,14,100 बच्चे, पाकिस्तान में 68,100, इथियोपिया में 31,100 और बांग्लादेश में 19,100 बच्चों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई. दक्षिण एशिया में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण है. इसके बाद उच्च रक्तचाप, आहार और तम्बाकू सेवन का स्थान आता है. 2021 में वायु प्रदूषण से होने वाली मौत के मामलों की संख्या किसी भी पिछले वर्ष के अनुमान से ज़्यादा रही. भारत और चीन में मौत के मामले कुल वैश्विक मामलों के 54 प्रतिशत हैं.'



## चाड की राजधानी में सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट, नौ की मौत

- धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी, 40 से ज्यादा घायल

एजेंसी। एनजमीना

चाड की राजधानी एनजमीना में एक सैन्य आयुध डिपो में विस्फोट में नौ लोगों को मौत हो गई, जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए. एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी. प्रवक्ता अब्देरमान कौलमल्लाह ने कहा कि राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का इलाज किया जा रहा है. स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट मंगलवार मध्य रात्रि से ठीक पहले शुरू हुए और 30 मिनट से अधिक समय तक चले, जिससे आस-पास की इमारतें हिल गईं. अधिकारियों और गवाहों ने बुधवार को कहा कि चाड की राजधानी में एक सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट और आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि आग बुझाने तथा घायलों के उपचार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए. पश्चिमी अफ्रीकी देश में आयुध डिपो में हुए धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी और उसके बाद आसपास के इलाकों में घने धुएं का गुबार छा गया. राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में कहा कि विस्फोट के कारण लगी आग से "जानमाल का नुकसान" हुआ है. डेबी ने कहा, "पीड़ितों की आत्मा को शांति मिले, शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना."



## एपी में राकांपा विधायकों ने पेमा खांडू सरकार को दिया समर्थन

एजेंसी। ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के तीन विधायकों ने बुधवार को पेमा खांडू के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की. इन विधायकों में - निख कामिनी, लिखा सोनी और टोको तातुंग - शामिल हैं, जिन्होंने यहां खांडू के कार्यालय में उनसे मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन पत्र सौंपा. खांडू ने उनकी प्रतिबद्धता और सहयोग के लिए उनका आभार जताया और राज्य की प्रगति को बढ़ावा देने में इस तरह के गठबंधन के महत्व को स्वीकार किया. खांडू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मैं अरुणाचल प्रदेश में भाजपा सरकार को बिना शर्त समर्थन देने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के माननीय विधायक निख कामिन जी, लिखा सोनी जी और टोको तातुंग जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं. विधायकों ने मुलाकात के दौरान अपना समर्थन पत्र सौंपा." मुख्यमंत्री ने कहा, "आपकी प्रतिबद्धता और सहयोग की हम बहुत सराहना करते हैं. हम मिलकर अरुणाचल प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेंगे."



**चिंतनीय** कंपनी ने कहा- हम ग्राहकों की सभी शिकायतों की तरह इस घटना की भी जांच कर रहे हैं

# अमेजन से मंगाए गए सामान के पार्सल में निकला सांप

- सामान की पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में चिपका हुआ था सांप
- ग्राहकों, कर्मियों व सहयोगियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : कंपनी

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक दंपति उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने अमेजन से मंगाए गए सामान के पार्सल में सांप देखा. दंपत्ति ने बताया कि सामान की पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था. संदेह है कि यह कोबरा सांप था. उन्होंने अमेजन से ऑनलाइन ऑर्डर कर 'एक्सबॉक्स कंट्रोलर' मंगाया था. सरजापुर के रहने वाले यह दंपति आईटी पेशेवर हैं. नाम जाहिर न करने के इच्छुक इस दंपत्ति ने एक वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर आया है. अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है. प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों और सहयोगियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. हम ग्राहकों को भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव देने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और उनके लिए चीजों को सही बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना हमारी प्रतिबद्धता है. हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं.'

दंपति ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अमेजन से एक 'एक्सबॉक्स कंट्रोलर' ऑर्डर किया था, लेकिन उन्हें पार्सल में से एक जिंदा सांप मिला. उन्होंने एक बयान में दावा किया, 'पार्सल की डिलीवरी करने आए व्यक्ति ने हमें सीधे सामान सौंप दिया था. इसे बाहर नहीं रखा गया था. हम सरजापुर रोड पर रहते हैं और हमने पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया. हमारे पास इसके प्रत्यक्षदर्शी भी हैं. दंपति ने कहा, 'सांप संभवतः स्पेक्टेकल्ड कोबरा (नाजा नाजा) है, जो कर्नाटक में पाया जाने वाला सबसे विषैला सांप है.' दंपति ने बताया कि सांप पार्सल को बंद करने वाले टेप से चिपका हुआ था. उन्होंने बताया कि सांप ने उनके घर या अपार्टमेंट में किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है. दंपति ने बताया कि उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि ''अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला.' उन्होंने आरोप लगाया, 'यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है.'




विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, हुड्डा पर साधा था निशाना

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधु बेटी के साथ भाजपा में शामिल

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस से इस्तीफा देने के अगले ही दिन हरियाणा की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को अपने तमाम समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया. राज्य में इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसे भाजपा के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है. यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'अब मैं भी भगवा रंग में रंग गई हूं, लेकिन यही रंग चौधरी बंसीलाल का भी रंग था.' बड़ी संख्या में भाजपा मुख्यालय पहुंचे अपने समर्थकों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा, 'हमने 20 साल पहले हरियाणा विकास पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था. आज मैं आपसे आह्वान करती हूं कि आप कांग्रेस का झंडा छोड़कर भाजपा का झंडा उठा लें और हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा की शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहें.' हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का चिर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है. किरण और उनकी बेटी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग त्यागपत्र भेजे, जिसमें उन्होंने हुड्डा पर निशाना साधा.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)